रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72600 10 ग्राम
₹93000 01 किलो
सेंसेक्स 82,133.12 +843.16
डॉलर 84.782 -0.068

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 16 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 311, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 जसप्रीत बुमराह ने कपिल देव का...

## मेदिनीनगर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों संग की बैठक

# छोटे किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पलामू जिले के अधिकारियों को छोटे किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया है। उन्होंने यहां विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि सभी लैंपस केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। मंत्री ने अधिकारियों को दो दिनों तक फील्ड में रहकर किसानों की समस्याओं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन करने को कहा। उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ही किसानों की वास्तविक स्थिति को समझा जा सकता है, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान सही दिशा में किया जा सके।मंत्री ने पलामू क्षेत्र में नीलगायों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की समस्या पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा, इस मुद्दे को लेकर जल्द ही ठोस निर्णय लिया जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिकारियों ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन मैं इसे भली-भांति समझ रही हूं। अगली बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### खास बातें

1. छोटे किसानों के हित में योजनाओं का क्रियान्वयन और लैंपस केंद्रों का होगा भौतिक सत्यापन।
2. नीलगायों से फसल की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन।
3. अधिकारियों ने नीलगायों से फसल के नुकसान की जानकारी मंत्री को नहीं दी। मंत्री ने किया असंतोष व्यक्त।
4. बीज वितरण की मॉनीटरिंग के लिए ब्लॉक स्तर पर चैन तैयार करने पर जोर।
5. मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और बाजार को व्यापक बनाने के लिए नई नीतियों पर विचार।
6. डिजिटल लैंड रजिस्ट्रेशन से पहले मैन्युअल रसीद की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर।




### डिजिटल लैंड रजिस्ट्रेशन पर सवाल

लैंड डिजिटलाइजेशन के मुद्दे पर मंत्री ने केंद्र सरकार की नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में लैंड डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया बिना पर्याप्त तैयारी के नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, कई किसानों के पास अब भी मैन्युअल रसीद नहीं है। सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार कर रही है और मैन्युअल रसीद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि लैंड डिजिटलाइजेशन के लिए खतियान की मूल प्रति कई जगहों पर उपलब्ध नहीं है, जो एक बड़ी समस्या है। इस मुद्दे को कैबिनेट में रखा जाएगा और मुख्यमंत्री के निर्णय के बाद इस पर अंतिम सहमति बनाई जाएगी।

### मत्स्य उत्पादन और नए बाजारों की नीति

शिल्पी नेहा तिर्की ने मत्स्य विभाग को फंक्शनल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल पलामू में 5,000 टन मछली का उत्पादन हो रहा है, जिसे राज्य सरकार बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही, मत्स्य बाजार को व्यापक रूप देने के लिए नई नीतियां लाने पर भी विचार किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि वह पलामू में जब भी आएंगी, मीडिया के साथ संवाद करेंगी। उन्होंने कहा, मीडिया सरकार के लिए एक आईना है। हम उनकी बताई बातों पर मनन करेंगे और योजनाओं को वास्तविकता के करीब लाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान यात्रा में उन्होंने अपने विभाग की समीक्षा कर मौजूदा समस्याओं और चुनौतियों को समझने का प्रयास किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले दौरे में इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा और समीक्षा की जाएगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की यह पहल राज्य के किसानों, पशुपालकों और सहकारी संस्थानों के लिए राहत की उम्मीद लेकर आई है। उनके निर्देशों और योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की संभावना है।

**कृषि योजनाओं और बीज वितरण की मॉनीटरिंग पर जोर** मंत्री ने बीज वितरण की व्यवस्था पर भी अपनी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर बीज वितरण की उचित मॉनीटरिंग के लिए चेन तैयार की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों तक बीज सही तरीके से पहुंचे। उन्होंने लैंपस के नए प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के साथ भी बैठक करने की बात कही, ताकि योजनाओं का उचित क्रियान्वयन हो सके।

## अब आज लोस में पेश नहीं होंगे 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दोनों विधेयक

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी दो विधेयक अब सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं किए जाएंगे। सोमवार को लोकसभा में सदन की होने वाली कार्यवाही के लिए पुनरीक्षित कार्य सूची में इन दोनों विधेयकों के पेश करने का कोई जिक्र नहीं है। बता दें कि केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सोमवार को 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दो विधेयक पेश करने वाले थे। दरअसल, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को 'एक देश एक चुनाव' से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी थी।

## ग्वालियर में बना हिंदुस्तानी क्लासिकल संगीत का विश्व रिकार्ड

**ग्वालियर (हि.स.)।** संगीतधानी ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार शाम को 546 कला साधकों द्वारा नौ वाद्ययंत्रों की मनमोहक प्रस्तुति से हिंदुस्तान क्लासिकल संगीत का विश्व रिकार्ड बनाया गया। कलाकारों ने नौ वाद्ययंत्री पर राग मल्हार, मियां की तोड़ी एवं दरबारी कान्हड़ा का समवेत वादन किया, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा मुख्यमंत्री को वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तानसेन संगीत समारोह 2024 के शुभारंभ और वृहद समवेत वाद्य यंत्र प्रस्तुति में हिंदुस्तानी क्लासिकल बैंड द्वारा बनाए गए गिनिस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में सहभागी कलाकारों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

## राजधानी रांची में बेलगाम हो रहे अपराधी

# जमीन कारोबारी की दिनदहाड़े हत्या

- अपराधियों ने घात लगा कर गोली मारी
- पुलिस विभिन एंगलों से कर रही है जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमीन मामले की हो रही जांच** रांची पुलिस ने पूरे नामकुम इलाके की घेराबंदी कर दी है और एनएच पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, ताकि अपराधियों का सुराग मिल सके। पुलिस उन लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है, जिनसे मधुसूदन राय का हाल के दिनों में जमीन या अन्य मामलों को लेकर विवाद हुआ था।




**रांची।** राजधानी रांची में अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं। रविवार की दोपहर को नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर के पास अपराधियों ने जमीन कारोबारी मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और गोली मारने वाले अपराधियों की तलाश शुरू कर दी। देर शाम तक अपराधियों की पहचान या गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिली थी। नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मधु राय नाम के जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अपराधियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के राजा उलिहातु निवासी मधुसूदन राय उर्फ मधु राय अपने घर से निकलकर स्कूटी से नामकुम के रामपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से इंतजार में बैठे बाइक सवार अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने मधुसूदन पर 12 राउंड फायरिंग की। फायरिंग में मधुसूदन की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अपराधी बाइक पर तेजी से भाग निकले।

गोलीबारी की घटना के बारे में सुनते ही नामकुम में अफरातफरी का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी अमर पांडेय और नामकुम थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जिस तरह से मधुसूदन राय की हत्या की गई, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपराधी काफी दिनों से मधुसूदन राय की रेकी कर रहे थे, शेष पेज 11 पर

## तबला वादक जाकिर हुसैन का सैन फ्रांसिस्को में निधन

**एजेंसी**



**अलविदा उस्ताद**
**जन्म :** 09 मार्च 1951
**मृत्यु :** 15 दिसंबर 2024

**मुंबई।** प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन (73) का रविवार (15 दिसंबर) को हृदय संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। हुसैन की मैनेजर निर्मला बच्चानी ने एक बयान में कहा कि उस्ताद रक्तचाप संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। इससे पहले, यह पता चला था कि जाकिर हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के चलते सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च, 1951 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। प्रख्यात तबला वादक अल्लाह रक्खा के सबसे बड़े बेटे के रूप में, वे बचपन से ही संगीत की ओर आकर्षित थे। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा मुंबई के माहिम में सेंट माइकल हाई स्कूल से पूरी की और बाद में सेंट जेवियर्स कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और संगीत व शिक्षा में अपनी नींव को और मजबूत किया। हुसैन ने कथक नृत्यांगना और शिक्षिका एंटोनिया मिनेकोला से विवाह किया। उनकी दो बेटियां अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी हैं। जाकिर हुसैन ने 'साज', 'हीट एंड डस्ट' सहित कुछ फिल्मों में भी अभिनय किया। उनकी सबसे हालिया फिल्म 'मंकी मैन' 2024 में रिलीज हुई।

उद्योगपति हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया पर जाकिर हुसैन के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, शेष पेज 11 पर

## संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा का निधन, सीएम ने किया शोक व्यक्त

**नवीन मेल डेस्क**



**देवघर।** झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और संयुक्त बिहार में मंत्री रहे कृष्णानंद झा का रविवार को देवघर में निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से बीमार थे। कृष्णानंद झा प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था देवघर पीठ के व्यवस्थापक थे और उनकी ख्याति एक शिक्षाविद के रूप में थी। वह देवघर स्थित बाबा धाम मंदिर के मुख्य ट्रस्टी भी रहे थे। उनके निधन की खबर पाकर देवघर के कई प्रमुख लोग और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उनके आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। कृष्णानंद झा के निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और मधुपुर से पूर्व विधायक, शिक्षाविद कृष्णानंद झा के निधन की दुःखद खबर मिली। कृष्णानंद सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।

## ब्रह्मपुत्र मेटेलिक प्लांट में झुलसे मजदूर की इलाज के दौरान मौत के बाद ग्रामीणों ने किया हंगामा

- विधायक ममता देवी प्लांट पहुंच प्रबंधन से बात कर दिलाई मुआवजा राशि

**नवीन मेल डेस्क**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुत्र मेटेलिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में झुलसने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत से गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को प्लांट के गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार चार दिन पहले गोला निवासी पोदो महतो प्लांट में काम कर रहा था। इसी दौरान लोहा गलाने वाले सीसीएस की आग से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान ही रविवार को उस मजदूर की मौत हो गई। इसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्लांट के गेट को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही विधायक ममता देवी प्लांट पहुंचीं और प्रबंधन के साथ उन्होंने वार्ता की। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# विनाश नहीं, विकास के लिए पहली बार दूरदर्शन



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

21 वीं सदी का विश्व सूचना तंत्र की लड़ाई का साक्षी बना हुआ है और सूचनाओं को ही हथियार के रूप में इस्तेमाल भी किया जा रहा है ।कभी रूपर्ट मर्डोक को मीडिया मुगल कहा जाता था आज भारत की संसद में हंगामा के बीच विश्व की कई सरकारों को गिराने या बनाने के लिए कथित रूप से जिम्मेदार जॉर्ज सोरोस का नाम आ रहा है ।भारत सबसे बड़ा बाजार है और इसकी विशालतम आबादी आज विश्व के लिए एक बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में देखी जाती है जिसकी उपेक्षा करना किसी व्यावसायिक कंपनी के लिए आसान नहीं है दूसरी तरफ भारत अपने स्त्रोतों से और नेतृत्व और कुशल प्रबंधन के बलबूते पांचवी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व में स्थापित होने की दौड़ में तेजी से बढ़ रहा है ।भारत को घरेलू समस्याओं में उलझा कर कमजोर करने के प्रयास सदियों से चलते रहे हैं जिसमें विश्व के प्रमुख देशों का हाथ बताया जाता है ।यह लड़ाई सामने से कहीं दिखती नहीं लेकिन इसका अनुभव किया जा सकता है ।झारखंड भी से अप्रभावित नहीं है । सूत्रों के अनुसार जय झारखंड लिखी हुई अनेक गाड़ियां माओवादी गतिविधियों वाले क्षेत्रों में बेधड़क आना-जाना करती हैं और कुछ स्वयं सेवी संगठन भी इसमें संलिप्त बताए जाते हैं जिन्हें विदेश तक से भारी भरकम राशि प्राप्त होती है ।सूत्रों का यह कहना है कि आज के दिन कई यूरोपीय देशों के पास झारखंड ,बिहार ,आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ ,मध्य प्रदेश से लेकर केरल और जम्मू कश्मीर तक की समस्याओं और प्रमुख प्रभावशाली व्यक्तियों का वह डाटा मौजूद है जो किसी भी राज्य सरकार या केंद्र सरकार के पास भी मौजूद नहीं है ।विकास के लिए इस तरह के डाटा का संग्रह किया जाता है लेकिन इस डाटा को विदेशों तक भेजने की सूचना सूत्रों के अनुसार है जिसके आधार पर सामाजिक या भावनात्मक मुद्दे उछालकर एक तीली जलाकर भी बड़ा आंदोलन खड़ा किया जा सकता है ।सूत्रों का यह भी कहना है की धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में और जंगलों तक अब लड़ाई बंदूक से नहीं विचारों से और भ्रामक जानकारी से लड़ी जाएगी ।कुछ राज्यों के चुनाव परिणाम को भी सोशल मीडिया या इसी नेटवर्क से प्रभावित किया गया ।ऊपरी तौर पर यह विकास या सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में दिखाई पड़ता है पर किसी-किसी रूप में किसी पार्टी विशेष या विशेष रूप से केंद्र सरकार और भाजपा के विरुद्ध एक नैरेटिव बनाने की सूचना है ।इसकी सच्चाई गहरी छानबीन और जांच से ही सुनिश्चित की जा सकती है ।ऐसे में नक्सली गतिविधियों और सुरक्षा बलों के बीच टकराव में बड़ी संख्या में मानव संसाधन के मारे जाने की खबरें सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ के सुकमा से आती थी वहां से एक छोटी सी लेकिन बहुत ही ऐतिहासिक खबर आई है वह है पूर्वर्ती जो छत्तीसगढ़ के दक्षिणतम छोर सुकमा के अति माओवाद प्रभावित इलाके में है आजादी के 78 साल बाद पहली बार इस गांव के लोगों ने दूरदर्शन पर देश दुनिया की खबरें धारावाहिक और स्थानीय फिल्में देखी ।नियद नेला नार पूवर्ती के बच्चे महिलाएं और बुजुर्ग दूरदर्शन के कार्यक्रमों के सामने घंटों बैठे रहे ।यह एक उदाहरण है कि हम विकास के कितने भी दावे कर लें पर गांधी जी के गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बात आज भी अधूरी है इसके पीछे योजनाओं की कमी नहीं है ।इसके पीछे निचले स्तर का भ्रष्टाचार है जिसकी मॉनिटरिंग की कोई कारगर व्यवस्था आज तक ना तो केंद्र सरकार कर पाई और ना राज्य सरकारें ।केंद्र सरकार की पहल आधार को अनिवार्य और ऑनलाइन से भ्रष्टाचार पर अंकुश अवश्य लगा है पर ऑनलाइन आवेदनों में सीमा अवधि तय नहीं है जिस कारण सरकारी कर्मचारी बहाने बना बनाकर ग्रामीण खासतौर पर दलित और जनजातीय समुदाय का शोषण करते हैं और जहां दूरदर्शन नहीं पहुंचा जहां के लोग भाषाओं की लड़ाई में हिंदी तक ठीक से बोल नहीं पाते हो वहां से शिकायतें आएंगी भी कैसे ? झारखंड के दूर दराज के इलाकों में लंबे समय से ईसाई मिशनरी शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए काम करती रही है जिससे अनेक दुर्गम क्षेत्रों में विकास की किरणें दिखती हैं । कुछ दशकों पहले भारत की अन्य स्वयंसेवी संगठनों ने भी सघनता से कार्य करना शुरू किया जिससे शिक्षा और चिकित्सा के अलावा विकास कार्य तेज हुए पर कहीं न कहीं ईसाई मिशनरी और कथित हिंदू विचारधारा वाले संगठनों के बीच टकराव भी हुआ यहां दिलचस्प बात यह है की 78 सालों से अगर यह दोनों संगठन सक्रियता से कम कर रहे हैं तो सरकारी मशीनरी क्या कर रही है बहुत पहले सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से मुफ्त में रेडियो सेट बांटे जाते थे ताकि लोग जागरुक हो कुछ दिनों तक टीवी सेट भी बांटे गए ऐसा लगता है की पंचायत भवनों या ऐसे सार्वजनिक स्थानों में जहां सुरक्षा और बिजली की व्यवस्था हो अभी भी टेलीविजन सेट और फ्री डिश लगाए जाने चाहिए ताकि दूर दराज के ग्रामीण विशेष रूप से दलित और जनजातीय समुदाय यह समझ सके की भारत कहां पर है और डीडी फ्री डिश पर अनेक शैक्षिक कार्यक्रम भी दिखाए जाते हैं जिससे उनकी शिक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है उनके लिए क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं में टीवी के कार्यक्रम भी या रेडियो के कार्यक्रम भी एक क्रांति ला सकते हैं।



## जस्टिस शेखर यादव सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के सामने होंगे पेश

- उन्हें कथित विवादित भाषण पर स्पष्ट करना है अपना रुख

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक समारोह में कथित रूप से विवादास्पद बयान देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव अपने रुख स्पष्ट करने के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के सामने पेश होंगे। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को दिए उनके बयानों पर और इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण की समाचार पत्रों के रिपोर्टों पर ध्यान दिया है। हाईकोर्ट से ब्योरा मंगवाया गया है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम जिस न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर हाईकोर्ट से रिपोर्ट मांगती है, तो उन्हें मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के सूत्रों ने बताया कि जस्टिस शेखर कुमार यादव को अपना पक्ष रखने का मौका मिल सकता है। आठ दिसंबर को आयोजित वीएचपी के एक समारोह में जस्टिस यादव ने कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। इसके एक दिन बाद ही उनका बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी। इसमें विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रिया भी शामिल थी। उन्होंने जस्टिस यादव के बयान पर सवाल उठाते हुए भाषण को घृणा करार दिया। इस पर सर्वोच्च न्यायालय के कई वरिष्ठ वकीलों तथा कई नेताओं व सामाजिक संगठन के लोगों ने न्यायाधीश के लिए तय मापदंड व शपथ के विरुद्ध इसे बताया। शेष पेज 11 पर




पीले नंबर प्लेट का मतलब व्यावसायिक टैक्सी। क्या झारखंड सरकार लिखकर सामने लाल कवर लगाने से टैक्सी की जांच नहीं होगी ?

# झारखंड में और बढ़ेगी कड़ाके की ठंड

## नौ जिलों में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शीतलहर से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। पश्चिम से आ रही सर्द हवाओं के प्रभाव से झारखंड के उत्तर-पश्चिमी जिले शीतलहर की चपेट में हैं। आने वाले दिनों में झारखंड के 9 जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

झारखंड में पिछले 24 घंटे में सबसे कम तापमान यानी 2.5 डिग्री सेल्सियस रांची के नामकुम इलाके में दर्ज किया गया है। उत्तर-पश्चिम



दिशा से आ रही पछुआ हवाओं के प्रभाव से रांची में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं सबसे अधिक तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची ने अपने मौसम पूर्वानुमान में अगले 24 घंटे में राज्य के 09 जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची से सटे खूंटी जिले का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा का न्यूनतम तापमान 05 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लोहरदगा का न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रामगढ़ का न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

आदिवासी युवा महोत्सव के समापन में दिखी झारखंड की संस्कृति

## अंकिता बेक की टीम ने युवा महोत्सव में युवाओं को झुमाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में चल रहे दो दिवसीय आदिवासी युवा महोत्सव का समापन रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विशिष्ट अतिथि सांसद सुखदेव भगत, आईपीएस विजय आशीष कुजूर, सरोजिनी लकड़ा, सत्यप्रकाश प्रसाद व सोनू खलखो समेत अन्य शामिल थे। महोत्सव के दूसरे दिन जनजातीय भाषाओं में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मानव कल्याण और इंडीजीनस वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा झारखंड राज्य कला संस्कृति, युवा एवं खेलकूद विभाग का सहयोग भी रहा। आदिवासी समाज की भाषा संस्कृति को आगे बढाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां झारखंड की 32 जनजाति आदिवासी समुदाय एक मंच पर दिखाई दिए। एक दूसरे के भाषा संस्कृति, खान पान, पहनावा ओढावा इत्यादि से रूबरू हुए। आदिवासी हॉस्टल की ओर से मुंडारी, हो, उरांव, संथाली नृत्य की प्रस्तुति दी गई। खड़िया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने खड़िया नृत्य प्रस्तुत किया। आदिवासी वीर ने म्यूजिकल ड्रामा की प्रस्तुत की। अंकिता बेक की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसमें आदिवासी समुदाय के परिधान दिखे। कुडुख भाषा में नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा युवा मॉडल्स ने रैंप पर आदिवासी पहनावे को प्रस्तुत की गई। मौके पर मुख्य संस्थापक एवं संरक्षक अमरनाथ लकड़ा, अध्यक्ष बिपिन टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष शशि पन्ना, महासचिव अनिल उरांव, सचिव अमित मुंडा, कमिस्नर मुंडा, संयोजक अनुपमा कुजूर, आरती कच्छप,अविनाश बाड़ा, कुणाल किशोर उरांव, अजीत लकड़ा समेत अन्य शामिल थे।

# झारखंड एटीएस ने तीन कुख्यातों को दबोचा

## हत्या और रंगदारी के कई कांडों का हुआ खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने रांची, रामगढ़ और हजारीबाग में छापेमारी कर रंगदारी और हत्या में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हजारीबाग में दो हत्या और रांची में रंगदारी के दो मामलों का खुलासा हुआ है।

**रंगदारी मामले में दो गिरफ्तार :** दूसरे मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने रांची पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर व्यवसायियों को धमकाकर रंगदारी वसूलने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार के सीवान जिले का रहने वाला अभय कुमार मिश्रा और रांची के पिठोरिया का रहने वाला अब्दुल करीम शामिल है।

झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि गिरफ्तार अभय मिश्रा और अब्दुल करीम ने रांची के क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण उर्फ अनूप सिंह से फोन पर 20 लाख की फिरौती मांगी थी। उस दौरान फोन करने वाले ने खुद को देवा गैंग का अविनाश तिवारी बताया और धमकी दी कि अगर फिरौती नहीं दी तो जान से मार दिया जाएगा। धमकी के बाद क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण उर्फ अनूप सिंह ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**हथियार बरामद :** अभय मिश्रा और अब्दुल करीम की गिरफ्तारी के बाद एटीएस की टीम ने उनके ठिकानों से हथियार भी बरामद किए हैं। एटीएस एसपी ऋषभ जैन ने बताया कि अब्दुल करीम के घर से दो पिस्तौल, जिंदा कारतूस और आधा दर्जन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। हजारीबाग हत्याकांड में गिरफ्तार प्रमोद कुमार पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।




**क्या है पूरा मामला**

झारखंड के हजारीबाग जिले में हाल के दिनों में एक महीने के अंदर चार हत्या की वारदातें हुई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए झारखंड एटीएस को भी लगाया था। इस मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने हजारीबाग में हुई हत्या में शामिल कुख्यात अपराधी प्रमोद कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। प्रमोद कुमार साहू कुख्यात तिवारी गिरोह का सदस्य है।

## भ्रष्टाचार पर केंद्र का दिख रहा दोहरा चरित्र : कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री और केंद्र की सरकार का दोहरा चरित्र आज देश की जनता देख रही है। जिस प्रकार संसद के शीतकालीन सत्र में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गतिरोध कायम है और सरकार मौन है। इससे यह साफ हो गया कि देश की कानून व्यवस्था भी अमीरों के लिए अलग और गरीबों के लिए अलग होगी। उन्होंने कहा कि अदाणी को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर दोषी पाए जाने के बाद विपक्ष, विशेष कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गौतम अदाणी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। संसद में भी इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से विपक्ष जवाब चाहता है, लेकिन पीएम सहित उनका पूरा कुनबा अदाणी को बचाने में लगा हुआ है। राहुल गांधी साफ बोलते भी हैं कि अदाणी को कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि वह प्रधानमंत्री के मित्र हैं। लालकिशोर नाथ शाहदेव ने कहा देश की जनता को यह जानने का हक है कि भ्रष्टाचार पर एक तरफा कार्रवाई क्यों होती है। इन्हीं मुद्दों को लेकर 18 दिसंबर 2024 को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस राजभवन मार्च कर विरोध प्रदर्शन करेगी। वहीं, इस विरोध प्रदर्शन में पार्टी के सभी प्रमुख नेता और आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्य सचिवों के चौथे सम्मेलन का हुआ समापन

## अलका तिवारी ने साझा किए प्रदेश के विकास से जुड़े तथ्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** नीति आयोग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। इस सम्मेलन में विकास के लिए आत्मनिर्भर होने की प्रक्रिया में कृषि रोजगार, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, उन्नतशील अर्थव्यवस्था आदि पर विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन का विषय जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना और विकास के नए आयामों के मार्ग प्रशस्त करना था। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रदेश के विकास के लिए कई बिंदु रेखांकित किए। साथ ही सम्मेलन में प्रमुखता के बिंदु दलहन पर प्रदेश की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। बता दें कि यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को सशक्त बनाने के साथ देश में सहकारी संवाद स्थापित करने की अहम कड़ी है। इस अवसर पर प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीणा, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारियों ने शिरकत की। बता दें कि यह सम्मेलन केंद्र एवं राज्य सरकारों के साझा विकास एजेंडा के



सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराना और अधिक जन मानस को लाभांश का दोहन कराना है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग, केंद्रीय मंत्रालय के साथ-साथ, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार-विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है। इस वर्ष इस सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसके अलावा कृषि में आत्म निर्भरता, खाद तेल एवं दालें, वृद्धि आबादी की देख भाल, अक्षय ऊर्जा और भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# सलगी और नगड़ी को मिले पर्यटन के मानचित्र पर स्थान : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** युगांतर भारती की वार्षिक आमसभा रविवार को रांची में हुई। सभा में युगांतर भारती के संरक्षक और विधायक सरयू राय ने कहा है कि सरकार को दामोदर नद का उद्गम स्थल सलगी और स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल नगड़ी पर विशेष ध्यान देकर विकास करना चाहिए। सरकार को यह प्रयास करना चाहिए कि दोनों स्थानों का नाम भारतीय पर्यटन के मानचित्र पर दिखे। उन्होंने नगड़ी और सलगी में सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ाने का भी सुझाव दिया। सरयू राय ने कहा कि शहरों के कारण नदियां गंदी हो रही हैं। चाहे स्वर्णरेखा नदी हो अथवा खरकई या फिर हरमू। इन सबकी दशा खराब हो गई है। सरयू राय ने युगांतार भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण को सुझाव दिया कि युगांतर न्यूज यू-ट्यूब चैनल पर पर्यावरण



पाठशाला नामक साप्ताहिक कार्यक्रम आरंभ कराएं। अंशुल शरण ने संगठन की अब तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। बताया कि नगड़ी, हुंडरू, जोन्हा, मुरी, चांडिल और जमशेदपुर में 12 से 14 जनवरी के बीच स्वर्णरेखा महोत्सव का आयोजन होगा। 22 मार्च को जल दिवस, 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस, 22 मई को जैव विविधता दिवस और 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं दामोदर महोत्सव (गंगा दशहरा) का एक साथ आयोजन होगा। सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय रंजन सिंह ने कहा कि नदियों को दुबारा जीवित नहीं किया गया तो इंसानी सभ्यता का लोप हो जाएगा। पर्यावरणविद् प्रो एमके जमुआर ने कहा कि नए लोगों को जोड़ना समय की मांग है। धन्यवाद ज्ञापन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया। मौके पर युगांतर भारती के सचिव आशीष शीतल, डॉ ज्योति प्रकाश, धर्मेंन्द्र तिवारी, गणेश रेड्डी, तपेश्वर केशरी, उदय सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

पेपर लीक मामला

# लीपापोती कर रही है राज्य सरकार : आजसू

- *अभ्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे जेएसएससी*
- *जेएसएससी सीजीएल मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यभर के लाखों अभ्यर्थियों ने हुए जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक का अंदेशा जताया है। अखिल झारखंड छात्र संघ अभ्यर्थियों की जायज मांग और सोमवार को होने वाले घेराव एवं धरने को नैतिक समर्थन देती है। सरकार इस मामले की सीबीआई से जांच करने की जगह सीआईडी से मामले की लीपापोती करने में लगी है। एक ओर जहां पर जेएसएससी सीजीएल मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है तब राज्य



सरकार आनन फानन में रिजल्ट जारी कर दिया। उक्त बातें अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा लेने के लिए दो दिनों तक इंटरनेट बंद किया था लेकिन फिर जेएसएससी कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल रही। ऐसे में आजसू मांग करती है कि इस पूरे प्रकरण को सीबीआई से जांच कराई जाए।



# शहीद राम प्रकाश प्रभाकर को संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ गुरदासपुर में शहीद राम प्रकाश प्रभाकर की 33वीं बरसी पर आयोजित शहीदों को समर्पित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवक संघ के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार ने किया। मौके पर श्री सेठ ने कहा कि राम प्रकाश प्रभाकर देश के वीर सपूतों में से एक थे। उनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा। राम प्रकाश प्रभाकर अपने जीवन काल के अंतिम समय तक समाज को समर्पित कर दिया। उन्होंने सभी समाज के लोगों को साथ लेकर एक सूत्र में पिरोकर चलते थे। वह संघ के प्रचारक के रूप में भी कई उल्लेखनीय कार्य किया। उनका हर कार्य उनका संपूर्ण जीवन हम सबके लिए प्रेरणादाई है। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में भी काफी काम किया। राम प्रकाश जी का जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादाई है।

## झासा का चुनाव 19 जनवरी को

**रांची।** सरकारी चिकित्सकों के संगठन झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) 2025-27 का चुनावी ऐलान हो गया है। आज यानी 16 दिसम्बर से नामांकन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। नामांकन 30 दिसम्बर तक चलेगा जबकि चुनाव 19 जनवरी को होगा। यह निर्णय सदर अस्पताल रांची में हुई झासा की बैठक में लिया गया है। बैठक झासा के चीफ इलेक्शन कमिश्नर डॉक्टर लाल माझी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि झासा के नये सत्र 2024-2026 के चुनाव हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। आगामी सत्र का चुनाव हेतु नामंकन का आवेदन 16 दिसंबर से 30 दिसंबर तक मांगा गया है। चुनाव की तारीख 19 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। इस चुनाव में झासा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयोजक, संयुक्त सचिव एवं अन्य पदो पर चुनाव होगा।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने को लेकर रांची कूच करेंगे छात्र, प्रदर्शन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगा कर आंदोलनरत छात्रों का धरना प्रदर्शन रविवार को राजधानी रांची में प्रस्तावित था. जिसे भारी संख्या में तैनात पुलिस बल तैनात कर रोक दिया गया। वहीं, कुछ छात्रों ने बताया कि रविवार होने के धरना को रोका गया। छात्रों ने बताया कि रविवार को छात्र रांची पहुंचे जो की आज धरना प्रदर्शन करेंगे. कुछ विद्यार्थियों ने बताया उनका आंदोलन रुकेगा नहीं आज वे विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने सीआईडी जांच कराने का आदेश दिया

इस साल 21 और 22 सितंबर को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा झारखंड के 823 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इस परीक्षा में 3.04 लाख उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा का परिणाम 4 दिसंबर को जारी किया गया। लेकिन रिजल्ट जारी होने के बाद अभ्यर्थियों ने पेपर लीक सहित परीक्षा में कई गड़बड़ी होने का आरोप लगाया। साथ ही अभ्यर्थी रिजल्ट रद्द करने की मांग करने लगे। इसे लेकर अभ्यर्थी राज्य भर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसके बाद विपक्ष द्वारा भी सीबीआई जांच कराने की मांग की गइ। ऐसे में सीएम हेमंत सोरेन द्वारा सीआईडी जांच कराने का आदेश दिया गया है।

### छात्रों की गिरफ्तारी संबंधी तुगलकी फरमान वापस ले राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार लोकतांत्रिक विरोध का गला घोट रही है। यह लोकतंत्र की हत्या है। श्री मरांडी ने का कि एसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ साफ नजर आता है। कहा कि पहले हेमंत सोरेन द्वारा सीआईडी जांच का झूठा आश्वासन दिया गया, फिर जेएसएससी ने खुद को क्लीन चिट दे दी। अब छात्र आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के सख्त आदेश जारी कर सरकार ने युवाओं की आवाज दबाने की साजिश रच दी है। कहा कि हेमंत सोरेन शायद भूल गए हैं कि झारखंड की भूमि आंदोलनों और संघर्षों की प्रतीक है। झारखंड का युवा दमनकारी नीतियों का करारा जवाब देना जानता है। कहा कि हेमंत सोरेन जी, छात्रों की गिरफ्तारी का तुगलकी फरमान वापस लेकर सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच कराने का आदेश दें और छात्रों के गतिरोध को समाप्त करने की सकारात्मक पहल करें।

### सीजीएल डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन को हर हाल में रोका जायेगा : देवेन्द्र नाथ महतो



जेएलकेएम छात्र विंग झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले आज सोमवार को जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इस संबंध में देवेन्द्र नाथ महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया कि जेएसएससी एग्जाम रद्द करने की मांग को लेकर सम्पूर्ण झारखंड के 24 जिला के छात्र रविवार को ही रांची पहुंच चुके हैं। विभिन्न लॉज, हॉस्टल, रिश्तेदार घर में रात्रि विश्राम करके सुबह 9 बजे से ही जेएसएससी कार्यालय महाघेराव के लिए पहुंचकर हर हाल में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन रोकने का काम करेंगे। पूरी परीक्षा को रद्द कर सीबीआई से जांच कराकर कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी करवाई करने का मांग करेंगे। दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रों के आवाज को कमजोर करने के लिए राज्यभर के छात्रावास में पुलिस प्रशासन तैनात किया गया तथा 24 जिला में बेरिकेडिंग लगाकर छात्रों को जिला से बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा है। फिर भी छात्र रांची पहुंच रहें हैं तो रांची प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा है। जेएसएससी कार्यालय को पूरी तरह पुलिस छावनी पर तब्दील किया गया है।

# छात्राओं से छेड़खानी करने का आरोपी फिरोज गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी करने का आरोपी फिरोज अली गिरफ्तार हुआ है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने रविवार की देर शाम कार्रवाई करते हुए फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार किया। फिरोज अली है हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। पुलिस को फिरोज अली के बारे में सूचना देने वाले को पुलिस ने इनाम देने की घोषणा की थी।

कन्या पाठशाला स्कूल के छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया था। सीएम के आदेश के बाद पुलिस के आईजी और डीआईजी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे थे। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से मनचले



रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे थे। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते थे। इस डर से बच्चियों मे स्कूल आना बंद कर दिया था। इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक थाना भी गये थे, लेकिन कोई कारवाई नहीं की गयी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक बदमाश लड़कियों के साथ कैसे बदसलूकी कर रहा है।

### तपोवन मंदिर का नवनिर्माण कार्य शुरू

# ठाकुर जी दूसरे जगह हुए विराजमान जल्द ही नए मंदिर में होंगे स्थापित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी स्थित तपोवन मंदिर के नवनिर्माण कार्य की प्रक्रिया मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर रविवार से आरंभ हो गया। मंदिर नवनिर्माण की अवधि के दौरान सभी देवी देवताओं को मंदिर परिसर के एक हॉल में स्थापित कर दिया गया है। यहां पर आने वाले भक्त सभी देवी देवताओं का दर्शन और पूजा कर सकेंगे। 3 वर्ष के बाद मंदिर बन जाने के बाद सभी देवी देवता अपने मंदिर में विराजेंगे। सभी देवी देवताओं को विराजमान करने के लिए और विधि अनुसार मंत्र उच्चारण के साथ प्राणप्रतिष्ठ करने के लिए रांची के आचार्य सहित अयोध्या के आचार्य भी शामिल हुए।

मंदिर के वर्तमान ढांचे को हटाकर नया निर्माण किया जायेगा। मंदिर का निर्माण 3 वर्ष में पूरा होगा नए मंदिर में 13 गर्भ ग्रह और इसके 13 शिखर होंगे, सभी शिखर अद्भुत होंगे। अयोध्या के प्रारूप पर बना रहे इस मंदिर में कई चीज अलग देखने को मिलेगी। मंदिर प्रांगण में तीन मुख्य मंदिर बनाए जाएंगे। महंत ओमप्रकाश ने बताया कि मंदिर इस तरह से बनाया जाएगा कि यहां एक ही स्थान से भक्त सभी मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे। यहां श्री रामजी, श्री हनुमान जी और श्री जगन्नाथ जी के तीन मुख्य मंदिर होंगे। ऊंचाई 51 फीट की होगी, 10 हजार वर्ग फीट में इसे बनाया जाएगा सभी मंदिर समेत पूरे परिसर के निर्माण में 100 करोड़ की लागत आएगी। केवल मंदिर निर्माण कार्य में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे जबकि शेष मंदिर परिसर को विकसित करने में खर्च किया जाएगा। मंदिर में बनाये जाने वाले शिखर अयोध्या स्थित रामलला मंदिर से अलग तरह का होगा। यह एक फ्लोर का होगा मंदिर परिसर में गौशाला, अतिथि भवन, साधू संतों के लिए हॉल, सत्संग हॉल, रसोईघर, भंडार गृह आदि । महंत ओमप्रकाश ने बताया मंदिर में लोहे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। मंदिर को मकराना पत्थरों से तराश कर बनाया जाएगा। राजस्थान के जयपुर में पत्थर तरासने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। मकराना पत्थर से बने मंदिर में भक्तों को दुर्लभ और पवित्र अनुभूति होगी। उन्होंने बताया कि पुराने जमाने में मंदिर निर्माण में लोहे का उपयोग नहीं किया जाता था। लोहे की आयु महज 70 से 80 साल की होती है जबकि पत्थर सदियों तक खराब नहीं होती। प्राचीन मंदिर निर्माण की शैली से ही इस मंदिर को आधुनिक तरीके से बनाया जाएगा। इस मंदिर में लगभग 75 हजार मकराना पत्थरों से मंदिर का निर्माण होगा।




### 300 बर्षों से विरजमान थे ठाकुर जी : महंत ओमप्रकाश



महंत ओमप्रकाश ने बताया कि 300 वर्षों से इस मंदिर में विराजमान थे ठाकुर जी अब अस्थाई जगह में गए हैं। लेकिन जल्द ही प्रभु अपने स्थान पर विराजमान होंगे। उन्होंने बताया कि मैं आठवीं पीढ़ी हूं जो भगवान की सेवा यहां कर रहा हूं। उन्होंने बताया हमारी तीन पीढ़ी यहां से तपस्या करके जंगल में चली गई। हमारे लिए आसान नहीं है दुसरे स्थान पर प्रभु को देखना, लेकिन प्रभु आलीशान महल में विराजे ये भी हमारी इच्छा है। उन्होंने कहा आज इस कार्यक्रम का श्रेय हमारे गुरु महंत रामशरण दास जी महाराज को जाता है। उनकी ही कल्पना थी कि श्री ठाकुर जी भव्य महल में विराजमान हो। साथ ही महंत ओम प्रकाश ने बताया कि मंदिर बनने के बाद मंदिर में आने वाले सभी भक्तों को संस्कृति के अनुसार सर ढक कर आना अतिआवश्यक होगा।

## संघ ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को लिखा पत्र

**रांची।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड को पत्र लिखकर प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति देने की मांग की है।

शिक्षक संघ के प्रधान सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन कुमार एवं हजारीबाग जिला अध्यक्ष मो. अतीकुज्जमा ने मांग करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक के पद 1976 से उन विद्यालयों में स्वीकृत हैं जो वर्ग 1 से 8 तक संचालित किए जाते हैं। इसलिए वर्ग 1 से वर्ग 8 तक का शिक्षण का अनुभव रखने वाले शिक्षकों को ही प्रधानाध्यापक के इन पदों पर प्रोन्नत किया जाए। उन्होंने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि 2016 में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर सीधी नियुक्ति वाले शिक्षकों के पास वैधानिक रूप से वर्ग 1 से वर्ग 8 तक का शिक्षण का अनुभव नहीं होता है। वे मूल रूप से वर्ग 6 से 8 तक ही शिक्षण का दायित्व निभाते हैं। नेताद्वय ने कहा है कि 1976 से स्नातक विज्ञान एवं स्नातक कला के पद झारखण्ड के सभी जिलों में स्वीकृत हैं। इन स्वीकृत पदों को पदोन्नति से ही भरे जाने का प्रावधान है। साथ ही साथ ये पद नवसृजित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के पदों में सम्मिलित नहीं हैं। जो पद 2014 में सृजित किए गए सिर्फ उन पदों का 50% सीधी नियुक्ति से तथा शेष 50% पदोन्नति से भरे जाने का प्रावधान नियत है। इसीलिए प्रत्येक जिलों में स्नातक प्रशिक्षित के विज्ञान और कला के पदोन्नति वाले पद में सीधी नियुक्ति वाले पदों से ज्यादा हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सनातनी मिलन समारोह पर हुई चर्चा




**रांची।** मकर संक्रांति महोत्सव सह सनातनी मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर रविवार को आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि रांची शहर के सभी मंदिरों के पुजारियों/ पुरोहितों के साथ कांके डैम के किनारे प्रकृति एवं पंचतत्व पूजन सह विप्र भोजन और सम्मान आयोजित किया जायेगा। अतिथियों व राष्ट्र और धर्म रक्षा के लिए काम करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक खिचड़ी भोजन का वितरण किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से हेमंत तिर्की, प्रवीण ओझा, रमेश मुंडा, मंटू मुंडा, अनिता कुमारी, रजनी रंजन, शशि कुमार, नीलम शर्मा, किशोर महापात्रा, अंजना प्रियदर्शी, प्रतिभा कुमारी,अरूण कुमार चौधरी, राकेश नरूला, नीरज कुमार, शशि नायक, रंधीर सिंह, संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

### धनुर्मास महोत्सव का शुरूआत आज से

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 16 दिसंबर सोमवार से 14 जनवरी तक श्रीगोदा - रंगनाथ व्रत मनाया जायेगाद्ध ज्ञात हो कि सूर्य जब धनु राशि में प्रवेश करते हैं, तब से लेकर मकर राशि में प्रवेश करने तक, पूरे एक मास यह धनुर्मास का व्रत विधि -विधान पूर्वक मनाये जाते हैं। यह व्रत श्रीलक्ष्मी जी की अवतारिका श्रीगोदाम्मा (आण्डाल देवी)ने भगवान रंगनाथ को पति रूप में प्राप्त करने को किया था। आज का यह व्रत महाभिषेक से शुरू कराया जायेगा। श्रीभगवान को विशेष प्रकार के पोशाक, गर्म सॉल आदि धारण कराया जायेगा। औषधि का पान कराया जाएगा।



### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा का हुआ वितरण



**रांची।** माता अन्नापूर्णा जन्मदिवस एव मार्ग शीर्ष पूर्णिमा पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। इस दौरान 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मंदिर परिसर की गोशाला में गो माता को अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद खिलाकर सेवा की गई। सक्रिय सदस्य निर्मल जालान, विशाल जालान,डुंगरमल अग्रवाल श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, बिष्णु सोनी के देख रेख में भंडारे का वितरण किया गया। सदगुरू कृपा अपनाघर आश्रम के 50 से अधिक निराश्रित प्रभुजी एव उनकी सेवा करने वाले सेवासाथीयों एवं बच्चों के बीच 180 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया। भंडारे में संस्था ने पुड़ी, भेजिटेबल, पुलाव, आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी, खीर का वितरण किया। मौके पर अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, सज्जन पाडिया, मुस्कान मोदी, संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया एवं इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने कला व विज्ञान प्रदर्शनी में आधुनिक तकनीक पर बनाया प्रोजेक्ट



प में डी आईजी (वायरलेस विभाग) अश्वनी कुमार सिन्हा ने किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में एसएस मेमोरियल कॉलेज के पूर्व प्राचार्या डॉ वंदना राय, अधिवक्ता पीके लाला, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार स्कूल के निदेशक राजेश कुमार गुप्ता, स्कूल की प्राचार्या संगीता राज, उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रदर्शनी में कक्षा 05 से 10 तक के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आधुनिक तकनीक से संबंधित प्रोजेक्ट बनाकर सबका मन मोह लिया। 10 वीं वर्ग के प्राची, सिदरा, नंदनी एवं आदित्य ने पॉल्यूशन कनवर्ट बनाया। नवम वर्ग के सोनाली, आर्यन, सलमान, सोनमति,शिफा, आठवीं वर्ग के सृष्टि, दीपिका, सुप्रिया, सप्तमी वर्ग के रितेश हमजा एवं महिमा ने भी अपने अपने प्रोजेक्ट से अभिभावकों को आश्चर्य चकित कर दिया। प्रदर्शनी में सीमा लाला, सरिता, स्नेहा, सूर्यकांत, शंकर कुमार, पूरोबी, सिमकी, शिवानी, गार्गी, मौशमी, साधना, सविता, प्रियंका, निकिता, एवं समस्त शिक्षक शिक्षकाएं की भूमिका अहम रही। नन्हे मुन्हें बच्चों मे शिशिर, जैद इमाम,पीहू, अंशिका, आरवी, जुबैरिया, शहजैन का विशेष आकर्षित करने वाला प्रदर्शन रहा।

यह जानकारी सुनीता श्रीवास्तव ने दी।

## गुरु नानक सेवक जत्था के सदस्यों ने किया कंबल वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



गुरु नानक सेवक जत्था के सदस्यों ने देर रात वभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। सदस्यों ने रात बारह बजे से मध्य रात्रि ढाई बजे तक शहर के बरियातू स्थित रिम्स, मेन रोड स्थित सदर अस्पताल एवं रांची रेलवे स्टेशन पहुंच कर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। जत्था के सदस्य रात बारह बजे कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब से कंबल लेकर रांची के विभिन्न इलाकों में पहुंचे एवं फर्श पर ठंड से ठिठुर रहे गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को स्वयं अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। जत्था के सूरज झंडई एवं पीयूष मिढ़ा ने बताया कि इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों ने राहत महसूस की। जत्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्था द्वारा अत्यधिक ठंड होने पर यह सेवा विगत कई वर्षों से अनवरत की जाती रही है और यह कंबल वितरण का कार्यक्रम पूरे ठंड के मौसम में जारी रहेगा। मौके पर सूरज झंडई, पीयूष मिढ़ा,वंश डावरा, जयंत मुंजाल,विनय खत्री,जतिन मिढ़ा, इनिश काठपाल, रॉनित मुंजाल, कशिश नागपाल, मनन कोहली, ऋषभ शर्मा,पीयूष तलेजा, प्रीत मिढ़ा, अमन चावला,हर्ष अरोड़ा, तनय काठपाल एवं वरुण गेरा शामिल थे।

## बंग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकाला गया आक्रोश मार्च

- बंग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कुकृत्य का विरोध जरूरी : सुनील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




महावीर मंडल बाल्मीकि समिति के तत्वाधान में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च पटेल चौक महावीर मंदिर से शुरू होकर हरमू चौक तक निकाला गया। इस अवसर पर सनातनी हिन्दुओं ने मुखर होकर विरोध जताया। इस अवसर पर बाल्मीकि समिति के अध्यक्ष गोविंद वाल्मीकि ने कहा कि हिन्दुओं पर जुल्म बंद होनी चाहिए। वर्तमान में बंग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो जुल्म किए गए और उन्हें वहां से भगाने की सजिश की जा रही है इसे माफ नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार को सकरात्मक कार्रवाई करते हुए हिंदू समाज पर हो रहे जुल्म के खिलाफ उनकी सुरक्षा के लिए आगे आना होगा। राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है इससे हम आक्रोशित हैं। हिंदू समाज वसुदेव कुटुंबकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं। परंतु जब हमें कोई उकसाएगा तो हम इसका माकूल जवाब देने के लिए सक्षम हैं। हम बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं पर किया जा रहा को कुकृत्य को पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं।

भाजपा नेता इंद्रजीत यादव ने कहा कि भारत में रह रहे बांग्लादेशी शरणार्थी को सरकार कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें पुनः बांग्लादेश भेजने का कार्य करें वरना हिंदू समाज इस कार्य को करने पर विवश हो जाएगा। उन्होंने लोगों को समझाया कि हमें एकजुटता दिखानी होगी। हम एक हैं तो सेफ हैं। जुलूस में समिति के संरक्षक भगत वाल्मीकि, सुनील कुमार सिंह,,आशीष कुमार, अभय सिंह, प्रियांशु वाल्मीकि, रवि गोंड, दुलारी देवी, लक्ष्मी देवी, पूजा कुमारी, प्रेमलता वाल्मीकि, नवीन वाल्मीकि, प्रमोद सिंह, सुभाष चौधरी, मुरारी प्रसाद, प्रिंस कुमार, गोपाल राठौर, हिमांशु शर्मा , प्रथम शर्मा, अमन कुमार, शिव वाल्मीकि सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शिक्षकों का क्षमता संवर्द्धन

**रांची।** ट्रांस्फॉर्मेशनल स्कूल लीडरशिप कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में झारखंड के सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के एचएम के साथ इस कार्यक्रम के प्रभावशाली परिणामों को बढ़ावा देने के लिए इसके उपयोग के अभिनव तरीकों पर चर्चा की गयी। इस सत्र में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासनिक अधिकारी (जेईपीसी) एसडी तिग्गा, टीम लीडर-पीएमयू (जेईपीसी) डॉ. जितेन्द्र देव झा, शैक्षणिक सलाहकार डॉ. मनोहर लाल, उप टीम लीडर पीएमयू रोहन कुमार, जेसीईआरटी से बिहार गौरव, जेंडर इक्विटी इंडिया पायलट प्रोजेक्ट की निदेशक डॉ. अनुराधा राय, प्रोजेक्ट्स इको के उपाध्यक्ष डॉ. संदीप भल्ला, इको इंडिया (शिक्षा) की प्रबंधक अंकिता राय, इको इंडिया शिक्षा की उप महाप्रबंधक अदिती उपस्थित थी।राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेखित लक्ष्यों में प्रधानाध्यापकों के लिए पेशेवर विकास और सहकर्मी से सहकर्मी सीखने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया है।

### पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर रविवार को तमाड़ एवं दशमफॉल थाना क्षेत्र में पुलिस बल ने दशमफॉल थाना अंतर्गत ग्राम हुसीरहातु के जंगलों में करीब 01 एकड़ 70 डिसमील में लगे अवैध पोस्ता (अफीम) के फसल को विनिष्ट किया। इस संबंध में थाना दैनिक प्रविष्टी में अंकित किया गया। तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुरुडीह के जंगल में अफीम के बीज लगे लगभग 02 एकड़ खेत को विनष्ट किया गया।

### ठंड से बचने के लिए तीन दिनों से सदर में ही था बुजुर्ग

**रांची।** सदर अस्पताल परिसर में 80 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। लोगों ने कोताही बरतने का आरोप लगाया। इसके बाद प्रबंधन ने जांच की। जांच के बाद सिविल सर्जन और उपाधीक्षक ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि जिस बुजुर्ग की मौत हुई थी, वो पिछले तीन दिनों से अस्पताल में रह रहा था। वो बीमार नहीं था। खुद से चलकर आया था। ठंड से बचने के लिए इमरजेंसी के पास रह रहा था। ट्रॉली मैन उसे खाना भी दे रहे थे। शनिवार सुबह इडली खिलाने के बाद बुजुर्ग के कहने पर धूप में बिठाया था, वहीं बैठे-बैठे वो लुढ़क गया। जांच के लिए अंदर लाया गया तो पता चला की मौत हो गई है। उसके बाद थाना को जानकारी देकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। सिविल सर्जन डॉ प्रभात ने बताया कि सदर में बड़ी संख्या में बुजुर्ग या लावारिश लोग ठंड और गर्मी से बचने के लिए हमेशा रहते हैं। उन्हें इलाज की जरूरत नहीं होती।

### आज / कल




### जांच अधिकारियों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

# अनुसंधान सही तरीके से नहीं होने के कारण दोषियों को लाभ मिल जाता है : अमित शेखर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झालसा के निर्देश पर एवं न्यायायुक्त सह अध्यक्ष, जिला विधक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में रांची जिला के सभी थानों से आये जांच अधिकारियों (इंवेस्टीगेटिंग ऑफिसर) के लिए क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन व्यवहार न्यायालय में किया गया। जांच अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण-सह-कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल एजेसी 15, अमित शेखर ने कहा कि बहुत सारे अनुसंधान ऐसे होते हैं, जिसमें अनुसंधान के दौरान जांच अधिकारियों को लाना होता है, तो जांच अधिकारी उसे नहीं ला पाते। त्रुटिपूर्ण अनुसंधान होने के कारण खामियाजा पीपी को भुगतना पड़ता हैं।उन्होंने कहा कि अनुसंधान सही तरीके से नहीं होने के कारण दोषियों को लाभ मिल जाता है। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित सभी जांच अधिकारियों से कहा कि आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी अधिकारियों को अनुसंधान के कड़ियों को बारीकी से समझना है। इसके फलस्वरूप उन्होंने अनुसंधान के कड़ियों को पृथक कर समझाया। पीओ एमएसीटी, मनीष ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा के बारे में जानकारी दिये। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारियों के द्वारा जांच सही होगी तो पीड़ित या पीड़िता के घरवालों को जल्द-से जल्द मुआवजा मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने सभी जांच अधिकारियों को उच्च न्यायालय के आदेश और ऑर्डर को पूरी तरह से फॉलो करने की बातें कही। दुर्घटना होने पर एफआईआर की एक कॉपी एंश्योरेंस कंपनी, एक कॉपी एमएसीटी कोर्ट में भी देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर जांच अधिकारी घटनास्थल पर जायें और फोटो लें, वीडीओ शूट करें तथा स्क्रैपमैप तैयार करें। उन्होंने फॉर्म-1 48 घंटे के अंदर तैयार कर इंश्योरेंस कंपनी व एमएसीटी कोर्ट में देने की बातें कहीं। उन्होंने क्रमशः फॉर्म 1 से लेकर फॉर्म-6 तैयार समय सीमा पर करने की बातें कहीं।

एजेसी-1, योगेश कुमार ने उपस्थित जांच अधिकारियों को सीडीआर संग्रह करने और सेक्शन-65 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एजेसी-4, मो आशीफ ईकबाल ने उपस्थित जांच अधिकारियों को पोक्टसो एक्ट के बारे में बताया।

### जेल अदालत में एक बंदी रिहा, चिकित्सा कैंप भी लगा

**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा की अध्यक्षता में किया गया। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, में संसीमित बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिये समर्पित किया गया था। जिसमें 1 बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारामुक्त किया गया।जेल अदालत में लगा कैंप जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में बंदियो को झालसा के निर्देश पर चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के को लेकर प्रत्येक जेल अदालत में सदर अस्पताल से प्रतिनियुक्ति चिकित्सक की देखरेख में जांच एवं इलाज किया जायेगा ।

# दिव्यांगों के भीतर आत्मशक्ति की अदभुत क्षमता : नि:शक्तता आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




ब्रह्माकुमारी के राजयोग रिसर्च एवं राजयोगा फाउण्डेशन के दिव्यांग सेवा प्रभाग के द्वारा देश भर में चलाये जा रहे दिव्यांग समानता, संरक्षण एवं सशक्तकरण अभियान के तहत पूरे झारखंड में अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड दिव्यांग समानता संरक्षण एवं सशक्तीकरण अभियान का शुभारंभ हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में दीप प्रज्वलित कर किया गया। अभियान का शुभारंभ करते हुए झारखंड राज्य निःशक्तता आयुक्त अभय नन्दन अम्बष्ट ने कहा कि दिव्यांगों के भीतर एक अदभुत क्षमता होती है। वे अपनी आत्मशक्ति के बल पर जो चाहते हैं वो कर लेते हैं क्योंकि उनकी शारीरिक क्षमता भले ही कमजोर हो, लेकिन बौद्धिक क्षमता अधिक होने से वो ऐसे कार्य भी कर लेते हैं, जो आम तौर पर अकल्पनीय माने जाते हैं। दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं साहस चाहिए। हमें उनके हूनर को प्लेटफोर्म देना होगा। आगे का रास्ता वो खुद तय कर लेंगे। समाज उनके साथ समानता का व्यवहार करें जिससे उनकी प्रतिभा में निखार हो। दिव्यांग के शरीर में कमी हो सकती है, लेकिन इस शरीर में एक आत्मा है और आत्मा कभी विकलांग नहीं होती है। कार्यक्रम में उपस्थित रांची गौशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने कहा मानवता की सेवा ही सर्वोपरि सेवा है। आध्यात्मिकता और संगठन की शक्ति को जोड़ कर मानवता की सेवा ब्रह्माकुमारीज कर रही है और यही श्रेष्ट पुण्य का मार्ग है। सृष्टि रंगमंच पर हर आत्मा का आवश्यक और महत्वपूर्ण पार्ट है, ऐसा मानकर उनके लिए दुआ करें। ब्रह्माकुमारीज का यह कार्य प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है। मारवाडी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि भारत के आदिकाल में हर नर-नारी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक आदि हर प्रकार से सक्षम और विकसित थे। अब पुनः ऐसे भारत का निर्मण करने के लिये सभी को सुखदायी कर्म करने की कला सीखनी और सिखानी चाहिए। यह समय की सशक्त मांग है। झारखंड मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि हम अक्षम व्यक्तियों को, ईश्वर की संतान आत्मिक भाई मानकर दिल से उनकी सेवा करें । उनके सामने इस प्रकार का वातावरण निर्माण करें जिसमें उनको शांति मिले और परमा्मा से उनका बुद्धियोग जुर्टे। केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि दिव्यांग जन अपने अभावों में भी स्वयं को कमजोर नहीं होने देते। वे अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते हैं और दिव्यांगता को अपनी मजबूरी नहीं बनने देते। मूक होकर भी इशारों से सब कुछ बोल जाते हैं, बधिर होकर भी सब समझ लेते हैं, पंगु होकर भी जिंदगी की दौड़ में आगे निकल जाते हैं, दृष्टिहीन होकर भी मन की आंखों से सबकुछ देख लेते हैं। स्वस्थ शरीर के बावजूद बहुत से व्यक्ति अधुरे ही होते हैं और दिव्यांग तन-मन से संपूर्ण होते हैं।

## एक नजर

### झारखंड राज्य कुश्ती संघ की 25 वीं वार्षिक आमसभा संपन्न

**रांची।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ की 25 वीं वार्षिक आम सभा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया के महासचिव सह झारखंड में कुश्ती के संस्थापक भोलानाथ सिंह ने कहा कि आज से 25 वर्ष पहले 02 जिला के 07 पहलवानों से शुरू की गई कुश्ती जो आज झारखड़ के सभी जिला में पहुंचकर झारखंड के पहलवान अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे है। झारखण्ड के 25 वी वार्षिक आम सभा सह सिल्वर जुबली वर्ष में सभी जिला के अध्यक्षों, सचिवों सहित सभी पदाधिकारियों का विशेष योगदान झारखंड में कुश्ती को इस मुकाम तक पहुंचाने में रहा है।

### किसान प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष से की मुलाकात

**रांची।** सुजीत शाही के नेतृत्व में किसान प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिनेश शाह से मुलाकात कर झारखंड मिल्क फेडरेशन के किसानों के मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। मीनेश शाह ने कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यों को सराहा। साथ ही उन्होंने कहा कि मिलकर झारखंड में फेडरेशन को कैसे लाभ पहुंचाया जाय, इसपर विचार करने की जरूरत है। बेहतर सुविधा देकर किसानों को आर्थिक सशक्त बनाया जायेगा। सुजित शाही ने कहा कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी मेधा डेयरी के किसान को कैसे आर्थिक लाभ हो इस पर प्रयासरत है।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया रास्ता

**लापुंग।** देवगांव सदान टोली में किसी की मौत हो गई तो रास्ते के कारण देवगांव के ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन जाती थी। लेकिन सरकार के द्वारा वर्षों से उपेक्षित देवगांव पंचायत के देवगांव का श्मशानघाट जाने के रास्ते को राजकमल गोप की मदद एवं पहल से लोगों ने स्वयं रविवार को बना डाला। लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत अन्तर्गत गांव के ग्रामीणों ने समाजसेवी राजकमल गोप के पहल एवं सहयोग से श्रमदान के माध्यम से देवगांव गांव के शमशान घाट जाने वाले पगडंडी रास्ते को 8 फीट चौड़ी रास्ता का निर्माण किया गया। राजकमल गोप ने जेसीबी की मदद एवं श्रमदान से रास्ते को बनाने का बीड़ा उठाया। बताते चलें की कई वर्षों से पगदंडी रास्ते में बड़ी मुश्किल से लोग शमशान घाट आने जाने को मजबूर हैं। समस्या ज्यादा तब बड़ जाती थी जब बरसात का मौसम आ जाता है और किसी के घर में किसी का देहांत हो जाता है तो शमशान घाट ले जाने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

### घघारी बाबा धाम में मकर संक्रांति महोत्सव को लेकर बैठक

# तीन दिवसीय मेला की रुपरेखा तय



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप की अध्यक्षता में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में लगने वाले तीन दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव को लेकर अहम बैठक आयोजित। मेले को तीन दिनों तक सफलतापूर्वक लगाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के दौरान कई निर्णय लिए गए उनमें मुख्य मंदिर का रंग रोगन , यातायात सुविधा , दुकानदारों के लिए जगह सुनिश्चित करना, मुख्य मंदिर में पूजा हेतु लाइन लगने के लिए रेलिंग बनाने, भजन कीर्तन की व्यवस्था, भंडारा की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था जैसे कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। सर्वसमिति से मुख्य मंदिर का रंग रोगन हेतु राजधन शेखर सिंह को अहम जिम्मेवारी सौंपी गई। वहीं मंदिर की साफ सफाई हेतु सिकंदर महतो को जिम्मेवारी सौंपी गई। महावीर मंदिर के पूर्व में रेलिंग लगाने का निर्णय लिया गया। भंडारा हेतु सूखी लकड़ियों की व्यवस्था के लिए संजय कुमार महतो और श्यामलाल शेखर सिंह को जिम्मेवारी दी गई। बैठक के दौरान कई लोगों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया साथ ही मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने कहा की आगामी 13, 14 और 15 जनवरी को लगने वाले तीन दिवसीय मेला को व्यवस्थित रूप से सफलतापूर्वक लगाने प्रयास किया जाएगा । जिसमें लोगों को मंदिर आने जाने से लेकर यहां पर पूजा करने तक का सिस्टमैटिक तरीका से व्यवस्थित किया जाएगा। जिसमें लापुंग एवं बेड़ो पुलिस प्रशासन से भी यातायात सुरक्षा हेतु सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, सचिव संजय कुमार महतो, संरक्षक गंगाधर साहू , राजेंद्र साहू, नफींद्र सिंह, राजधन शेखर सिंह, सोमा उरांव, संजय कुमार, दशरथ तिर्की, सुनील उरांव, मनोज उरांव, संतोष महतो , कौशल गोप, दयाल गोप, प्रकाश उरांव, रामाशंकर पाठक, किस्टो दास गोस्वामी, सागर दास गोस्वामी , तुलसी दास गोस्वामी के साथ दर्जनों सदस्य मौके पर मौजूद थे।

# कोल फील्ड मजदूर यूनियन रोहिणी का पुनर्गठन 22 को



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक तुमांग पंचायत भवन में हुई। अध्यक्षता रामा उरांव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 22 दिसंबर रविवार सुबह 11 बजे रोहिणी शाखा का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन करते हुए शाखा सचिव ध्वजाराम धोबी ने सभी को बधाई दिया। कहा कि कामगार साथियों ने जिस तरह यूनियन के रोहिणी शाखा के प्रति अपना विश्वास जताया है, उससे वे उत्साहित हैं। अब वे हमेशा और भी दोगुना जोश के साथ काम करेंगे। मजदूरों के विश्वास को हमेशा कायम रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवाज बुलंद करूंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से नंदू मेहता, सूरजप्रधान मुंडा, बिरमल कुमार, हीरालाल, सोमनाथ मालिक, रूपलाल गांझू, राजनाथ सिंह, मो गफ्फार अंसारी, विजय भुईयां, संजय राम, मनोज राम, शिशिर लकड़ा, सिकंदर, रवीन्द्र गंझू, अशोक गंझू, चन्दन गंझू, काली राम, कृष्णा मुंडा, शिवशंकर राम, कोलेश्वर मुंडा, दिल्लू आदि उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### शिहान सुनील किस्पोट्टा सम्मानित किए गए




रांची। दिल्ली में चल रहे सब जूनियर ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का समापन हुआ। समापन समारोह के दौरान प्रतियोगिता के सफल आयोजन को देखते हुए विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। झारखंड से कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी कमीशन के चेयरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा सम्मानित किए गए।कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर इन्हें सम्मानित किया। सुनील किस्पोट्टा ने कहा की कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा जी के अगवाई में प्रतियोगिता का भव्य आयोजन दिल्ली में किया गया ऐसे प्रतियोगिता में शामिल होने से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है।

### राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता का किया गया पुरस्कार वितरण



**रांची।**आईडियल इन्टरनेशनल स्कूल दलादली में 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय झारखंड राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण रविवार को किया गया। सोलह ज़िले से विभिन्न आयु वर्ग के करीब 250 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया । पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आलम हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के संस्थापक सह सभापति डॉ मजिद आलम, विद्यालय के निदेसक डॉ सम्बूल आलम, प्राचार्या मंजू बग्गा, प्रशासक प्रणय कुमार, रांची जिला क्रिकेट संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार, फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्री करमबीर उरॉव, संयुक्त सचिव श्री रमाशीश सिंह, अनुप राजेश लकड़ा ने विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया।

### विशाल कुमार महतो ने आजसू छात्र संघ के प्रदेश महासचिव पद से दिया इस्तीफा



**धनबाद।** आजसू छात्र संघ के प्रदेश महासचिव विशाल कुमार महतो ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया।उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत कारणों से वे इस्तीफा दिये हैं।फिलहाल किसी अन्य पार्टी में जाने की योजना नहीं हैं।उन्होंने राजनीतिक सफर में सहयोग एवं आशीर्वाद बनाये रखने के लिए आजसू पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष सहित पूरे जिले के सभी विंग के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।वहीं उन्होंने विशेष रूप से गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो के सहयोग एवं छात्र हित के सभी मुद्दों को सदन में उठाने के लिए आभार प्रकट किया।

बता दें कि विशाल 11 वर्षों से आजसू पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में निःस्वार्थ भाव से कार्य करते रहें थे। वर्ष 2016 में विनोबा भावे विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में पी.के राय महाविद्यालय के छात्र संघ सचिव पद पर जीत हासिल की। तत्पश्चात आजसू छात्र संघ का नेतृत्व करते हुए विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने का अवसर मिला।उन्होंने बताया कि वह एक आम कार्यकर्ता के रूप में आजसू छात्र संघ से जुड़े थ। जिसके बाद कॉलेज अध्यक्ष,विश्वविद्यालय अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव का दायित्व निभाया।उन्होंने कहा कि वह आजसू पार्टी में निःस्वार्थ भाव से ईमानदारी पूर्वक अपनी क्षमता अनुसार कार्य करते रहे थे। लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने पार्टी के पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है।

### बीमार महिला को दी आर्थिक सहायता



**खलारी।** खलारी के गुलजारबाग निवासी मंगला देवी को केडीएच डंप कमेटी द्वारा आर्थिक सहायता दी गई है। मंगला देवी एक माह पूर्व अपने घर में ही चूल्हा से जल गई थी। शरीर का काफी हिस्सा जल गया है। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इलाज में गांव के लोग भी सहायता किए हैं। मंगला के बारे में जानकारी मिलने के बाद रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह उसके घर गए और केडीएच डंप कमेटी की ओर से आर्थिक सहायता दिए। इस मौके पर मो इसराइल अंसारी, हैदर अंसारी, सुखारी राम, नसीम अख्तर, अजय शर्मा, जुबेर अंसारी आदि मौजूद थे।

### हनुमान मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ संपन्न



ठाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड के बड़कामुरु में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री संकट मोचन हनुमान मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ पूणार्हुति के साथ ही संपन्न हो गया। धर्म ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ यज्ञ के दौरान 13 दिसंबर को कलश यात्रा नगर भ्रमण, मंडप पूजन, भंडारा व रात्रि हरि कीर्तन, तथा 14 दिसंबर को वेदी पूजन, नवग्रह पूजन,सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। वही 15 दिसंबर को मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा, जलाधीवाश, अंनाधिवश, प्रतिमा पालकी यात्रा, व यज्ञ पूणार्हुति महाआरती, प्रसाद वितरण के साथ ही यज्ञ संपन्न हो गया। साथ ही रात्रि में बाहर से आए कलाकारों द्वारा आयोजित भक्ति जागरण में रात भर राम भक्त झूमते रहे। समस्त अनुष्ठान पंडित आचार्य प्रमोद मिश्रा, मनोज मिश्रा, अश्विनी मिश्रा के द्वारा संपन्न कराया गए। भक्ति मय माहौल में आयोजित यज्ञ पूजा के सफल आयोजन में यज्ञ कमिटी के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का सराहनीय भूमिका रहा।

### अल्पसंख्यक समुदाय के हालात से सरकार को कराएगा जाएगा अवगत : कमेटी

**खलारी।** खलारी के जेहलीटांड़ स्थित सुल्तान अंसारी के आवास पर केंद्रीय मोहर्रम कमेटी खलारी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अब्बास अंसारी ने की। बैठक में मुस्लिम समाज की समस्याओं व सेंट्रल मोहर्रम कमेटी को मजबूत करने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से मो. तनवीर आलम को कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। तनवीर आलम ने कहा कि संगठन अल्पसंख्यक समुदाय के मौजूदा हालात, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार को लेकर सरकार व स्थानीय विधायक का ध्यान आकृष्ट कराएगा। मो. अब्बास ने मुस्लिम समाज की बैठक लगातार करने तथा लोगों को जागरूक करने व समाज के निचले पायदान के लोगों की समस्याओं से अवगत होने कहा। जनवरी में कमेटी का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन करते हुए कमेटी के मीडिया प्रभारी कलीम रिजवी ने कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अंचल अधिकारी खलारी से मिलकर बैंक चौक खलारी स्थित मेलाटांड़ के लिए जमीन चिन्हित संबंधी प्रस्ताव देगा। बैठक में बसीर अंसारी, मजहर आलम, सुल्तान अंसारी, मुबारक अंसारी, अब्दुल मजीद हाजी, बशीरअली अंसारी, हैदर अली, सलामत अंसारी, कादिर अली, जावेद अंसारी, मुबारक अंसारी, शमशाद अली, अख्तर अली, इस्लाम अंसारी, परवेज आलम, महबूब अंसारी, शाहिद खान आदि उपस्थित थे।

### खलारी के तुमांग व राय में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र

# न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर न बेचें अपना धानः बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिए खलारी प्रखंड अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन किया गया। खलारी प्रखंड अन्तर्गत दो धान अधिप्राप्ति केंद्र के रूप में तुमांग एवं राय लैम्प्स का चयन किया गया है। इस वर्ष किसानों से क्रय किए जानेवाले धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विन्टल एवं राज्य सरकार द्वारा 100 रूपए प्रति क्विन्टल बोनस सहित कुल 2400 रुपए प्रति क्विन्टल निर्धारित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी ने सभी किसानों से अपील किया है कि वे अपना धान बिचौलिए के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर न बेचें। साथ ही जानकारी दी की वैसे किसान जिन्होंने अपना निबंधन नहीं कराया है वे उपार्जन पोर्टल से आनलाइन निबंधन करवा सकते हैं। धान अधिप्राप्ति केंद्र तुमांग का उद्घाटन मुखिया संतोष महली ने तथा राय केंद्र का उद्घाटन मुखिया शीला कुमारी व उप प्रमुख सुमन देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बीडीओ संतोष कुमार, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, लैम्प्स के किसुन मुंडा, शत्रुघ्न मुंडा, रोशन मुंडा, करण कुमार, कंप्यूटर आपरेटर अविनाश टाना भगत, असलम अंसारी, कृषक मित्र पंकज मुंडा, नागेश्वर महतो व अन्य उपस्थित थे।

### मुखिया के प्रयास से दूर हुई करकट्टा बस्ती में पानी की समस्या

**खलारी।** खलारी के तुमांग पंचायत अंतर्गत करकट्टा बस्ती में मुखिया संतोषकुमार महली द्वारा जलमीनार का मरम्मत कराया गया। वार्ड सदस्य पंकज मुंडा के मुखिया के संज्ञान में जलमीनार मरम्मत का विषय लाया था। ग्रामीणो ने बताया कि करकट्टा बस्ती में लगा जलमीनार करीब चार महीने से खराब था। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही थी। जलमीनार मरम्मत होने से बस्ती में पानी की समस्या दूर हो गई है। ग्रामीणों ने इसके लिए मुखिया व वार्ड सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में नूनी देवी, रीना देवी, झालो देवी, राजेश मुंडा, भीम मुंडा, संजय मुंडा, संदीप मुंडा, अमीन गंझू, सुरेश गंझू, नरेश गंझू, बबलू मुंडा, सुमित्रा देवी, सरिता देवी, पारो देवी, नेहा देवी, पूनम देवी आदि ग्रामीण शामिल हैं।

# संपादक के चाचा नहीं रहे, अंतिम संस्कार आज



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** सेवानिवृत सीआई शतायु और अजातशत्रु ग्राम बढ़ैया निवासी नंदनपाल सिंह नहीं रहे । 100 वर्ष पूरे होने पर भी बिना चश्मे के अखबार पढ़ते और उन्हें कोई बीमारी भी नहीं थी । कभी टीवी नहीं देखी हमेशा रेडियो सुना करते दूर-दूर से लोग भूमि विवाद की गुत्थी सुलझाने उनके पास आया करते हमेशा सभी की मदद करते। पटना और रांची विश्वविद्यालय के प्रारंभिक दिनों के मेधावी छात्र रहे स्व सिंह ने सीआई की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था और अपने गांव में कृषि एवं अन्य व्यवसाय से जुड़े थे। कभी दवा नहीं खाया क्योंकि कभी बीमार ही नहीं पड़े । अनेक लोग रांची से जाकर उनके शतायु होने का राज पूछते तो उन्हें साधारण भोजन और नियमित जीवन जीने की सलाह देते। नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सुनील बादल के सगे चाचा थे और तीन भाइयों में एकमात्र जीवित सदस्य थे।अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं । उनका अंतिम संस्कार आज सोमवार को दिन के दस बजे बिजुपाड़ा के पास स्थित बढ़ैया गांव में किया जाएगा ।

### सोंस लैम्पस में धान की खरीदारी शुरू

**चान्हो।** चान्हो के सोंस लैम्पस में धान खरीदारी का शुभारंभ जिप सदस्य आदिल अजीम, पंचायत समिति रिजवान आलम, उप प्रमुख शिवचरण उरांव, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, मंगलेश्वर उरांव, देवंत साहु, परवेज आलम, जफर वारिश व अन्य किसान शामिल हुए। मौके पर जिप सदस्य आदिल अजिम ने कहा कि आज से सोंस लैम्पस मे धान खरीदी की शुरूआत हो रही है, जिसके तहत सरकार ने आप सभी की सुविधा के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 में झारखंड का बेहतर प्रदर्शन

# मुक्केबाजी में देवराणा ने जीता स्वर्ण पदक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दिल्ली में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024- 25 के अंडर-17 मुक्केबाजी में झारखंड के मुक्केबाज देवराना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रौशन किया है। झारखंड के पलामू जिले के उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय, रत्नाग, पांडु के 11वीं के छात्र देवराणा ने दिल्ली में 9 से 15 दिसम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के अपने वर्ग के प्रीलिम्स बाउट में डीएवी को 5-0 से, प्री क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 5-0 से, क्वार्टर फाइनल में दिल्ली को 5-0 से, सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 5- 0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल में तमिलनाडु को 5-0 से पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस शानदार जीत पर देवराना एवं राज्य टीम के कोच श्री अनुपम तिवारी, मैनेजर श्री दिगंबर और विभागाध्यक्ष एम मोदस्सर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# बेड़ो में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली दि लैम्पस लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन सह शुभारंभ किया गया। धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड के उप प्रमुख मुदस्सिर हक एवं कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष प्रोफेसर करमा उरांव ने अन्य विशिष्ट लोगों के साथ मिलकर किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि बुधराम लोहरा, जिला परिषद सदस्य वेरोनिका एक्का विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, , पंचू मिंज, संजय कच्छप, पड़हा राजा विशाल उरांव, सुका महतो, प्रबंधक गोयंदी उराईन ,पंचायत समिति सदस्य फूलमनी देवी, लैंपस अध्यक्ष चरवा उरांव, आशामणी मिंज, प्रेमचंद भगत, भीम गोप, प्रफूल लकड़ा ,रोशन कुमार केरकेट्टा, मनीरा तिर्की, सोमा उरांव, बुधवा उरांव, अजय उरांव जनसेवक जूनास टूटी, ऑपरेटर अभिषेक उरांव, ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गोयंदा उरांव,दिलीप उरांव एवं लैंपस के सदस्यों एवं किसानों और ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थित में विधिवत रूप से उद्घाटन किया। धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसानों में खुशी की लहर है। किसानों ने लैंपस प्रबंधक ,अध्यक्ष और झारखंड सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

### झारखंड ने गोवा को 129 रनों से हराया




**रांची।** झारखंड ने बीसीसीआई अंडर - 23 क्रिकेट टूर्नामेंट में गोवा को आसानी से 129 रनों से हरा दिया। यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 349 रन बनाए। शिखर मोहन ने एक छक्के एवं 6 चौके की मदद से 62 , आर्यन ने एक छक्के एवं आठ चौके की मदद से 66 , सत्य सेतु ने तीन छक्के एवं पांच चौके की मदद से 63 एवं राजनदीप ने चार छक्के व तीन छोटे की मदद से 63 रन बनाए। गोवा की ओर से लोकेश ने 70 रन देकर चार और शिवम ने 55 रन देकर दो विकेट लिया। जवाब में गोवा की टीम 39.1 ओवर में 220 रन ही बना सकी । जी कांबली ने 68 एवं आर्यन अजय नावरेकर ने 57 रन बनाए। झारखंड की ओर से शुभ शर्मा व कोनेन कुरैशी ने दो विकेट लिए।

### 160 लोगों का हुआ निःशुल्क नेत्र जांच

**खलारी।** खलारी बैंक चौक में दृष्टि नेत्रालय कटहल मोड़ रांची द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दृष्टि नेत्रालय के विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार ने लोगों के आंखों की जांच की व उचित परामर्श दिया। लोगों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में कुल 160 लोगों के आंखों की जांच किया गया। शिविर को सफल बनाने में दृष्टि नेत्रालय के स्टाफ टीम के अलावा जय माता दी ग्रुप खलारी के सदस्य अजयकुमार वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, दीपक प्रसाद, अंजलि देवी, अनिता देवी सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### बीसीसीआई अंडर -23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# केरल, हरियाणा , सौराष्ट्र और आंध्र प्रदेश की आसान जीत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेएससीए की मेजबानी में रांची में चल रहे बीसीसीआई अंदर - 23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज केरल, हरियाणा, सौराष्ट्र व आंध्र प्रदेश ने अपने- अपने मैच आसानी से जीत लिए। जेएससीए स्टेडियम में खेले गए मैच में केरल ने मणिपुर को 166 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 278 रन बनाए। अमर ने 6 एवं दो छक्के मदद से 60 एवं रोहन ने पांच चौके की मदद से 54 रन बनाए। मणिपुर की ओर से डोमिनिक ने 42 रन देकर दो एवं विवेक ने 36 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में मणिपुर की टीम 46.2 ओवर में मात्र 116 रन ही बना सकी। डोमिनिक ने तीन चौके की मदद से 28 एवं सुरेश ने पांच चौके मदद से 25 रन बनाए। ओवल मैदान में खेले गए एक अन्य मैच में हरियाणा ने उत्तराखंड को 138 रनों से हराया। हरियाणा ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में दो विकेट पर 471 रन बनाए हरियाणा की ओर से अर्श ने शानदार दोहरा शतक ( 230 ) जमाया। उसने कुल 16 छक्के एवं 17 चौके लगाए। इसके अलावा यश ने 132 रनों की शानदार पारी खेली। उसने छह छक्के एवं 11 चौके लगाए। इसके अलावा सम्राट में 79 रनों की पारी खेली।

#### जवाब में उत्तराखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 333 रन बनाए

उत्तराखंड की ओर से संस्कार एवं शाश्वत ने शतकीय पारी खेली। संस्कार ने 8 छक्के एवं 15 चौके की मदद से 127 एवं शाश्वत ने पांच छक्के एवं 12 चौके के मदद से 114 रन बनाए हरियाणा की ओर से हरीश ने 37 और देकर 5 विकेट लिए। मेकन ग्राउंड में खेले गए मैच में सौराष्ट्र ने नागालैंड को 242 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। सौराष्ट्र ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट पर 363 रन बनाए। पी चौहान ने 85 , अंश गोसाई ने 101 एवं जी समर ने 66 रन बनाये । नागालैंड की ओर से नेकचा में 60 रन देकर दो विकेट लिया। उषा मार्टिन मैदान में खेले गए मैच में आंध्र प्रदेश ने दिल्ली को 7 विकेट से हराया । इस मैच में आंध्र प्रदेश ने टॉस जीत कर दिल्ली को पहले बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। दिल्ली ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 166 रन बनाए । कुश नाजपत ने 40 एवं तेजस्वी ने 48 रन बनाए । आंध्र प्रदेश की ओर से केएस राजू ने 33 रन के चार और जी सुमित ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में आंध्र प्रदेश में 31 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाकर में जीत लिया। हेमंत रेड्डी ने 46 एवं रेवत रेड्डी ने 85 दरन बनाए। दिल्ली की ओर से रौनक ने 38 रन देकर दो विकेट लिया।

## एक नजर

### 'घूंघट लागल साड़ी' नामक खोरठा अलबम का विधायक ने किया शुभारंभ

**बरही।** स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव 'घूंघट लागल साड़ी' नामक खोरठा विडियो एल्बम का शुभारम्भ किया. इस अवसर पर एल्बम के कलाकारो ने विधायक को स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया. विधायक ने कहा कि बीते कुछ वर्षों से खोरठा कलाकारों ने झारखंड ही नहीं पूरे देश में विशेष पहचान बनाई है. राज्य सरकार इसके विकास के लिए पहल करे, इस दिशा में वह सार्थक उन्होंने एल्बम से जुड़े सभी कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए एल्बम की सफलता की कामना किया. मौके पर जिप सदस्या प्रीति कुमारी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, राज्य आर्यन डांस के संचालक छोटी रविदास उर्फ राज आर्यन, हास्य कलाकार प्रख्यात कुमार, संतोष निषाद, मंटू गुप्ता आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### पीवीयूएनएल टाउनशिप में फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन

**रामगढ़।** रामगढ़ के पीवीयूएनएल टाउनशिप में नए फील्ड हॉस्टल की स्थापना की गई है. फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह व स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने संयुक्त रूप से किया. फील्ड हॉस्टल में कर्मचारियों के रहने के लिए कमरे, कैंटीन व कॉमन हॉल की व्यवस्था है. यह सुविधा कंपनी के कर्मचारियों व अतिथियों के लिए है. उद्घाटन समारोह में जीएम (ओएंडएम) देवदीप बोस, जीएम (मेंटेनेंस) मनीष क्षेत्रपाल व मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउर रहमान विशेष रूप से उपस्थित थे. सभी अधिकारियों ने इस नई सुविधा के महत्व को रेखांकित किया और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं देने की कंपनी की प्रतिबद्धता दुहराई.

### दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, दो गंभीर

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत गांधी मैदान के समीप दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई. इसमें तीन लोग घायल हो गए. सभी घायलों को बरकाकाना पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से नई सराय अस्पताल भेजा गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में दो घायल सीसीएल कर्मी प्रमोद राणा और अनिल कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची मेदांता रेफर किया गया. जबकि एक घायल रवि सिंह का इलाज नई सराय में ही किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार रामगढ़ की ओर से आ रही स्कूटी संख्या जेएच 24 डी-9155 और घुटुवा से रामगढ़ जा रही बाइक संख्या जेएच 02 वी 8959 की आपस में जोरदार टक्कर हो गई. जिससे दोनों गाड़ियों में सवार व्यक्ति घायल होकर सड़क पर गिर गए. घटना की सूचना बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा को दी गई.

---

बिजली तार के संपर्क में आने से धान का बोझा लदे ट्रैक्टर में लगी आग

## बाल-बाल बचा चालक, धान जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह स्थित नीचे टोला में धान का बोझा लदा ट्रैक्टर बिजली तार के संपर्क में आने से आग लग गई। धान जलकर राख हो गया वहीं चालाक और ट्रैक्टर को बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिलाडीह निवासी मंजू देवी अपने खेत से ट्रैक्टर में धान लादकर खलिहान ले कर जा रही थी इसी दौरान लोड ट्रैक्टर बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे धान के बोझा में आग लग गई। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर और चालाक को बचा लिया गया लेकिन धान जलकर राख हो गया। लोगों के मुताबिक पीड़िता मंजू देवी गरीब और असहाय विधवा महिला है। जिनके तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। इस विधवा कहना है हमारा कोई सहारा नहीं अब हमारे सामने बच्चों को पालने की चुनौती हो गयी है। लगभग हमारा दस क्विंटल धान जलकर खाक हो गया है। गांवों के लोगों ने इस विधवा के लिए प्रशासन से मदद करने की अपील की है ताकि वह अपने बच्चों को पाल सके। अब इसके सामने विकट स्थिति पैदा हो गयी है।

## उपकारा रामगढ़ में विधिक जागरूकता-सह-स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कार्यकारिणी अध्यक्ष, झालसा, जस्टिस एस एन प्रसाद के निर्देशानुसार व आलोक कुमार दुबे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के निर्देशानुसार रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में उपकारा रामगढ़ में जेल अदालत के मौके पर विधिक जागरूकता-सह-स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 249 बंदियों की जांच हुई, जिसमें 14 महिला एवं 235 पुरूष बंदी शामिल थे। इस आयोजन पर उपकारा रामगढ़ में संसीमित सैकड़ों बंदियों को विधिक जानकारी, एलएडीसी( लीगल एड डिफेंस काउंसिल) योजना से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही उपकारा, रामगढ़ में संसीमित बंदियों का चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा स्वास्थ्य जांच कर महत्वपूर्ण चिकित्सा परामर्श भी दिया गया जिससे बंदी लाभांवित हुए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ अनील कुमार, प्रभारी काराधीक्षक अरूण कुमार खलखो, प्रभारी कारापाल शंकर कुमार, एलएडीसी चीफ सुजीत सिंह, डिप्टी चीफ राम जी, असिस्टेंट अभिनव कुमार व मोहन महतो, चिकित्सा पदाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं उनकी टीम उपकारा रामगढ़ में उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत रूप से किया गया शुभारंभ




**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बुध बाजार सिरु में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत शुभारंभ बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, मुखिया वीणा देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण और उनकी उपज को उचित मूल्य दिलाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा, जिससे उन्हें अपने धान को सही समय पर उचित दाम पर बेचने की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर किसानों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अधिप्राप्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया जाएगा, ताकि सभी किसान आसानी से इसका लाभ उठा सकें। शुभारंभ के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने केंद्र के सफल संचालन की कामना की और किसानों के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

### धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया उद्घाटन



**रामगढ़।** भदानीनगर के मतकमा चौक में देवरिया धान अधिप्राप्ति केंद्र का रविवार को उद्घाटन किया गया। केन्द्र का उद्घाटन बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि केंद्र के खुलने से किसानों को काफी लाभ होगा। उन्होंने किसानों को बिचौलिए से बचने और धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान बेचने की अपील की है। इस केन्द्र के बनने से किसानों को काफी लाभ होगा। किसानों की शिकातय रहती है कि हमलोगों को सही रूप से धान की किमत मिल पाती है जिससे हमलोगों को काफी नुकसान होता है। बताया गया कि केंद्र में धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू हुआ है। जहां किसानों को प्रति क्विंटल के हिसाब से 2400 रुपये का भुगतान किया जाएगा। मौके पर भाजपा के प्रमंडली प्रभारी योगेश दांगी, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा, देवरिया पैक्स अध्यक्ष चिमनी देवी, राजदेव मुंडा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन




**रामगढ़ ।** व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में विगत 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें आलोक कुमार दुबे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रामगढ़, संजय कुमार प्रधान जिला न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, अनिल कुमार सचिव डीएलएसए, चन्दन कुमार उपायुक्त रामगढ़, अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ एवं रोहित कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय लोग अदालत का उदघाटन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आये परिवादी /आवेदकों को लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गयी तथा उनकी लंबित मामलों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निष्पादन किया गया। इस दौरान रामगढ़ पुलिस द्वारा माननीय व्यवहार, न्यायालय, रामगढ़ में स्टॉल लगाकर महिला अत्याचार /उत्पीड़न, साईबर क्राईम, सड़क सुरक्षा, बाल यौन शोषण, पीड़ित को मिलने वाले मुआवजा के संबंध में तथा 18 दिसंबर को समय-11:00 बजे पूर्वाह्न में 'सिद्धू कान्हू मैदान, रामगढ़' में आयोजित होने वाले 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही रामगढ़ जिला के सभी थाना/ओपी प्रभारी द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

---

❑ बाल विवाह रोकथाम को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली प्रभातफेरी

## लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित कन्या पल्स टू उच्च विद्यालय बेलकपी के छात्र छात्राओं ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर एक दिवसीय प्रभातफेरी निकाली। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास के नेतृत्व में निकाली गई। प्रभातफेरी के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा बंद करो, शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता को लड़कियों के बीच बढ़ाने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। विद्यर्थियों का कहना था कि आजकल लोगों को बच्चियों को बोझ समझते हैं लेकिन ऐसा नहीं है आजकल लड़कियां भी लड़कों के कदम से कमद मिलाकर कर चल रही हैं और उनसे कम नहीं है। वर्तमान समय में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे हैं वह धरती से लेकर आसमान तक की उड़ान भर रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्रु प्रसाद, मुकेश कुमार पाण्डेय, संजय मेहता, राकेश प्रसाद, ब्रह्मदेव कुमार, हरिकांत पाण्डेय, अवधेश यादव, मुकेश कुमार, ईश्वर कुमार, इंद्रजीत प्रसाद, अकांक्षा चौबे, ममता कुमारी, रेखा कुमारी वर्णवाल,गुलाम कौशर, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजीत तिवारी समेत आदि लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

कुसुम्भा, ढेंगुरा व सलगावां पैक्स में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का हुआ उद्घाटन

## किसान पैक्स में निर्धारित मूल्य पर धान बिक्री करें : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता कटकमदाग/ हजारीबाग** कटकमदाग प्रखंड के पसई, कुसुम्भा व ढेंगुरा पैक्स में रविवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। जबकि सलगावां पैक्स का नावाडीह स्थित कार्यालय में पंचायत के मुखिया मधु रानी ने केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। पसई के बानादाग स्थित पैक्स कार्यालय में आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए पैक्स एक बड़ी उपलब्धि है। पैक्स के माध्यम से किसान अपने फसल को उचित मूल्य पर बेच सकेंगे। उन्होंने किसानों धान की बिक्री पैक्स में ही निर्धारित दर पर बेचने के लिए प्रेरित किया। कहा कि पैक्स से जुड़कर किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो सकेंगे। मौके डीएसओ सुधीर प्रसाद ने बताया कि सभी पैक्सों में किसानों का धान 2300 रुपए प्रति क्विंटल व 100 रुपए बोनस की दर से क्रय किया जाना है। एक किसान पैक्स में 200 क्विंटल तक धान बिक्री कर सकते हैं। मौके पर पैक्स अध्यक्ष गणेश साव, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा, मंडल महामंत्री अरुण राणा, मुखिया परमेश्वर गोप, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, मोहन गुप्ता, कन्हैया प्रसाद, विनोद प्रसाद, मनीष ठाकुर, मसरातू पंसस प्रतिनिधि रणधीर सिंह, शशि शर्मा, राजेंद्र यादव, ललन गोप राइस मिल संचालन शेखर कुमार, जनसेवक आकाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। नावाडीह में पैक्स अध्यक्ष पिंकी देवी, झामकोफेड के निदेशक सदानंद ओझा, प्रबंधक रविन्द्र कुमार दास, सहायक गणेश प्रसाद, किसान मित्र बालेश्वर प्रसाद, कुसुम्भा में उप प्रमुख विमल गुप्ता, मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पैक्स अध्यक्ष मिथिलेश यादव सहित कई किसान उपस्थित थे।

कोयलांचल संघर्ष समिति का हुआ गठन

## झारखंड से कोयलांचल राज्य अलग करो : अनूप भाई




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लारा में समाजसेवी अनूप भाई के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा के बाद सर्व समिति निर्णय लिया गया कि एक नई संगठन का हो जिसका नाम कोयलांचल संघर्ष समिति रखा गया। सभा को संबोधित करते हुए अनूप भाई ने बताया कि हमारे पूर्वजों के समय से हमारा क्षेत्र रामगढ़ राज्य के नाम से जाना जाता है। बिहार से कट कर झारखंड राज्य बना जिसे रामगढ़ राज्य बनना चाहिए पर ऐसा नहीं हुआ। झारखंड राज्य बन तो हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, रामगढ़, लातेहार, गढ़वा, पलामू, डाल्टनगंज मै लोगों का निवास संपूर्ण विकास नहीं हो पाया। निम्न जिलों में सबसे अधिक ओबीसी कैटेगरी के आबादी है, पर इन क्षेत्रों में ओबीसी के लिए विधानसभा ,लोकसभा सीट में किसी प्रकार का आरक्षण नहीं है। वहीं झारखंड में वही जनजाति के लिए 28 विधानसभा क्षेत्र आरक्षित है, 4 अलग झारखंड राज्य होने पर निम्न जिलों के लोगों को रामगढ़ राज्य के द्वारा हुकूमनामा परचा से हासिल जमीनों को सरकार अपने कब्जे में ले रही है और रियातों को बेदखल कर रहा है। वहीं इन सभी क्षेत्र में जंगल झाड़ी को काटकर जो पांच से दस साल से आकर लोग रह रहे हैं।

### सूर्यकुंड धार्मिक न्यास समिति के अध्यक्ष बने संतोष कुमार देव, सचिव दर्शन सोनी

**बरकट्ठा।** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची के द्वारा पत्रांक 1717/24 को निर्गत करते हुए बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धार्मिक न्यास समिति के सदस्यों का सुची जारी किया गया। झारखंड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक द्वारा निर्गत प्रपत्र के अनुसार सूर्यकुंड को झारखंड सरकार द्वारा पंजीकृत किया गया है। जिसका पंजीयन संख्या 65460009/24 है। पंजीकृत सूर्यकुंड धार्मिक न्यास समिति के लिए अध्यक्ष संतोष कुमार देव, सचिव दर्शन सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय और सदस्य के रूप में श्याम किशोर सिंह, संजय कुमार साव, प्रवीण कुमार उर्फ टहल महतो को मनोनीत किया गया है। वहीं पदेन जिला परिषद सदस्य, स्थानीय मुखिया पदेन अंचलाधिकारी बरकट्ठा पदेन, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरकट्ठा पदेन एवं देवेन्द्र कुमार पाण्डेय और राजकुमार नायक को संरक्षक बनाया गया है।

## गैड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम कीतोर्डीह में कॉमन सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़** हजारीबाग जिले विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत गैड़ा के ग्राम कीतोर्डीह में कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन एवं समाजसेवी ताज अंसारी के द्वारा फीता काटकर संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर सेंटर की प्रोपराइटर जुबेदा खातून ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण हमारे गांव के लोगों को किसी भी तरह के ऑनलाइन कार्य करवाने के लिए बहुत समस्याएं होती थी, हमारे सेंटर में सभी तरह के ऑनलाइन कार्य किए जाएंगे। अब हमारे गांव के लोगों को विष्णुगढ़ बगोदर का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। गांव में सेंटर के खुलने से खासकर महिलाओं को काफी सुविधा होगी। हमारे सेंटर में जाति, आय, आवासीय पैसे की जमा निकासी समेत कई तरह के कार्य किए जाएंगे। मौके पर वार्ड सदस्य समरुद्दिन अंसारी, अशोक यादव, इमामुद्दीन अंसारी, उमेश यादव, मोइन अंसारी, सलमा खातून,जैनब खातून, तबस्सुम खातून, सालतुन खातून, समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

शैलेंद्र यादव ने संविधान रक्षक अभियान का किया प्रभारी नियुक्त

## निसार खान को मिली महानगर की जिम्मेवारी




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रखंडवार प्रभारी नियुक्त किया है। निसार खान को महानगर का इकबाल रजा को चौपारण प्रखंड का डॉ. प्रकाश कुमार को चलकुशा प्रखंड का मकसुद आलम को बरही प्रखंड का प्रदीप मंडल को बरकठ्ठा प्रखंड का डॉ. निजामुद्दीन अंसारी को पदमा प्रखंड का दिगम्बर मेहता को इचाक प्रखंड का जावेद इकबाल को सदर प्रखंड का भैया असीम कुमार को दारू प्रखंड का विशेश्वर स्वर्णकार को टाटी झरीया का सुरेन्द्र मिश्रा को विष्णुगढ़ प्रखंड का मो.वारीश को चुरचु प्रखंड का शशिभूषण सिंह को डाड़ी प्रखंड का महेश प्रसाद साहु को बड़कागांव प्रखंड का कजरू साव को केरेड़ारी प्रखंड का रघु जायसवाल को कटकम सांडी का गोविंद राम को कटकम दाग का प्रभारी नियुक्त किया गया।

### एकल विद्यालय अभियान ने आयोजित की जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता

**बरही।** एकल विद्यालय अभियान के तहत बरही में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि एसडीओ जोहान टुड्डु, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल शामिल हुए. इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता आयोजित किए गए. जिसमे प्रखंड के विभिन्न पंचायत के विद्यार्थी शामिल हुए. विधायक श्री यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल कूद भी आवश्यक है. खेल कूद में भी कैरियर की असीम संभावनाएं है. एसडीओ श्री टुड्डु ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल कूद मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक है. एसडीओ श्री बिमल ने कहा कि नियमित पढ़ाई के साथ नियमित खेल भी आवश्यक है. कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को विधायक सहित उपस्थित अतिथियों के हाथो प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया.

हजारीबाग यूथ विंग ने निभाई समाजसेवा की जिम्मेदारी

## शीतकाल में गरीबों की सेवा करना महत्वपूर्ण कार्य है : चंद्र प्रकाश जैन




*प्रत्येक रविवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम लगातार चलाने का हमारा उद्देश्य है ताकि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति कठिनाई का सामना न करे*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान के तहत इस रविवार को 200 कंबल का वितरण किया गया। यह अभियान प्रति रविवार को आयोजित किया गया, जिसके तहत जरूरतमंदों को सर्दी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए जाते हैं। इस रविवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम नगवां टोल प्लाजा के समीप आयोजित किया गया। इसके साथ ही दूसरा कार्यक्रम बड़ा बाजार चौक पर आयोजित किया गया, जहां जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा पूरे सर्दी के मौसम तक, फरवरी 2025 तक, प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने के लिए हजारीबाग यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खण्डेलवाल, सरजू यादव संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल,गुंजन मद्धेशिया इत्यादि रहे। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हमारे समाज में जरूरतमंदों की मदद करना हमारी प्राथमिकता है और हजारीबाग यूथ विंग का शीतकालीन राहत अभियान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्येक रविवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम लगातार चलाने का हमारा उद्देश्य है ताकि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति कठिनाई का सामना न करे। मैं टीम के सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस नेक काम में भाग लिया और हम इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपा संगठन महामंत्री आदित्य साहू का भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** संगठन महापर्व तहत सदस्यता अभियान सत्र 2024-2030 जिला स्तरीय कार्यशाला सह नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों का स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बतौर अतिथि राज्यसभा सांसद सह महामंत्री आदित्य साहू की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। महामंत्री आदित्य साहू को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अतिथि सत्कार कर बुके भेंटकर स्वागत व अभिनंदन की। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया। सदस्यता अभियान संबंधित कई विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुआ। अभियान को तीव्र गति प्रदान करने का भी विशेष आव्हान किया गया। इस दौरान भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने नवनिर्वाचित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव एवं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को बुके भेंटकर उज्ज्वल कार्यकाल की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आपके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की एक नया अध्याय स्थापित होने की कामना की।

### एसपी कार्यालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# दोषियों को सजा दिलाने में कांड के अनुसंधान की भूमिका अहम

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार और सिमडेगा जिला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिमडेगा के सभागार में मामलों के जांच अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में न्यायिक पदाधिकारियों ने जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों को मामलों के अनुसंधान के तरीकों के बारे विस्तृत जानकारी दी। पीडीजे ने कहा कि किसी भी मामले में दोषियों को सजा दिलाने में कांड का अनुसंधान बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान के दौरान वैज्ञानिक तरीकों को अपनाते हुए बेहतर साक्ष्य प्रस्तुत कर दोषियों को उनके द्वारा किए गए अपराध की सजा दिलाया जा सकता है। पीडीजे ने कहा कि न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए सही तरीके से साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय, पुलिस और चिकित्सक के आपसी सामंजस्य से किसी भी अपराधी को सजा दिलाई जा सकती है तथा समाज में न्याय स्थापित किया जा सकता है। पीडीजे सह स्पेशल जज पोस्को राजीव कुमार सिन्हा ने पोस्को से जुड़े मामलों के अनुसंधान के बारे बताया। वहीं एडीजे ने एनडीपीएस केस में मादक पदार्थों की जब्ती एवं उसके प्रमाण पत्र लेने के तरीकों के बारे विस्तृत जानकारी दी। एसपी सौरभ ने मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों के अनुसंधान के बारे जानकारी दी। सीजेएम मनीष कुमार सिंह ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले हिंसा से जुड़े केस के अनुसंधान के बारे बताया। मौके पर विशेष रूप से पोक्सो, एनडीपीएस, मोटर दुर्घटना, महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मामलों में खास ध्यान देने की बात कही गई। न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा इन काण्डों के अनुसंधान में त्रुटियों को रेखांकित करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इससे पूर्व एसपी सौरभ ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों का स्वागत किया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में एडीजे नरंजन सिंह, सीजेएम मनीष कुमार सिंह, प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह, एपीपी, सभी अंचल के पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जिले के दोनो विस में दो लाख सदस्य बनाएगी भाजपा : बड़कुंवर

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार पूरे झारखंड में 22 दिसंबर से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा, कार्यकर्ता 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर विवरण भर कर भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं।बैठक को सम्बोधित करते हुए सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता ने कहा की बूथ से लेकर जिला स्तर तक सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर भाजपा सदस्य बनाना है अलग-अलग पदाधिकारी के लिए प्रदेश द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।साथ ही 18 एवं 19 दिसम्बर तक सदस्यता अभियान को लेकर मंडल में कार्यशाला कर लेना है और 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान कार्य प्रारंभ कर देना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बड़कुवर गगराई ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम से हम निराश हैं लेकिन हौसला कम नहीं हुआ है संगठन महापर्व सदस्यता अभियान में भाग लेकर हम संगठन को मजबूत करें एवं आने वाले 2029 के चुनाव में पुनः झारखंड में कमल खिले ये संकल्प लेना है, जिले के दोनों विधानसभा में एक एक लाख भाजपा सदस्य बनना है और संगठन को मजबूत करना है साथ ही सरकार की विफलताओं को जनता के बीच पहुंचना है। कार्यशाला से पूर्व अतिथियों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गान कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई।

### मोटर यूनियन सिमडेगा की अध्यक्षता में एसडीपीओ ने बैठक कहा-

## सिमडेगा के रास्ते हो रही गांजा तस्करी को रोकने में करें मदद

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा बस पड़ाव में मोटर यूनियन के अध्यक्ष दिलीप तिर्की सहित सभी सदस्यों के साथ रविवार को एसडीपीओ बैजू उरांव के साथ एक सामुहिक बैठक की गई। बैठक में एसडीपीओ बैजू उरांव ने सभी कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान समय मे जिस तरीके से गांजे की तस्करी दूसरे राज्य से हमारे राज्य में बस के माध्यम से बहुत ज्यादा मात्रा में हो रही है। जिसके धर पकड़ के दौरान ऐसी परिस्थिति बन जाती। जब बस जब्त की जाती है तो बाकी पैसेंजर को बहुत तकलीफ होती है। साथ ही कानूनी कार्यवाही की प्रक्रिया पूर्ण करते 3 से 4 घंटे लग जाते ,जिससे पब्लिक यह समझती हमे जानबुझ कर परेशान किया जा रहा। इसलिए ऐसे हालात पैदा होने से रोकने के लिए आप सब कर्मी वैसे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके द्वारा ही उनके सामान को खुलवाकर चेक कर लें। मामला गंभीर होने की स्थिति में पुलिस को बिना देर सूचित करें। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी राहगीरों को बस के यात्रा के दौरान अनावश्यक तकलीफ न दें। मौके पर अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने भी कहा कि हमारा यूनियन प्रशासन की इस पहल के साथ है। हमारे ओर से अधिक से अधिक सहायता की जाएगी क्योकि ये हमारी नैतिक जिम्मेवारी भी है। साथ ही दिलीप ने आग्रह भी किया, कि बस पड़ाव के दोनों गेट में ऑटो और टुकटुक जैसे वाहन की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है।

और शाम होते ही नशे का अड्डा बन जाता इन दोनों चीजों से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। साथ ही रमेश महतो , राजेन्द्र सिंह एवं अन्य लोगों ने भी अपनी बातों को रखा। जिसपर एसडीपीओ ने पूर्ण मदद का आश्वासन देते हुए कहा है कि जहाँ हमारी मदद की आवश्यकता है हम प्रशासन आपलोगो के साथ हैं। बैठक में बस मोटर यूनियन के सभी पदाधिकारीगण सहित अन्य सभी मौजूद थे।

### एमवीआई एवं सीओ के नेतृत्व में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

## बगैर हेलमेट एवं लाइसेंस के वाहन चलाने वालों से वसूला 92 हजार का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर स्पेल ड्राइव चलाते हुए परिवहन विभाग ने दो पहिया वाहन चालकों के विरूद्ध सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया।एमवीआई प्रकाश रंजन एवं सदर सीओ इम्तियाज अहमद के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों के कागजातों की सघनता पूर्वक जांच की गई।जांच के दौरान वैसे चालक जो बगैर हेलमेट एवं अधूरे कागजात के वाहन चलाते पकड़े गए उनसे जुर्माना वसूला गया।वाहन जांच के दौरान कुल 34 वाहनों से 92,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।इस दौरान सभी चालकों को कड़ी हिदायत दी गई और अगली बार से बिना हेलमेट एवं बगैर लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े जाने पर दोगुना जुर्माना करने की बात कही गई।मौके पर एमवीआई प्रकाश रंजन, सदर सीओ इम्तियाज अहमद, सड़क सुरक्षा के अजित कुमार रवि, चंदन कुमार एवं सदर थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

### स्पेशल ड्राइव के तहत लगातार जारी रहेगा वाहन चेकिंग अभियानः-डीटीओ

इधर डीटीओ संजय कुमार बाखला ने जानकारी देते हुए बताया कि डीसी के निर्देश पर स्पेशल ड्राइव चलाते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगी।उन्होंने सभी दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की है।साथ ही कहा कि जिनका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है वे भी अपना ड्राइविंग लाइसेंस जल्द बनवा लें।अन्यथा जांच के दौरान पकड़े जाने पर मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जुर्माना किया जाएगा।साथ ही उन्होंने सभी चार पहिया एवं अन्य वाहन स्वामित्वों से अपने अपने वाहनों के कागजात को दुरूस्त कराने की अपील की अन्यथा जांच के दौरान उनपर भी जुर्माना किया जाएगा।

## जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता सिमडेगा की बेटी को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** हरियाणा के पंचकुला देवीलाल स्टेडियम में 07 दिसम्बर से 09 दिसम्बर तक हुए 25वीं सब जूनियर एवं जूनियर स्कॉय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सिमडेगा की बेटी आईलिन डांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक अपने नाम किए।साथ ही साथ झारखंड का नाम रोशन किया। जिसे समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता खुशीराम कुमार ने गांधी मैदान सिमडेगा में फूल माला के साथ मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं इनके बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाए दी और आगे भी इसी तरह से राज्य के खिलाड़ी इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए झारखंड के नाम को अव्वल नंबर पर पहुंचाने को कहा मौके पर आनन्द बड़ाईक, सिरिल डांग, सेने समद आदि मौजूद थे।

## दस माह से खराब पड़ा है बाड़ीब्रिंगा पाहन टोली की जलमीनार, शिकायत के बावजूद भी नहीं ले रहा सुध

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत बाड़ीवृंगा पाहन टोली का जलमीनार पिछले दस महीने से खराब पड़ा है। जिसके कारण गांव के 13 आदिवासी परिवार स्वच्छ पेयजल के लिए भटक रहे हैं। बार-बार जलमीनार खराब होने से उसके गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया है। लोगों ने बताया कि यह जलमीनार जय मां कंस्ट्रक्शन के द्वारा अधिष्ठापित किया गया है। नाराज ग्रामीण का कहना है कि के जलमीनार अधिष्ठापित करने वाले संवेदकों के सिर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों का हाथ रहने के कारण इन पर कभी कारवाई नहीं होती। जलमीनार योजना से संवेदक से लेकर कई जिम्मेदार कर्मियों की जेब तो भर गए, लेकिन इसकी मार ग्रामीण को झेलना पड़ रहा है। ग्रामीण बिरा कन्डुलना, सुखराम कन्डुलना, मंगरी कन्डुलना, सालमी कन्डुलना, बिनी कन्डुलना, आमासी कन्डुलना, फागुनी कन्डुलना, सुनिता देवी, सिलवन्ती कन्डुलना, बिरसी कन्डुलना, बसंन्ती कन्डुलना मुनिका कन्डुलना, लुसिया कन्डुलना, सिलबिना कन्डुलना, मुनी कन्डुलना, अलबिना कन्डुलना, मीना कन्डुलना आदि लोगों ने बताया कि कुल 13 परिवार इस जलमिनार पर आश्रित हैं। संदेवक को कई बार शिकायत की गई लेकिन भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिसके कारण उन्हें कुआं का गंदा पानी पीना पड़ रहा है।

## ईश्वरीय आशीष का गवाह है रजत जयंती समरोह : बिशप बिंसेंट बरवा

- संत लुईस काथलिक चर्च सोगड़ा का धूमधाम से मना रजत जयंती समरोह
- समारोह में प्रोवेंशियल फा अजीत कुमार खेस, विधायक भूषण बाड़ा सहित दर्जनों पुरोहित, धर्मबहनें हुए शामिल




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा स्थित संत लुईस काथलिक चर्च स्थापना के 25 वर्ष पुरे होने पर रविवार को रजत जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर बिशप बिंसेंट बरवा की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। बिशप का सहयोग प्रोवेंसियल फा अजीत कुमार खेस, फा पीयुस खलखो, फा ब्रुनो टोप्पो, फा एमानुएल बरला, पल्ली पुरोहित फा सिलबानुश डुंगडुंग, फा फ्लोरेंस गुड़िया, फा फेडरिक कुजूर, फा बिपिन तिर्की, फा एफ्रेम बाः सहित दर्जनों पुरोहितों ने किया। मौके पर कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बिशप ने अपने संदेश में कहा कि रजत जयंती समारोह ईश्वरीय आशीष का गवाह है। हमारी मिशनरियों द्वारा दिए गए योगदानाओं के कारण आज कलीसिया इतनी दूर सफलता पूर्वक पहुंचा। बिशप ने कहा कि आने वाले भविष्य में प्रभु येशु के प्रेम, क्षमा और सेवा के सीख उत्तम परिवार और समाज बनाने में सहयोग करते रहेगी। उन्होंने कहा कि महागिरजाघर के पुरोहित प्रभु यीशु पर विश्वास करते हुए लोगों तक उनका संदेश पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी से यीशु के बताए मार्गों पर चलने की बात कही। साथ ही दीन दुखियों व असहायों की सेवा करने को कहा। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सामरोम पौल तोपनो, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, लुसियन मिंज, समीर किंडो, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, सोभेन तिरगा, जुली लुगुन सहित हजारो की संख्या में ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित थे।

### सिमडेगा धर्मप्रांत में सोगड़ी पल्ली की है एक अलग पहचानः विधायक भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ईश्वर की महिमा से आज सोमड़ा पल्ली का 25 वां वर्ष मनाया जा रहा है। यह ईश्वर की महान कृपा से ही संभव हुआ है। सोगड़ा पल्ली पूरे सिमडेगा धर्मप्रांत में अपना एक अलग पहचान बनाया है। इसका मुख्य वजह सभी पुरोहितों के अलावे पल्लीवासियों के आपसी सहयोग एवं एकजुटता है। यहां के पल्ली पुरोहित फादर सिलबानुश बहुत ही कर्मठ एवं उर्जावान व्यक्तित्व से ओते-प्रोत है। उन्होंने कहा कि सोगड़ा पल्ली एक परिवार की तरह है। इस पल्ली में जितने भी गांव है, सभी एक परिवार है। सभी को साथ मिलकर चलना है।

### रजत जयंती समारोह मनाना हर्ष की बातः प्रोवेंशियल फा अजीत

प्रोवेंशियल फा अजीत कुमार खेस ने अपने संदेश में कहा कि रजत जयंती समारोह मनाना हमारे लिए हर्ष की बात है हम सभी को मिस्सा के द्वारा प्रभु का विशेष आशीष मिल रहा है। आने वाले समय में कलीसिया और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम को जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी संबोधित किया। उन्होंने भी रजत जयंती समारोह की बधाई दी।

## आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है क्रिसमसः विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता




- नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च कामतारा में धूमधाम से मना क्रिसमस गैदरिंग

**सिमडेगा।** नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च कामतारा में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक ने सभी लोगों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के मौके पर धर्म विश्वसियों से अपेक्षा है कि सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करें। दुनिया में शांति, दया, सेवा, सुख, समृद्धि के साथ साथ अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करें। आपस मे प्रेम, शांति और भाईचारा का संबंध बनाने हुए सभी का सहयोग करने का संकल्प लें। विधायक ने कहा कि गरीबों, असहायों, दीन-दुखियों की सेवा करते हुए जरूरतमंद लोगों में वस्त्र, अनाजों का वितरण करें।

## जेल अदालत,विधिक जागरूकता शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्राधिकार के अध्यक्ष सह पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा के निर्देश पर रविवार को मंडल कारा में जेल अदालत,विधिक जागरूकता शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों के स्वास्थ्य जांच करते हुए उन्हें कानून की जानकारी दी गई। प्राधिकार के चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव और असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल ने बंदियों को कानून का पाठ पढ़ाया। चीफ एलएडीसीएस ने कहा कि कानून में बंदियों को कई अधिकार मिले हैं। उन अधिकारों से अगर जेल प्रशासन द्वारा वंचित किया जाता है तो इसकी शिकयत प्राधिकार से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बंदी अपने केस की पैरवी के लिए वकील चाहते हैं तो इसके लिए प्राधिकार को आवेदन दे सकते हैं। अहर्ता पूरा करने वाले बंदियों को वकील भी मुहैया कराए जाएंगे। असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल ने भी बंदियों से जुड़े अधिकारों के बारे विस्तार से बताया। मौके पर कई न्यायालय कर्मी, जेल कर्मी और बंदी मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

### तीन कैम्पसों में शुरू हुआ धन अधिप्राप्ति का कार्य



**कुरडेग।** प्रखंड अन्तर्गत तीन केन्द्रों कुरडेग, डूमरडीह एवं चाडरीमुंडा लैम्पस के धान अधिप्राप्ति केन्द्रों में धान खरीदी रविवार 15 दिसम्बर से शुरू की गई।कुरडेग लैम्पस अधिप्राप्ति केन्द्र में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, सीओ किरण डांग ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्यामकिशोर प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर धान खरीद की शुरूआत की गई। वहीडूमरडीह लैम्पस अधिप्राप्ति केन्द्र में जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।कुरडेग लैम्पस के प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि इस साल धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 एवं 100 रू बोनस कुल 2400 रू प्रति क्विंटल है। प्रखंड में प्रथम दिन तीन किसानों से कुल 102 क्विंटल धान क्रय की गई।मौके पर पंचायत सचिव, एनोसेन्ट बाः, रामनन्दन महतो, विनोद दास, जीशान खान आनन्द डांगवार ,रामवचन साय, सकल राम बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

### हाइटेक सुविधा युक्त अस्पताल का विधायक एसपी और सीएस ने किए उद्घाटन



**सिमडेगा।** स्वस्थ सुविधा से लगातार जूझने वाले आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले में आज हाइटेक सुविधा युक्त राज हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। शहर में के हेलनपुर में रविवार को हाइटेक सुविधा युक्त नया राज हॉस्पिटल का उद्घाटन सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एसपी सौरभ और सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कई जाने माने डॉक्टर और गणमान्य लोग मौजूद रहे। राज हॉस्पिटल के संचालक डाक्टर भानु प्रताप ने बताया कि वे जिले में सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की सुविधा देने की सोच के साथ इस हॉस्पिटल को जनता को समर्पित है। उन्होंने बताया कि मल्टी स्पेशलिस्ट इस हॉस्पिटल में रांची और राउरकेला जैसे स्पेशलिस्ट डॉक्टर की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस हॉस्पिटल में रांची और राउरकेला से कम खर्च पर हर तरह के ऑपरेशन की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज हॉस्पिटल जिले वासियों को रियायत खर्च पर हाइटेक और समुचित इलाज मुहैया कराएगी। जिससे रांची, राउरकेला भटक कर लोगों को महंगे इलाज के चक्कर में नहीं जाना पड़े।सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने डॉक्टर भानु प्रताप के जिले वासियों को उच्च स्वस्थ सुविधा प्रदान करने के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जिले में इस तरह के उच्च सुविधा युक्त अस्पताल बनने से यहां के जनता को काफी राहत मिलेगी। उच्च स्वास्थ्य सुविधा के लिए अब लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बानो में सिखाया गया ताइक्वांडो

**बानो।** रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बानो में सिमडेगा जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । जिसमें ताइक्वांडो के विभिन्न प्रकार के पैर पैतारे गुर सिखाया गया जिसमे किक , पंच ब्लॉक एंव ताइक्वांडो पूम्से सिखाया गया जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सह मुख्य प्रशिक्षक जुनास डांग एंव राष्ट्रीय रेफरी सह सहायक मुख्य प्रशिक्षक अजय सिंह ने ताइक्वांडो के गुर सिखाया। जुनास डांग ने सभी प्रतिभागियों को बताया की आजके बढ़ते दुष्कर्म को देखते हुए पढ़ाई के साथ आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेना जरूरी हैं ताकि शरीर स्वस्थ रहे मानसिक संतुलन बना रहे और आत्मविश्वास के साथ आत्मरक्षा कर सके । राष्ट्रीय रेफरी अजय सिंह ने पूम्से को बारीकी से सिखाया और बताया की पूम्से ताइक्वांडो की आत्मा है। इसमें सभी तरह के आत्मरक्षा के गुर छुपे हुए हैं । कस्तूरबा गांधी विद्यालय बानो के वार्डेन सह शिक्षिका अनुराधा कुमारी प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दिया और पढ़ाई के ताइक्वांडो सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में कस्तूरबा गांधी विद्यालय बानो के ताइक्वांडो प्रशिक्षिका दीक्षित कुमारी एंव सिमडेगा के ताइक्वांडो प्रशिक्षिका पदमावती कुमारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### अपने को स्वस्थ रखते हुए आत्म रक्षा का गुर सीखने की आवश्यकता : राम नायक

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में रविवार को पुलिस कराटे कोच मनीष मिश्रा ( बोकारो- एस आई एस एफ, जिले के वरिष्ठ कराटे ट्रेनर राम नायक ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने अतिथियों को मोमेंटो तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। जिसके बाद पुलिस कराटे कोच मनीष मिश्रा ने सेल्फ डिफेंस का एक से बढ़ कर एक कराटे का गुर सिखाया साथ ही मौके पर छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आत्म रक्षा जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जिसके दौरान विधि का सम्मान करते हुए आत्म रक्षा के लिए स्वयं को तैयार करने की बात कही। मौके पर उपस्थित जिले के वरिष्ठ कराटे ट्रेनर राम नायक ने भी बच्चियों को अपने को स्वस्थ रखते हुए आत्म रक्षा का गुर सीखने की आवश्यकता है। आप सभी दैनिक जीवन में योग के साथ कराटे को शामिल करें। मौके पर संस्थान के समन्वयक रविकांत मिश्रा ने स्वागत करते हुए पुनः संस्थान की छात्राओं को कराटे प्रशिक्षित कराते रहने का आग्रह किया। लगभग दो घंटे की कक्षा सत्र के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

### ऑल चर्चेस समिति बानो की ओर से धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह




**बानो।** ऑल चर्चेस बानो तत्वधान मे रविवार को क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छोटा नागपुर एवं असम के जीएल चर्च के डिप्टी मॉडरेटर रेवह बिशप मुरेल बिलुंग व विशिष्ट अतिथि तोरपा विधायक सुदीप गुडिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन विशप मोरेल विलुंग, विधायक सुदीप गुडिया, बानो पेरिस चेयरमैन पादरी एन टोपनो, पास्टर दुलार बा, पादरी सीएस जडिया, क्लेमेन्ट टेटे एवं जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने संयुक्त रूप से कैंडल जलाकर क्रिसमस गैदरिंग का उद्घाटन किया। विशप ने फीता काट कर व केक काट कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।क्रिसमस गैदरिंग में धार्मिक गीतों पर गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया ।ऑल चर्चस कमेटी के विभिन्न मंडलियों के द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत चिरूबेडा के द्वारा अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम स्थल लाया गया।स्वागत गान संत थॉमस स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर स्वागत किया गया ।कार्यक्रम ने बानो मिशन हत्ता जेपीसी चर्च संध्या ग्रुप बिलीवर्स चर्च, जी ई एल चर्च सीएनआई चर्च, हिंद कलीसिया, आरसी सहित अन्य चर्चों के द्वारा विभिन्न धार्मिक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## एक नजर

### नौ दिवसीय श्रीश्री राम महायज्ञ को लेकर हुई बैठक

**कतरास।** राम राज मंदिर चिटाही धाम के प्रांगण में फरवरी 2025 में होने वाले नौ दिवसीय श्री श्री राम महायज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि श्री श्री राम महायज्ञ का आयोजन 4 फरवरी से 12 फरवरी तक होगा। जिसमें 4 फरवरी को कलश यात्रा के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 5 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व वेदी पूजन, 6 फरवरी को अग्नि मंथन के साथ 12 फरवरी को महाभंडारा के साथ पूणार्हुति होगी। श्री श्री राम महायज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारा का आयोजन रहेगा। श्री श्री राम महायज्ञ में विभिन्न राज्यों की झांकी और कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है। बैठक में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो उर्फ शरद महतो ने बताया कि श्री श्री राम महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा।

### ट्रक की टक्कर से बहनोई की मौत साला घायल

**तिसरी (गिरिडीह)।** रिश्ता जोड़ने के लिए लड़की देख कर लौट रहे साले और बहनोई सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए. ट्रक की टक्कर से बहनोई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साला गंभीर रूप से घायल है. घटना गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - गांवा मुख्य मार्ग स्थित नारायणा पुल की है. मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा के जयनगर - परसाबाद के रहने वाली यशोदा देवी अपने पुत्र मुकुंद डोम, दामाद कृष्णा डोम आदि अपने बेटे की शादी के लिए लड़की देखने बाईक से गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत सिंघो गए थे. जिसमें दो बाईक पर चार लोग सवार थे. वापसी के दौरान नारायणा पुल पर उसी दिशा से जा रही ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी.

### धोबनी गांव में 24 साल बाद बनेगी सड़क, विधायक ने किया शिलान्यास

**जमशेदपुर।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र की डोमजुड़ी पंचायत के धोबनी गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से साढ़े चार करोड़ की लागत से 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी. पोटका विधायक संजीव सरदार ने रविवार को सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. उल्लेखनीय है कि यहां के ग्रामीण बीते 24 साल से जोहेन दास बास्के चौक से दोरो घुटू चौक तक एक पक्की सड़क को लेकर तरस रहे थे. झामुमो नेता बी एन बास्के ने इस सड़क के लिए काफी प्रयास किया था. आज रविवार को विधायक संजीव सरदार के शिलान्यास करने के बाद ग्रामीणों की एक अदद सड़क की मांग पूरी हुई. इस मौके पर पार्टी नेताओं की ओर से शिव चरण मुर्मू, विद्या सागर दास, सुधीर सोरेन समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे.

आधा दर्जन खदानों में वन विभाग ने मारा छापा

# जेसीबी मशीन से कराई गई डोजरिंग



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी / गिरिडीह**

तिसरी वन विभाग की टीम ने लोकाय नयनपुर थाना क्षेत्र के असुरहड्डी जंगल में पुलिस के सहयोग से माइका और बैरल पत्थर खदान में छापेमारी की है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने आधा दर्जन से अधिक बैरल पत्थर और माइका खदान को डोजरिंग कराकर ध्वस्त करा दिया गया है। वन विभाग ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। वनपाल राजेंद्र प्रसाद ने कहा डीएफओ को कि गुप्त सूचना मिली थी कि तिसरी के असुरहड्डी जंगल में माइका और बैरल पत्थर खदान से उत्खनन किया जा रहा है। सूचना के बाद टीम गठन कर पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई है। छापेमारी में जेसीबी मशीन से संचालित खदान को डोजरिंग कराकर ध्वस्त कर दिया गया। कहा कि मामले में खदान संचालक को चिन्हित कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# तनजीम अनवारुल इस्लाम कमिटी का किया गया पुनर्गठन



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**

गावां प्रखंड अंतर्गत माल्डा मदरसा में रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों की बैठक हाजी डॉ सरफराज अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तनजीम अनवारुल इस्लाम कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सरप्रस्त मो इसरार अहमद उर्फ गुलाब बाबू सदर डॉ सरफराज अहमद, सेकेट्री इमरान अंसारी, नायब सदर मो जिब्राइल, नायब सेकेट्री मो इशरत साहब, कोषाध्यक्ष मो मेराज उद्दीन, ऑडिटर मो जमाल उद्दीन, नायब ऑडिटर मो शमशीर आलम तथा निगरा कमिटी के सदर मो मेराज साहब व सेक्रेटरी अब्दुल वहाब खान का चयन किया गया। वहीं सदस्यों में मरगूब आलम, नकीब रजा, एजाज अहमद, मो मसूर, हाफिज मकसूद साहब, मो अफजल, जीशान खान, अकील हैदर, अब्दुल कयूम आदि को शामिल किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### बैंक अधिकारी बन साइबर ठगी करने वाले 4 अपराधी गिरफ्तार



**गिरिडीह।** बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले चार अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने दबोचा है। यह जानकारी गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार व साइबर डीएसपी आबिद खान ने रविवार को प्रेसवार्ता में दी। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गिरिडीह-टुंडी मार्ग पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़की टांड़ में उसरी नदी के पास चार अपराधी साइबर ठगी को अंजाम दे रहे हैं। इसके बाद साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त स्थल पर छापेमारी की गई। पुलिस ने साइबर ठगी की साजिश में शामिल विकास मंडल, संदीप राय, सुधीर पंडित व अजय राय को दबोच लिया। उनके पास से 7 मोबाइल, 9 सिम कार्ड व एक बाइक बरामद की गई है। पकड़े गए चारों युवकों के खिलाफ साइबर थाना में कांड संख्या 45/ 2024 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधी बैंक अधिकारी बनकर आम लोगों को व्हाट्सएप पर केवाईसी अपडेट करने से संबंधित मैसेज भेज कर उनके बैंक खाते की निजी जानकारी हासिल कर ठगी करते थे।

### राष्ट्रीय स्कूली मुक्केबाजी प्रतियोगिता में बिना अंक गवाएं जीते सभी मैच

**रांची।** दिल्ली में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024- 25 के अंडर-17 मुक्केबाजी में झारखंड के मुक्केबाज देवराना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रौशन किया है। झारखंड के पलामू जिले के उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय, रत्नाग, पांडु के 11वीं के छात्र देवराणा ने दिल्ली में 9 से 15 दिसम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के अपने वर्ग के प्रीलिम्स बाउट में डीएवी को 5-0 से, प्री क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 5-0 से, क्वार्टर फाइनल में दिल्ली को 5-0 से, सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 5- 0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल में तमिलनाडु को 5-0 से पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। देवराना अपने विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सह मुक्केबाजी कोच अनुपम तिवारी के मार्गदर्शन में बॉक्सिंग का प्रेक्टिस करते हैं। इस शानदार जीत पर देवराना एवं राज्य टीम के कोच अनुपम तिवारी, मैनेजर श्री दिगंबर और विभागाध्यक्ष एम मोदस्सर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### बघमारा विधायक ने किया साइकिल का वितरण



**कतरास।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने पाठशाला के 11 बच्चों को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया।पाठशाला के कार्य की सराहना करते हुए विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पाठशाला का कार्य पूरे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हैं।कोई भी स्वयंसेवी संगठन पाठशाला के तर्ज पर लोगों को सुविधा या फिर मदद नहीं पहुंचा सकती हैं।कोरोना काल में जहां पर सरकारी तंत्र फैल था,वहां पर पाठशाला ने लाखों लोगों तक भोजन उपलब्ध कराया था। रामराज मंदिर चीटाही धाम में इस रविवार को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के हाथों निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।इससे पहले भी धनबाद सांसद ढुलू महतो के द्वारा पाठशाला के 29 बच्चियों को साइकिल का वितरण किया गया था।अब तक पाठशाला के 40 बच्चियों को निःशुल्क साइकिल पाठशाला के संस्थापक देव कुमार वर्मा द्वारा दिया गया हैं।जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख रुपए हैं। साइकिल वितरण के दौरान मुख्य रूप से बाघमारा के हजारों की संख्या में देवतुल्य जनता के अलावा पाठशाला के शिक्षक नीलकंठ महतो, सुनील सरकार, लक्ष्मण कुमार, किस्मत ऋषि, विनय सिंह आदि मौजूद रहें।

मेगा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को किया जागरूक


# मेगा विधिक जागरूकता का उद्देश्य लोगों को न्याय दिलाना है : न्यायाधीश




**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह**

गांडेय प्रखंड परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मेगा जागरुकता सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि पहुंचे जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार वर्मा, पैनल अधिवक्ता रमेश कुमार तिवारी सहित गांडेय बीडीओ निशांत अंजुम सीओ मो हुसैन, प्रमुख राजकुमार पाठक ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर को संबोधित करते हुए न्यायाधीश संजीव वर्मा ने कहा कि मेगा विधिक जागरूकता सशक्तिकरण का उद्देश्य लोगों को सस्ता एवं सुलभ न्याय मुहैया कराना है। शिविर का उद्देश्य वंचित लोगों को निःशुल्क सुलभ न्याय दिलाने के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ दिलाना है। कार्यक्रम में गांडेय सीओ ने विधिक सेवा प्राधिकार के तहत आयोजित मेगा विधिक जागरूकता सशक्तिकरण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी उपस्थित सदस्यों को दिया। पुनः सभी पदाधिकारियों ने शिविर में लगाए गए जेएसएलपीएस, मनरेगा, स्वास्थ्य, कल्याण विभाग, पशुपालन, बिजली, अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना, अंचल समेत अन्य स्टाल का निरीक्षण किया और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की महिलाओं के बीच आठ लाख रुपए का डमी चेक, विगत दिनों प्रखंड में आयोजित ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में रक्त दान करने वाले 33 लोगों को प्रमाण पत्र, दिव्यांग जनों के बीच व्हील चेयर, मनरेगा एक्ट के तहत एक महिला को एक लाख रुपए की अनुदान समेत अन्य परिसम्पतियों का वितरण किया गया।

# तिसरी की बेटी का आईटीबीपी में चयन होने पर गांव में हर्ष



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड की अंजली कुमारी ने केंद्रीय शस्त्र बल, इंडो - तिब्बतन बॉर्डर पुलिस में चयनित होकर प्रखंड सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है.

अंजली प्रखंड के भोगताडीह निवासी माथुर यादव व मंजू देवी की पुत्री है. उनके पिता माथुर यादव का देहांत हो चुका है. सर से पिता का साया उठने के बाद भी अंजली ने कठिन परिश्रम से एसएससी जीडी क्वालीफाई किया और आईटीबापी में कांस्टेबल के पद पर चयनित हुई. अंजली कुमारी की सफलता को लेकर ग्रामीणों में भी काफी उत्साह दिखा.रविवार को सहदेव यादव के नेतृत्व में फूल - माला पहनाकर अंजली को बधाई दी गई.साथ ही बैंड - बाजा के साथ पुरे गांव में भ्रमण कर बड़ों का आशीर्वाद लिया। अंजली कुमारी ने कहा कि लड़कियां हर क्षेत्र में अच्छा कर रही हैं और वे चाहतीं हैं कि उनके गांव व ग्रामीण क्षेत्रों से भी लड़कियां आगे निकले और बेहतर पद हासिल करे. उन्होंने अपनी सफलता के पीछे अपनी माता और भाई का योगदान बताया है. साथ ही अंजली ने कहा कि देश के जवानों का सम्मान करना चाहिए और मौका मिले तो हमेशा उनकी मदद करें.

# बरमसिया पैक्स केंद्र का किया गया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी / गिरिडीह**

बिरनी प्रखंड के अरारी पंचायत अंतर्गत बरमसिया पैक्स में रविवार को धान खरीद केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र के माध्यम से किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर धान बेचने की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए किसानों को सबसे पहले अपना निबंधन करवाना होगा। निबंधन के बाद ही वे पैक्स में धान बेच सकेंगे। धान की बिक्री के बदले भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, प्रखंड प्रमुख रामू बैठा, बरमसिया पंचायत के मुखिया बिसुंदेव वर्मा, पैक्स प्रबंधक कार्तिक पंडित समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख रामू बैठा ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पैक्स में अपना धान बेचें और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धान के बदले मिलने वाली राशि समय पर उनके खातों में जमा की जाएगी, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रामू बैठा ने किसानों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और समर्थन के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के लाभ के प्रति जागरूक किया गया

*उपस्थित लोगों को बताया गया कि यदि किसी को कोई समस्या हो, तो प्रखंड में नियुक्त वॉलिंटियर उनकी मदद करेंगे*



**नवीन मेल संवाददाता बिरनी गिरिडीह**

बिरनी प्रखंड सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत परिसंपत्ति वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल जज सीमा मैडम उपस्थित रहीं। उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) फणीश्वर रजवार, अंचलाधिकारी (सीओ) संदीप कुमार मद्धेशिया, प्रखंड प्रमुख रामु बैठा अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, विभिन्न पंचायतों के मुखिया,और सैकड़ों लाभुक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत हर पंचायत में पारा लीगल वॉलिंटियर का चयन करने की जानकारी दी गई। यह वॉलिंटियर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान के लिए सहायता प्रदान करेंगे। उपस्थित लोगों को बताया गया कि यदि किसी को कोई समस्या हो, तो प्रखंड में नियुक्त वॉलिंटियर उनकी मदद करेंगे। इस अवसर पर अरारी पंचायत की तीन महिलाओं–ममता देवी (पति अजय विश्वकर्मा), रीता देवी (पति गागो ठाकुर), और सुनीता देवी (पति बजरंगी यादव)–को आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं के लाभ के प्रति जागरूक किया गया। सिविल जज सीमा मैडम ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य न्याय और सरकारी सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

निमियाघाट पुलिस ने छह अवैध कोयला लदे ट्रक को पकड़ा, कहा

# कोयले का अवैध धंधा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई




**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

नमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत असुरबांध समीप बीती रात्रि अवैध कोयला लदे 3 बारह चक्का ट्रक एवं 3 पिक-अप वैन को कुछ युवाओं ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया, हालांकि पुलिस उक्त वाहनों को जांच के क्रम में घुटवाली से पकड़ने की बात कह रही है। उक्त ट्रकों में लगभग 200 टन अवैध कोयला लदा है। खबर प्रेषण तक पुलिस प्राथमिकी की कागजी प्रक्रिया पूरी करने में जूटी थी। बताया जाता है कि विगत 14 दिसंबर की रात आसपास के ग्रामीणों को गुरूटांड़ के जंगल में अवैध कोयला डीपू संचालन को जानकारी मिली, जहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि तीन ट्रक और तीन पिक-अप वैन में कोयला लोड किया जा रहा है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर 6 वाहनों सहित कोयला को जब्त कर लिया। जिसे रविवार को अपराह्न थाना लाया गया। सूत्रों के अनुसार गुरूटांड़ जंगल में बीते नवंबर माह से ही अवैध कोयले का भंडारण कर उसे मंडी में भेजा जाता था जिसमें अंसारी, खान एवं एक चौधरी बंधु के शामिल होने की बात कही जा रही है। वहीं जंगल में करीब 400 टन अवैध कोयला था जिसे आनन फानन में हटवा दिया गया था, जबकि सूत्रों का कहना है कि ट्रक पकड़े जाने के पहले 6-7 ट्रक अवैध कोयला लोड कर मंडी की ओर निकल गया था अन्यथा और कोयला जब्त होता। वहीं जानकारों का कहना है कि इस अवैध धंधे में शामिल लोगों सिर्फ कोयला इकट्ठा कराते हैं जबकि स्थल से कोयला ले जाना मंडी वालों के जिम्मे रहता है। इधर भारी मात्रा में कोयला पकड़े जाने के बाद एक बार फिर क्षेत्र से अवैध कोयला का कारोबार प्रारम्भ हो जाने की बात सामने आ रही है।वहीं कोयला धंधे में शामिल लोग केस हल्का करने के लिए भागदौड़ शुरू कर दिया था।

# मंत्री ने स्नेहदीप वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण, बुजुर्गों के बीच बांटी समाग्री



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह के सदर विधायक सह नगर विकास, आवास व पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज बस स्टैंड रोड स्थित स्नेहदीप वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने बुजुर्गों से जहां एक ओर आशीर्वाद लिया वहीं दूसरी ओर वृद्धा आश्रम में निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगवाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसके अलावे बुजुर्गों के बीच खाद्य सामग्रियों का भी वितरण किया। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की सेवा करना सामाजिक कर्तव्य है। कहा कि हम सबों का फर्ज बनता है कि यहां रहने वाले बुजुर्गों की सेवा करें कि उन्हें अकेलेपन का महसूस ना हो सके। बताया कि राधा आश्रम में बुजुर्गों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो कमियां है उसे बहुत जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है।

# अगर तुम धर्म की रक्षा करोगे तो धर्म भी तुम्हारी रक्षा करेगा : सुरेन्द्र हरिदास



**नवीन मेल संवाददाता। कतरास**

श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस की शुरूआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। इसके साथ ही श्री सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रों में लिखा हैं कि अगर तुम धर्म की रक्षा करोगे, तो धर्म भी तुम्हारी रक्षा करेगा। जो सनातन के लिए कुछ भी बोलेगा उसको सामने से मुँह तोड़ जवाब दिया जायेगा। मनुष्य किसी को धर्मात्मा कहे या न कहे, लेकिन भगवान की नजर में मनुष्य को धर्मात्मा होना चाहिए। क्योंकि आज का मानव केवल दिखावे के लिए ही हिन्दू बन कर रह गया है। जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे,वहीं सच्चा सेवक है। हर माँ बाप को अपने बच्चों को सिखाना चाहिए कि वह अपने बड़ो का सम्मान करें। गुरु, राजा, माता- पिता के अनुमति के बाद ही मनुष्य को अपना आसन्न ग्रहण करना चाहिए। जो भी मनुष्य अपने से श्रेष्ठ पुरुषो के सामने आसन्न पर ऊपर बैठते है उनको जीवन में काफी दुःखों का सामना करना पड़ता है। भगवान राम की हर धर्म में पूजा होनी चाहिए। जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे,वहीं सच्चा सेवक है। मनुष्य का एक ही कर्म व धर्म है और वह है मानवता। हम इस दुनिया में इंसान बनकर आए हैं तो सिर्फ इसलिए कि हम मानव सेवा कर सकें। भगवान बार-बार धर्म की रक्षा करने के लिए धरती पर आते है तो मनुष्य को भी अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए। संसार में मनुष्य का भगवान के सिवा कोई नहीं है,इसलिए मनुष्य को भगवान की शरण में चले जाना चाहिए। इस कथा को सफल बनाने में प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, कस्तूरी देवी अशोक कुमार वर्मा गीता देवी, विनय कृष्ण गुप्ता, अल्का देवी, संजय चौधरी, सुमन चौधरी , केडिया परिवार, बिजय झा शिवानी झा, अवधेश प्रसाद गुप्ता, मनिषा देवी, हिम्मत सिंह, सुमन देवी, बिकास साहू, सुशील खेतान, माया खैतान, राजेश चौखानी, संजय गुप्ता, टुटू शर्मा आदि समाज के सभी लोगों का सहयोग रहा है। बताया गया कि सोमवार को पूणार्हुति, हवन एवं महाप्रसाद भंडारा के पश्चात कार्यक्रम की समापन होगी।

"मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिये स्वयं को एक योग्य मन्दिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाये। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध-सम्पन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

संपादकीय

## पर्यटन की संभावना अपार पर्यटक नहीं

झारखंड में पर्यटन की संभावनाएं वैसे कई राज्यों यहां तक कि देशों से अधिक हैं, जो आज इस क्षेत्र में काफी आगे जा चुके हैं। इसके बावजूद यहां पर्यटन का विकास सिर्फ इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि यहां की संभावनाओं का लाभ उठाने का ठोस प्रयास नहीं हुआ। न तो सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए गए, न ही पर्यटन से जुड़े सेक्टरों से इसके लिए मदद ली गई। झारखंड के पर्यटन क्षेत्रों की बेहतर मार्केटिंग कर तथा थोड़े-बहुत प्रयास से यहां आधारभूत संरचनाएं विकसित कर भी राज्य को इसमें काफी आगे ले जाया जा सकता है। आज भी कई लोकेशन हैं जो अनछुए हैं। पर्यटन क्षेत्रों में आवासन व कनेक्टिविटी की सुविधाओं का अभाव तथा विधि व्यवस्था को लेकर लोगों की धारणाओं को दूर करना पर्यटन विकास की बड़ी चुनौतियां हैं। इन कमजोरियों को दूर करने से यहां पर्यटन का विकास होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा तथा क्षेत्रों का समन्वित विकास हो सकेगा।

**पर्यटन क्षेत्रों में आवासन व कनेक्टिविटी की सुविधाओं का अभाव तथा विधि व्यवस्था को लेकर लोगों की धारणाओं को दूर करना पर्यटन विकास की बड़ी चुनौतियां हैं।**

झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा प्रसाद कार्यक्रम के तहत बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के 30.13 करोड़ रुपए से विकास कार्य किया गया था तथा स्वदेश दर्शन योजना के तहत 52.72 करोड़ रुपए की लागत से दलमा-चांडिल-बेतला-मिरचइया-नेतरहाट इको टूरिज्म सर्किट का कार्य हुआ पर लोगों को भरोसा नहीं कि झारखंड सुरक्षित है। यहां महज 100 होटल हैं, जबकि झारखंड के साथ ही गठित होनेवाले छत्तीसगढ़ में होटलों की संख्या 220 है। ऐसा भी नहीं की पर्यटन विभाग की ओर से प्रयास नहीं किए गए सुधार हुए हैं पर कुछ और दूरदर्शी या भ्रष्ट अधिकारियों के कारण जो आधारभूत संरचना खड़ी की गई जैसे होटल कैफेटेरिया जो पर्यटन स्थलों के आसपास में थी उनकी देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं की गई जबकि इससे निर्माण के पहले विकसित करना चाहिए था। पर्यटन से झारखंड को हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर की तरह बहुत भारी भरकम राजस्व की प्राप्ति हो सकती है यदि ईमानदारी और अच्छी प्लानिंग के साथ काम किया जाए अभी तक का इतिहास यही है कि सरकारी अधिकारियों ने इसे सामान्य सड़क निर्माण जैसी दृष्टि से देखा और घटिया निर्माण प्रोफेशनल स्टाफ की कमी के साथ-साथ कमीशन खोरी के कारण अनेक अपार संभावनाओं वाले स्पॉट भी घाटे का सौदा साबित हुए। अभी भी लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट और धार्मिक पर्यटन के महत्वपूर्ण स्थानों में आधारभूत संरचना तैयार कर संचालन का कार्य निजी/अनुबंध आधारित प्रोफेशनल लोगों को सौंप दिया जाए तो तस्वीर बदल सकती है। दूसरी बड़ी समस्या है कि यदि कोई ईमानदार अधिकारी अपने प्रयास से या सोच समझकर किसी योजना को लागू करने का प्रयास करता है तो अचानक उसका ट्रांसफर हो जाता है और अगला अधिकारी उन योजनाओं को या तो लागू करने में सफल नहीं होता है या अदूरदर्शित या भ्रष्टाचार के कारण योजनाएं असफल हो जाती हैं इसलिए अधिकारियों को बहुत सोच समझकर चुनकर इस विभाग में जब लाया जाए तो उन्हें कम से कम 3 साल तक काम करने का अवसर देना चाहिए।

# एक सिनेमाई उत्सव, एक रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन व इस दौरान कुछ हंसी-मजाक



**शेखर कपूर**
महोत्सव निदेशक, 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 2024

जब मैं यहाँ बैठकर 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) पर विचार कर रहा हूँ, तो मैं सोचता हूँ सिनेमा सिर्फ. एक फिल्म की लंबाई नहीं है, बल्कि यह उसके द्वारा पीछे छोड़े गए प्रभाव के बारे में है। और क्या आईएफएफआई 2024 ने कोई प्रभाव छोड़ा है! अगर इस साल का महोत्सव एक फिल्म होती, तो यह एक ब्लॉकबस्टर होती - यह नई कहानी, अविस्मरणीय अभिनयों और एक या दो कथानक मोड़ से भरी होती, जो हम सभी को चौंका देती। सिनेमा 1913 से ही हमारे देश के दिल में है, जब भारत ने अपनी पहली फिल्म रिलीज की थी। तब से, हमारे दर्शकों ने इसे ऐसे अपनाया है, जैसा कोई और नहीं कर सका है। हम दुनिया में फिल्मों के सबसे बड़े निमार्ता और उपभोक्ता बन गए हैं। इस साल, मैंने महोत्सव के अधिकारियों से उन लोगों का जश्न मनाने के लिए कहा, जिन्होंने इसे संभव बनाया है - हमारे दर्शक। उनके अटूट समर्थन की वजह से ही हम आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस महोत्सव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा है, जो समय, सीमाओं और पीढ़ियों से परे है। रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति से लेकर युवा फिल्म निमार्ताओं द्वारा निर्मित अविश्वसनीय कहानियों तक, फिल्म महोत्सव 2024 एक क्लासिक फिल्म की तरह था- जो जीवंतता, रंग और अविस्मरणीय क्षणों से भरा था। लेकिन अधिकांश फिल्मों के विपरीत, इसके बाद आभार को प्रदर्शित (क्रेडिट रोल) नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, हम सभी अगले महोत्सव की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**आइए संख्याओं से शुरू करते हैं :** 11,000 से अधिक उपस्थित लोग, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12% की वृद्धि के रेखांकित करता है। फिल्म बाजार, सबसे बड़े फिल्म बाजारों में से एक के रूप में उभरा, जिसके प्रतिनिधियों की संख्या में 142% की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई और 1,876 प्रतिभागी शामिल हुआ। इसका मतलब था अधिक सहयोग, अधिक भागीदारी और अधिक रचनात्मक प्रतिभाओं का एक साथ आना।

हमने गोवा में छह नए स्थानों पर अपने स्क्रीनिंग स्थलों का विस्तार भी किया - क्योंकि जब आप इस तरह का भव्य उत्सव मनाते हैं, तो आपको मल्टीप्लेक्स से ज्यादा स्क्रीन की जरूरत होती है। हमने गोवा में हर किसी को पहली पंक्ति में बैठने की जगह देने के लिए कला अकादमी का एक अस्थायी थिएटर भी जोड़ा - स्क्रीनिंग के दौरान लोगों के चेहरे खिले हुए थे।




आईएफएफआई 2024 पूरी तरह से युवाओं के बारे में था - और न केवल उन युवाओं के बारे में जिन्हें आप फिल्मों में देखते हैं, बल्कि उनके पीछे के फिल्म निमार्ताओं के बारे में भी। युवा फिल्म निर्माताः भविष्य अभी है थीम के साथ, हमने भारतीय सिनेमा में आगे क्या आने वाला है, इसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नवोदित फिल्म निमार्ताओं की 66 फिल्मों में से कुछ को देखते हुए, यह सचमुच महसूस होता है कि, ह्यहम यहां नए दिग्गजों का जन्म देख रहे हैं।

भविष्य के रचनाकार (सीएमओटी) कार्यक्रम मुख्य आकर्षणों में से एक था, जिसमें 100 युवा फिल्म निर्माताओं को एक साथ लाया गया, ताकि वे कर कुछ नया और अभिनव कर सकें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्हें 48 घंटे की लघु फिल्म चुनौती में शामिल किया गया, जिसमें एक थ्रिलर की ऊर्जा थी - तेज गति, उच्च दांव और रोमांच से भरपूर। परिणाम? प्रमुख प्रोडक्शन हाउस से 62 प्रस्ताव! यह केवल भविष्य नहीं है - भविष्य आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। नई विशेषज्ञता पर भी जोर दिया गया, जिसमें एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर मास्टरक्लास शामिल थे। इन सत्रों ने रेखांकित किया कि कहानी कहने का भविष्य विकसित होते प्रारूपों और तेजी से बदलते उपकरणों में निहित है, लेकिन इसके मूल में, कहानी कहने की कला कालातीत बनी हुई है। हम सभी आज की युवा आवाजों के बारे में उत्साहित थे, आईएफएफआई ने भारतीय सिनेमा के दिग्गजों को सम्मानित करने को भी महत्वपूर्ण माना - जिन्होंने कहानी कहने की ऐसी भाषा बनाई, जिसका हम आज जश्न मनाते हैं। इस साल, हमने राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्किनेनी नागेश्वर राव और तपन सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। उनकी फि ल्में उन महान क्लासिक्स की तरह हैं, जिन्हें हम सभी देखते हैं, जो हमें याद दिलाती हैं कि हमें सिनेमा से प्यार क्यों हुआ।

आवारा, देवदासु और हम दोनों जैसी उनकी कालजयी क्लासिक्स की विशेष स्क्रीनिंग से हमें जादू को फिर से जीने का मौका मिला, जबकि मीरामार बीच पर सुदर्शन पटनायक द्वारा एक शानदार रेत कला स्थापना ने हम सभी को इन दिग्गजों की विरासत को एक नयी रोशनी में सराहने पर मजबूर कर दिया। साथ ही, उनके योगदान को अमर बनाने के लिए 'माई स्टैम्प' के माध्यम से इन दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी गई। अगर कोई ऐसा स्टैम्प है, जो सिनेमा के सार को दर्शाता है, तो वह उनके चेहरे वाला स्टैम्प है।

हर साल, आईएफएफआई किसी खास देश की सिनेमाई उपलब्धियों का जश्न मनाता है। इस साल का फोकस देश ऑस्ट्रेलिया था, और यह कितना शानदार चयन था - यह मेरे दिल के बहुत करीब का चयन था है, क्योंकि मुझे कई बेहतरीन ऑस्ट्रेलियाई लोगों के साथ काम करने का सम्मान मिला है - कैट ब्लैंचेट, जेफ्री रश, हीथ लेजर, एबी कॉर्निश, जिल बिलकॉक। सात ऑस्ट्रेलियाई फिल्मों के साथ, हमें ह्यूगो वीविंग और फिलिप नॉयस की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला। हमारे पास ऑस्ट्रेलियाई निमार्ताओं और फिल्म निमार्ताओं का एक मजबूत प्रतिनिधिमंडल भी था, जिसने हमारे दो फिल्म उद्योगों के बीच सहयोग का एक नया अध्याय शुरू किया। जल्द ही कुछ भारत-ऑस्ट्रेलिया सह-निर्माण देखने की उम्मीद है - और नहीं, मैं बॉलीवुड-पश्चिमी हाइब्रिड की बात नहीं कर रहा हूँ (हालाँकि यह मजेदार होगा)।

एक फिल्म महोत्सव एक उत्सव होता है, और गोवा से बेहतर जश्न मनाने की जगह और कहाँ हो सकती है? इस साल का आईएफएफआई- ईएसटीए सिर्फ. एक साइड इवेंट नहीं था; यह अपने आप में एक उत्सव था। खाने के स्टॉल से लेकर असीस कौर और पैराडॉक्स के लाइव प्रदर्शन तक, यह एक ऐसा कार्निवल था, जिसने दिखाया कि जब सिनेमा संस्कृति से मिलता है, तो क्या होता है। निफ्ट फैशन शो भारतीय सिनेमा के छह दशकों का जश्न मना रहा है - भारतीय सिनेमा के प्रति एक सच्चा सम्मान। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 'भारतीय सिनेमा की यात्रा' प्रदर्शनी। 18,000 आगंतुकों के बाद, मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि भारतीय सिनेमा की विरासत जीवित है और आगे बढ़ रही है। जब मैं आईएफएफआई 2024 को मुड़कर देखता हूँ, तो मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि हमने फिल्म महोत्सव के नये मानदंड स्थापित किये हैं। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हम कितनी दूर आ गए हैं। हमने भारत की पहली फि ल्म राजा हरिश्चंद्र बनाने के लिए पश्चिमी तकनीक को अपनाया और तब से हमने फिल्म जगत को दुनिया का सबसे बड़ा फि ल्म उद्योग बना दिया है।

देश की बात

## विजय दिवस : पराक्रमी भारतीय सेना का साहस



**हेमेंद्र क्षीरसागर**

भारत ने पाकिस्तानी सत्ता और सेना के अत्याचार से पीड़ित पूर्वी पाकिस्तान की जनता को अपना सहयोग देकर बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1971 का युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच एक सैन्य संघर्ष था जिसमें पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। इसका आरंभ पश्चिमी पाकिस्तान और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष के बीच 3 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय वायुसेना के 11 स्टेशनों पर रिक्तिपूर्व हवाई हमले किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय सेना पूर्वी पाकिस्तान में बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम में बंगाली राष्ट्रवादी गुटों के समर्थन देने के निर्णय के कारण हुआ। जिसमें पाकिस्तान को अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें भारतीय सेना द्वारा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक बंदी बना लिए गए और पूर्वी पाकिस्तान, पाकिस्तान के नियंत्रण से मुक्त होकर बांग्लादेश बन गया। ये युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है। इसीलिए देश भर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971 के युद्ध में तकरीबन 3,900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और लगभग 9,851 घायल हुए। युद्ध के 8 महीने बाद अगस्त 1972 में भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौता 1972 किया। इसके अंतर्गत बंदी बनाए गए पाकिस्तानी सैनिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया गया था। भारत की पराक्रमी सेना के साहस ने पाकिस्तान की सेना के 97,368 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। इस गौरवशाली दिवस पर स्वयं सेवकों के बल और सामर्थ्य में वृद्धि करने हेतु संघ प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को प्रहार महायज्ञ का आयोजन करता है। इस दिन स्वयंसेवकों को यह स्मरण दिलाया जाता है कि महाराणा प्रताप की भुजाओं में इतना बल था कि उन्होंने तलवार के एक ही वार से बहलोल खान को जिरह-बख्तर, घोड़े सहित काट डाला। रानी दुर्गावती युद्ध के मैदान में घोड़े की लगाम मुँह में थाम कर दोनों हाथों में तलवार लेकर उतरी थीं और शत्रुओं को नाकों चने चबवा दिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी तलवार के बल पर आदिलशाही और मुगलशाही से टक्कर लेते हुए हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। हम उन्हीं महान पूर्वजों के वंशज हैं। हमारी भुजाओं में वैसा ही बल चिर स्थाई रहे, हम क्षमतावान बने रहें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात

## ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है



**नरेंद्र भारती**

ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है। इन्सानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है ।कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इनसान को गिरा सके, इनसान द्वारा ही गिराया जाता है। दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है, खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। मानवीय त्रासदी को रोकना होगा। इंसानियत अपनाओ अमर हो जाओगे हैवानियत छोड़ दो इंसान बनो हैवान मत बनो। इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है बेशक ईश्वर ने संसार में करोडों जीव जन्तु बनाए, लेकिन इनसान सबसे अहम कृति बनाई। लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़को पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है। इनसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है। क्योकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए,तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है। जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है, भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गये हैं। आत्मा सिसक रही है। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। चोर उच्चकों, गुंडे, मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है यह समाज के घातक है। आज हंस भीड में खोते जा रहे हैं,कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे है लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जन्तु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे, मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जन्तओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रूख करेंगें। नरभक्षी बनेगें। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थो के आगे अंधा हो.चुका है ।अपने ऐशो आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मयार्दाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**जब पति, पत्नी की सेवा करता है, और पत्नी, पति की सेवा करती है, और प्रत्येक यह इच्छा करता है कि दूसरा प्रसन्न रहे तो उनकी चेतना के द्वारा कूटस्थ चेतना- जो कि ईश्वर की प्रेममयी ब्रह्माण्डीय प्रज्ञा है, जो सृष्टि के प्रत्येक कण में व्याप्त है- स्वयं को व्यक्त करना आरम्भ कर देती है।**

## अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



श्री श्री परमहंस योगानंद

उदाहरण के लिए, मैडम अमेलिटा गैली-कर्ची और उनके पति होमर सैम्यूल्स विश्व विख्यात नाट्य संगीतकार (सन 1889-1963) जो परमहंस योगानन्दजी को अमेरिका में उनके प्रारम्भिक वर्षों में मिली थीं। वे और उनके पति दोनों सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप के निष्ठावान सदस्य बन गए थे। मैडम गैली कर्ची महान प्रेमी हैं, जिनसे मैं पश्चिम में मिला हूँ। उनका प्रेम मनोहर है क्योंकि वे इन आदर्शों का अभ्यास करते हैं जिनके बारे में मैं कहता हूँ। जब थोड़े समय के लिए भी वे अलग हों, तो एक दूसरे को पुनः देखने के लिए, वे उत्सुकता से तत्पर रहते हैं, एक दूसरे का संग प्राप्त करने के लिए, अपने विचारों और प्रेम को बाँटने के लिए। जीवन के बढ़ते तनाव का सामना करने के लिए हर एक व्यक्ति अकेलेपन या एकान्त का समय चाहता है।...एक दूसरे की स्वतन्त्रता में हस्तक्षेप न करें। जब पति, पत्नी की सेवा करता है, और पत्नी, पति की सेवा करती है, और प्रत्येक यह इच्छा करता है कि दूसरा प्रसन्न रहे तो उनकी चेतना के द्वारा कूटस्थ चेतना- जो कि ईश्वर की प्रेममयी ब्रह्माण्डीय प्रज्ञा है, जो सृष्टि के प्रत्येक कण में व्याप्त है- स्वयं को व्यक्त करना आरम्भ कर देती है। जब दो व्यक्ति एक-दूसरे के लिए अशर्त आकर्षण का अनुभव करते हैं और एक-दूसरे के लिए बलिदान करने के प्रति तत्पर रहते हैं, तो वे वास्तव में प्रेम करते हैं ।अपने प्रियजन के लिए पूर्णता की इच्छा करना और उस आत्मा के बारे में विचार करते हुए शुद्ध आनन्द की अनुभूति करना, दिव्य प्रेम है; और वह ही सच्ची मित्रता का प्रेम है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**वे सवाल कर सामने, खड़े रहे बेताब।**
**उत्तर देकर आप फिर, मुड़ क्यों गये जनाब।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। **–संपादक**

आपकी बात

## मुक्तिसंग्राम की जीत की उपेक्षा के दोषीदार केवल बांग्लादेशी ही नहीं हम भी हैं!



**केदारनाथ दास**
**बसिया।**

भारत के इतिहास में सोलह दिसंबर का एक विशेष महत्व है। भारतीय उपमहाद्वीप की दृष्टि से देखें तो यह वही तारीख है जो हमारे अभूतपूर्व शौर्य, जीवन गाथा के महत्वपूर्ण अध्याय और पड़ोसी धर्म के प्रति हमारे निस्वार्थ समर्पण का प्रतीक बन चुका है। वस्तुतः इसे समझने के लिए उस सोलह दिसंबर को ठीक से समझना जरूरी है जब वर्ष 1971 के पच्चीस मार्च को अपने ही देश के बंगाली नागरिकों के विरुद्ध पाकिस्तानी सैन्य बलों व उसके तानाशाह हुक्मरानों से शुरू होने वाले उत्पीड़न की यह गाथा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को भारत के समक्ष शर्मनाक आत्मसमर्पण के लिए विवश होना पड़ा था। वैश्विक धरातल पर इसे भारतीय सैन्य ऑपरैशन एक अभूतपूर्व कमाल माना गया क्योंकि इसी 16 दिसंबर 1971 के दिन शाम करीब पाँच बजे पाकिस्तानी जनरल नियाजी को अपने 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने अपने बिल्ले, हथियार और पाकिस्तानी झंडे के साथ सरेंडर करने का शर्मनाक विकल्प चुनना पड़ा। भारतीय सैन्य इतिहास की दृष्टि से यह कोई छोटी मोटी घटना नहीं थी क्योंकि इस एक कारण से भारत के न केवल प्रत्येक नागरिक का सीना फख्र से एकबारगी चौड़ा हो उठा था बल्कि बांग्लादेश के तमाम नागरिकों के लिए यह जीवन जीने के अधिकार का एक उम्मीद भी जगा गया था। बांग्लादेश को मुक्त करने में अहम् योगदान देने के बावजूद भारत के प्रति बांग्लादेश में पैर पसारने वाले घृणा के इस भाव से हम व्यथित हैं परन्तु क्या आप जानते हैं कि हमने भी तो वही कुछ किया है जो आज बांग्लादेश कर रहा है? जी हाँ, शायद आपको यह मालूम न हो परन्तु कटु सच तो यही है कि तत्कालीन भारतीय हुक्मरानों के लिए हमारे सैन्य प्रशासन को इस मुक्तिसंग्राम का 'क्रेडिट' देना तब स्वीकार नहीं था जब यह सबकुछ हमारे सैनिकों के शौर्य से संभव हो सका था।



पूरी दुनिया जानती है कि बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के वास्तविक महानायक जनरल सैम मानिकशॉ फील्ड मार्शल थे। इस सच्चाई के बावजूद बहुत कम लोगों को यह पता है कि इस नायाब जीत के नायक को आजीवन हमारी उपेक्षा का शिकार होना पड़ा और मुक्तिसंग्राम का क्रेडिट लेने की गरज से उन्हें प्रताड़ित करते हुए मिलने वाले पूरे भत्ते को उनके अवकाश ग्रहण करने के साथ (वर्ष 1971 से) बंद कर दिया गया। बताते चलें कि हीरो तो हीरो होता है और एक सैनिक के तौर पर इस हीरो का जज्बा देखिए कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व०इंदिरा गांधी को 'मै आपके राजकाज में दखल नहीं देता, आप भी सैन्य कार्यवाही में दखल मत दीजिए' जैसा दो टुक जवाब देने वाले इस सैनिक ने भी कभी सरकार से अपने हक की मांग नहीं की। लगभग तीस वर्षों बाद एक दिन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम की जब अस्पताल में पड़े इस हीरो के साथ एक मुलाकात हुई तब यह बात सार्वजनिक पटल पर आया कि जिस व्यक्ति ने अपने देश के लिए पाँच महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ने का काम किया, जिसके सक्षम नेतृत्व में बांग्लादेश का गौरवशाली उदय हुआ और जिसकी उपस्थिति के कारण भारत के अस्तित्व को विश्व बिरादरी ने गंभीरता से लेना प्रारंभ किया उस योद्धा को 1971 के बाद से ही आर्थिक तौर पर अनवरत प्रताड़ित करने का काम किया गया। यह मूलतः अंतग्लार्नी का मामला था और संवेदनशील कलाम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अंततः एक करोड़ तीस लाख रुपयों की बकाया राशि का चेक उनके नाम भिजवाने का प्रबंध कराया। राजनीति के विषय में कहा जाता है कि यह निष्ठुर होती है। आज हम बांग्लादेश के भारत विरोधी रूख अख्तियार करने का रोना रो रहे हैं परन्तु इस बात पर कहीं कोई चर्चा नहीं है कि आखिर क्यों हमने महज एक 'क्रेडिट' के लिए राष्ट्र के वास्तविक हीरो को न केवल जीवन भर प्रताड़ित किया बल्कि मरने के बाद भी उसे उपेक्षा का शिकार बनाते रहे? वस्तुतः यह एक निर्विवाद तथ्य है कि बांग्लादेश के मुक्ति का मार्ग जनरल मानेकशॉ के मजबूत इरादों से होकर ही निकला है। इस कारनामे के लिए राष्ट्र उनका आभारी भी है परन्तु हैरानी तब होती है जब इस मामले में देश के तत्कालीन राजनैतिक नेतृत्व के गुणगान की न केवल राजनैतिक घुट्टी पिलाई जाती रही बल्कि इसके एक रियल हीरो की उपेक्षा का निरंतर प्रदर्शन भी किया जाता रहा। आज जब एक और सोलह दिसंबर सामने है तो क्या हमें यह आत्ममंथन करने की जरूरत नहीं है कि जनरल मानेकशॉ का हमारा जज्बा मर चुका है और इस जज्बे के रहते क्या किसी बांग्लादेश के मुक्कमल ईलाज की गुंजाइश समाप्त हो गई है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही उप्र सरकार

**एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) के दौरान 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए तैयारी कर रही है। सरकार का अनुमान है कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी। महाकुंभ के लिए 12 किमी की लंबाई में घाट तैयार किए जा रहे हैं। कुल 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग और अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से देश की 11 भाषाओं में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कुंभ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की गिनती भी सरकार के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुंभ होगा। यह महाकुंभ उत्तर प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा।

## मुख्यमंत्री ने रविवार को एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी



संभल के मुद्दे पर भी उन्होंने बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि रविवार को लोकसभा में चर्चा संविधान के 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। उन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति और ज्योतिर्लिंग रातों-रात तो नहीं आई। उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। ये लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुम्भ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है। पहली बार प्रयागराज में स्वच्छ-सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुम्भ देखने को मिला। जो कुम्भ गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था, असुरक्षा का प्रतीक बन गया था, वही प्रयागराज कुम्भ 2019 में दिव्य और भव्य बना। महाकुंभ-2025 में आस्था और आधुनिकता का संगम भी दिखाई देगा। सीएम ने इशारों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि से संबंधित फैसला दिया, जिससे विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो गया। लेकिन वे लोग आज भी जज को धमकी देते हैं। यह वही लोग हैं, जो संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। सभापति ने कर्तव्यों के निर्वहन की बात की और कहा कि सदन चलना चाहिए। जनता से जुड़े मुद्दे सदन में रखे जाने चाहिए। इस पर इन लोगों (विपक्षियों) ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस दिया। निष्पक्ष चुनाव कराने के कारण चुनाव आयोग और सच कहने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति को कठघरे में खड़ा किया गया। वे लोग उच्च सदन में महाभियोग का प्रस्ताव लेकर आ जाते हैं, यानी सच बोलने और देश की विरासत की चर्चा करने वाले हर व्यक्ति को यह लोग धौंस-धमकी दिखाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता तो एयरपोर्ट, रेल की डबल लाइन, कनेक्टिविटी नहीं हो पाती। आमजन खुश है, श्रद्धालु कृतज्ञता ज्ञापित करता है, लेकिन देश के संविधान का गला घोंटकर इसमें चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग अपने घर में शोक मना रहे हैं।

# रील के चक्कर में सोशल इंफ्लुएंसर ने कर डाला राष्ट्रपिता का अपमान

**एजेंसी। जालौन (हि.स.)**



देश की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले और हर भारतीय नागरिकों के लिए प्रेरणास्त्रोत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने अभद्र भाषा और अपमानजनक शब्दों के साथ अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर वीडियो अपलोड किया है। इस वीडियो में वह भारतीय मुद्रा पर प्रिंट महात्मा गांधी की फोटो को देखते हुए उनके साथ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हुए नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल, यह पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र का है। यहां पर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर रानी राजपूत अपने इंस्टाग्राम एकाउंट को हैंडल करती हैं और उन्होंने इसी एकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह भारतीय नोटों को चूमते हुए नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, जिस राष्ट्रपति के आदर्शों व उनकी विचारधारा का देश ही नहीं, विदेशों तक में सम्मान किया जाता है, उन्हीं के लिए वह भद्दी टिप्पणी करते हुए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हुए नजर आ रही हैं। वैसे तो सोशल मीडिया एकाउंट्स का इस्तेमाल लोगों के साथ जरूरी इंफॉर्मेशन शेयर करने के लिए किया जाता है। लेकिन, इन दिनों युवाओं पर रील की खुमारी का नशा इस कदर हावी है कि वह देश के महापुरुषों का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा राष्ट्रपति निशान

# 31 मार्च 26 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद पूर्णतः समाप्त होगा : शाह

**एजेंसी। रायपुर (हि. स.)**

छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी में है। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में कही। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रदेश की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्य परायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है।

शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है।



● नक्सलियों से की हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील

उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि उसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। उन्होंने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है।

राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में परेड द्वारा मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सलामी दी गई। उन्होंने सलामी के बाद परेड का निरीक्षण किया। महिला और पुरुष प्लाटून द्वारा मार्चपास्ट भी किया गया।

शाह ने धर्मगुरुओं द्वारा मंत्रोच्चार के बाद आकाश में तिरंगे गुब्बारों और शानदार आतिशबाजी के बीच छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपा। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस की 24 वर्षों के सफर पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जवान और बलिदान जवानों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में दंपति सहित 5 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सली दंपति सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने रविवार को आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये के इनाम घोषित है। इन्हें छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये के मान से प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### दिल्ली विस चुनाव के लिए 'आप' ने जारी की चौथी लिस्ट

# केजरीवाल नई दिल्ली से, सीएम आतिशी कालका से लड़ेंगी चुनाव

● पार्टी ने दिल्ली की सभी 70 विस सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अपनी चौथी और आखिरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में आप ने 38 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को कालका जी और सौरभ भारद्वाज को ग्रेटर कैलाश से टिकट दिया है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने बुराड़ी से संजीव झा, बादली से अजेश यादव, रिठाला से मोहिंदर गोयल, बवाना से जय भगवान, सुल्तानपुर माजरा से मुकेश कुमार अहलावत, नांगलोई जाट से रघुविंदर शौकीन, शालीमार बाग से बंदना कुमारी, शकूरबस्ती से सत्येंद्र कुमार जैन, त्रिनगर से प्रीति तोमर, वजीरपुर से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से अखिलेश पति त्रिपाठी को टिकट दिया है। वहीं, सदर बाजार से सोम दत्ता, मटिया महल से शोएब इकबाल, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, करोल बाग से विशेष रवि, मोती नगर से शिव चरण गोयल, राजौरी गार्डन से धनवती चंदेला, हरिनगर से राजकुमार ढिल्लों, तिलक नगर से जनरैल सिंह, विकासपुरी से महेंद्र यादव, उत्तम नगर से पोष बालियान, द्वारका से विनय मिश्रा, दिल्ली कैंटोनमेंट से वीरेंद्र सिंह कादियान को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा पार्टी ने राजेंद्र नगर से दुर्गेश पाठक, कस्तूरबा नगर से रमेश पहलवान, मालवीय नगर से सोमनाथ भारती, आरके पुरम से प्रमिला टोकस, महरौली से नरेश यादव, अंबेडकर नगर से अजय दत्त, संगम विहार से दिनेश मोंगिया, तुगलकाबाद से साईं राम, ओखला से अमानतुल्लाह खां, कोंडली से कुलदीप कुमार, बाबरपुर से गोपाल राय और गोकलपुर से सुरेंद्र कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। चौथी लिस्ट जारी होने के बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए।



### दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थियों को केंद्र ने बसाया : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने दिल्ली में रोहिंग्याओं को बसाने का मुद्दा उठाया। सीएम आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिना किसी जानकारी के दिल्ली में बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाया। दिल्ली सरकार और जनता को इस मामले से पूरी तरह अनजान रखा गया। सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गृहमंत्री अमित शाह केंद्र सरकार ने बिना किसी जानकारी के दिल्ली में बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाया, जबकि दिल्ली सरकार और जनता को इस मामले से पूरी तरह अनजान रखा गया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' आम लोगों के लिए भी फायदेमंद : राजीव रंजन

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**

● बिल 16 दिसंबर को पेश होना था, लेकिन लोस की संशोधित तालिका में यह सूचीबद्ध नहीं

जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल को लेकर कहा कि उनका दल पहले से ही इस बिल के पक्ष में है। उन्होंने कहा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी से मिलकर जेडीयू के शीर्ष नेतृत्व ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था। इसके बाद भी हम अपना समर्थन बरकरार रखने की बात करते रहे हैं। मैं समझता हूं कि एक साथ चुनाव होंगे, तो योजनाएं बेहतर रूप से लागू होंगी और नीतियों की निरंतरता जारी रहेगी। 'वन नेशन वन इलेक्शन' से चुनाव में होने वाले खर्च से बचत होगी। राजनीतिक दलों के साथ ही साथ आम लोगों के लिए भी यह सुविधाजनक और बेहतर होगा।

उन्होंने इसके फायदे गिनाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जो फोर्स लगाई जाती है, उनमें भी सहूलियत होगी। देश में छठे दशक के पूर्व तक आजादी के बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ में होते थे। अगर देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' के तहत सभी चुनाव एक साथ होंगे, तो भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता को बरकरार रखने में मदद मिलेगी। बता दें कि सोमवार को 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल पेश होना था। लेकिन, इसे अब पेश नहीं किया जाएगा। लोकसभा की संशोधित तालिका में भी यह बिल सूचीबद्ध नहीं है। 20 दिसंबर तक संसद का शीतकालीन सत्र है। अगर सोमवार को इस बिल को लोकसभा में पेश नहीं किया गया, तो ऐसी स्थिति में महज इसे पेश करने के लिए चार दिन शेष रह जाएंगे।

### दिल्ली में जनता को डबल इंजन की सरकार चाहिए कैलाश गहलोत

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनावी अभियान शुरू कर जनता से रूबरू हो रही हैं। दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत भी सुबह-सुबह जनता से मिले। मिलने के बाद दावा किया कि यहां की जनता अब डबल इंजन की सरकार चाहती है। जनता से मुलाकात, उनके विचार और अपनी सोच को लेकर उन्होंने आईएएनएस से बातचीत की। कैलाश गहलोत ने कहा, इस बार दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि वह दिल्ली में बदलाव चाहती है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को दो बार भारी बहुमत से जिताया।

### रमेश पहलवान 'आप' में हुए शामिल, मिला टिकट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रमेश पहलवान अपनी पार्षद पत्नी कुसुमलता के साथ रविवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। कुछ ही देर बाद आम आदमी पार्टी की चौथी लिस्ट सामने आई, जिसमें रमेश पहलवान को कस्तूरबा नगर से टिकट थमाया गया। रमेश पहलवान के सपत्नी 'आप' में आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, कस्तूरबा नगर की स्थानीय जनता के बीच सक्रिय रमेश पहलवान एवं कुसुमलता जी का आम आदमी पार्टी परिवार में हार्दिक स्वागत है।

### 'टीबी मुक्त भारत' जागरूकता के लिए सांसदों ने खेला क्रिकेट मैच

# लोकसभा अध्यक्ष एकादश ने राज्यसभा सभापति एकादश को 73 रन से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

'टीबी मुक्त भारत' जागरूकता अभियान के तहत सांसदों ने रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला। बीस ओवर के इस मैच में लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम ने राज्यसभा सभापति एकादश टीम को 73 रन से हरा दिया। क्रिकेट मैच देखने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए।

इस मैत्री क्रिकेट मैच में लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम की कप्तानी अनुराग ठाकुर और राज्यसभा सभापति एकादश टीम की कमान किरेन रिजिजू के हाथ में रही। लोकसभा अध्यक्ष एकादश टीम ने राज्यसभा सभापति एकादश टीम को 73 रन से हरा दिया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष एकादश के कप्तान और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भविष्य में विभिन्न राज्यों में ऐसे मैच आयोजित कराए जाएंगे। वहां सांसदों की टीम विधायकों के साथ भी खेलेगी, ताकि हर जनप्रतिनिधि जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य दिया है, जबकि वैश्विक लक्ष्य 2030 है। वर्ष 2015 से अब तक भारत में टीबी से होने वाली मौतों में 38 प्रतिशत की गिरावट आई है। नए मामलों में 18 फीसदी की गिरावट आई है। विश्व स्तर पर यह संख्या लगभग 8 प्रतिशत है। इसका मतलब यह है कि भारत बाकी दुनिया से बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज है। सरकार मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराती है और इसके लिए एक हजार रुपये प्रदान करती है।संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि फिटनेस के मंत्र के साथ लोगों में खेल के प्रति जोश भरने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के पीछे हमारा मंत्र है 'टीबी मुक्त भारत' और 'फिट इंडिया मूवमेंट'। बिना फिटनेस के आप देश की सेवा नहीं कर सकते। आपको मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहना होगा।



● मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए

# तेजस्वी को मालूम है उनकी सरकार नहीं आने वाली : उपेंद्र कुशवाहा



**एजेंसी। पटना (आईएएनएस)**

बिहार के भागलपुर पहुंचे एनडीए नेता सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि अब देश का मूड 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की ओर जा रहा है और बिहार का मूड एक बार फिर 2025 में एनडीए की तरफ जा रहा है। कुशवाहा ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली में एनडीए की सरकार बन गई और सरकार लोगों के मुताबिक दिन रात काम कर रही है। अब बिहार का चुनाव आने वाला है। उन्होंने कहा, मैं तो बिहार की यात्रा पर निकला हूं। सभी जिलों में बारी-बारी से जाने का कार्यक्रम था। कल यानी सोमवार को इस यात्रा का समापन है। बिहार के सभी जिलों में गए है। लोगों का भरोसा एनडीए की ओर दिखा है। बिहार का मूड एनडीए की ओर है। तेजस्वी की माई बहिन मान योजना को लेकर कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो काम किया है, उसके सामने तेजस्वी की घोषणा का कोई मायने नहीं है। उन्हें मालूम है कि उनकी सरकार नहीं आने वाली है, उस कारण वे कुछ भी घोषणा कर लें। महिलाओं को भी एनडीए पर भरोसा है। दरअसल, बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा है कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो सरकार 'माई-बहिन मान योजना' शुरू करेगी, जिसके तहत महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिमाह 2,500 रुपये दिए जाएंगे।

### तेजस्वी यादव को अभी सोचने की नहीं, घूमने की जरूरत है : संतोष

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा की है। हर महीने 2500 रुपये बैंक खाते में जमा कराने का ऐलान किया है। उनकी इस घोषणा पर बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने तंज कसा और सलाह दी कि वे सैर पर निकल जाएं। संतोष कुमार सुमन ने कहा, वे शायद 2040 में इस तरह की योजना लाने की सोच रहे हैं। बिहार में एनडीए की सरकार है। यह सरकार सभी का ध्यान रखती है। तेजस्वी यादव को अभी सोचने की जरूरत नहीं है, उन्हें घूमने की जरूरत है।

# हेड और स्मिथ के शतक, बुमराह के 5 विकेट, ऑस्ट्रेलिया 405/7

**152 रन** ट्रेविस हेड



**101 रन** स्टीवन स्मिथ



**45 रन** कैरी



**21 रन** उस्मान



दिन 1 - ऑस्ट्रेलिया 28/0
दिन 2 - ऑस्ट्रेलिया 405/7




**ब्रिस्बेन(आईएएनएस)।** भारतीय टीम के लिए सिरदर्द बन चुके ट्रेविस हेड (152) ने एक और शतक जड़ा और स्टीवन स्मिथ (101) के साथ चौथे विकेट के लिए 241 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को सात विकेट पर 405 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। मैच का दूसरा दिन पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। उनकी तरफ से दो शतक लगे और पहली पारी में 400 का स्कोर इस पिच पर बहुत मुश्किल होगा, खासकर भारतीय बल्लेबाजों के फॉर्म को देखते हुए। बुमराह ने आखिरी सत्र में नई गेंद के साथ चार विकेट लेकर भारत की वापसी की कोशिश कराई, लेकिन पैट कमिंस और एलेक्स कैरी ने बताया कि वापसी की बातें बेमानी हैं। भारत की तरफ से आकाश दीप ने अच्छी गेंदबाजी जरूर की, लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिला। बाकी का कोई गेंदबाज उतना छाप नहीं छोड़ सका। भारत की तरफ से बुमराह ने 72 रन पर पांच विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और नितीश कुमार रेड्डी को एक-एक विकेट मिला। ट्रेविस हेड ने पिछले मैच में 140 रन बनाये थे जो मैच को ऑस्ट्रेलिया की तरफ मोड़ने में महत्वपूर्ण साबित हुए थे। उन्होंने अपनी उसी फॉर्म को बरकरार रखते हुए एक और बेहतरीन शतक जड़ा। हेड ने 160 गेंदों की अपनी तेज-तर्रार पारी में 18 चौके लगाए। उन्होंने स्मिथ के साथ चौथे विकेट के लिए 303 गेंदों में 241 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। स्मिथ ने संयम के साथ खेलते हुए 190 गेंदों पर 101 रन में 12 चौके लगाए। दूसरे दिन स्टंप्स तक एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद थे जबकि उनके साथ मिचेल स्टार्क सात रन बनाकर क्रीज पर थे। कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए लेकिन कैरी और कमिंस ने सातवें विकेट के लिए 58 रन की बेहतरीन साझेदारी कर डाली। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह बिना कोई विकेट खोये 28 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन 38 रन तक दो विकेट और 75 रन तक जाते-जाते तीसरा विकेट गंवा दिया।

**भारत की तरफ से बुमराह ने 72 रन पर पांच विकेट लिए**

## जसप्रीत बुमराह ने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा

### विदेशी परिस्थितियों में भारत के अग्रणी गेंदबाज बने

**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया) ।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने दो महत्वपूर्ण गेंदबाजी मापदंडों में दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव को पीछे छोड़ दिया जिससे विदेशी परिस्थितियों में भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के रूप में उनका दावा और मजबूत हो गया। ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन बुमराह ने स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के विकेट चटकाए। दोनों शतकवीरों को आउट करते हुए उन्होंने 25 ओवर में 2.90 की इकॉनमी रेट से 5/72 के आंकड़े के साथ दिन का अंत किया। इससे पहले उन्होंने उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी और मिशेल मार्श के विकेट भी चटकाए। यह एशिया के बाहर बुमराह का 10वां 5 विकेट हॉल है, जिसने कपिल के एशिया के बाहर 9 पांच विकेट हॉल को पीछे छोड़ दिया। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में तीन, दक्षिण अफ्रीका में तीन और वेस्टइंडीज तथा इंग्लैंड में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, कपिल ने ऑस्ट्रेलिया में 5, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। साथ ही, यह बुमराह का (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) परिस्थितियों में 8 पांच विकेट है, जिसने कपिल को एक बार फिर पीछे छोड़ दिया जिनके नाम देशों में 7 बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड था।



कपिल देव

## बुमराह के स्पैल से बचकर भाग्यशाली रहा : ट्रेविस हेड



जसप्रीत बुमराह

## ट्रैविस हेड ने भारत के खिलाफ गाबा में शतक लगाकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ट्रेविस हेड को भारत के गेंदबाजी आक्रमण से बेहद लगाव है क्योंकि इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके खिलाफ एक और शतक लगा दिया है। इसी के साथ ही हेड ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। साउथ ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज ने गाबा टेस्ट के दूसरे दिन मेहमान टीम पर दबदबा बनाते हुए मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ लगातार दूसरा शतक जड़ा। हेड ने 69वें ओवर की तीसरी गेंद पर तीन अंकों का आंकड़ा छुआ जब उन्होंने जसप्रीत बुमराह की लो फुल-टॉस को वाइड मिड-ऑन के जरिए तीन रन के लिए भेजा। उन्होंने अपने हेलमेट को बल्ले के हैंडल पर रखकर अपने खास अंदाज में इस पल का जश्न मनाया। इस शतक की बदौलत हेड एक ही कैलेंडर वर्ष में एक ही स्थान पर किंग पेयर (दोनों इनिंग्स में पहली गेंद पर आउट) और शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। हेड ने इस साल जनवरी में गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले गए टेस्ट में किंग पेयर बनाया था। हेड को उस टेस्ट मैच की पहली पारी में केमार रोच ने गोल्डन डक पर आउट कर दिया था और दूसरी पारी में शमर जोसेफ ने उन्हें पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड कर दिया था जिसके बाद वेस्टइंडीज ने यह मैच 8 रन से जीत लिया था।

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी**

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | 4रन | 6रन | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| उस्मान ख्वाजा | 21 | 54 | 03 | 00 | 38.88 |
| नेथन मैकस्वीनी | 09 | 49 | 01 | 00 | 18.36 |
| मार्नस लाबुशेन | 12 | 55 | 00 | 00 | 21.81 |
| स्टीव स्मिथ | 101 | 190 | 12 | 00 | 53.15 |
| ट्रैविस हेड | 152 | 160 | 18 | 00 | 95.00 |
| मिचेल मार्श | 05 | 16 | 00 | 00 | 31.66 |
| एलेक्स कैरी | 45 | 47 | 05 | 01 | 60.85 |
| मिचेल स्टार्क | 07 | 07 | 00 | 00 | 100.7 |

## रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स फैकल्टी क्रिकेट लीग का बना चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रो.सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग, 13वां संस्करण बीआईटी मेसरा में खेला गया। रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स फैकल्टी क्रिकेट लीग 2024 का चैंपियन बना। रविवार को खेले गये मैच में देवघर प्रीडेटर्स ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। रॉयल चैलेंजर्स की टीम ने 15 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाया। देवघर की ओर से चंचल ने 39, अजय ने 18 रन बनाया। जबकि अमित ने 2 विकेट लिए।

जवाब में देवघर प्रीडेटर्स ने 15 ओवर में सात विकेट पर 100 रन बनाया। राम किशोर ने 29, उमेश ने 34 रन बनाया। आरसीपी की ओर से अजय ने 3 विकेट लिये। रॉयल चैलेंजर्स ने 6 रन से जीत दर्ज की




डॉ. मुस्तफी द्वारा प्रायोजित मैन ऑफ द मैच चंचल (आरसीपी)को दिया गया।

प्रो अतुल आनंद मेमोरियल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चंचल मिश्रा को दिया गया। सर्वाधिक चार पुरस्कार डॉ. जॉयजीत घोष द्वारा प्रायोजित - संयुक्त विजेता श्रीधर और चंचल को दिया गया। डॉ. जॉयजीत घोष-अजय (आरसीपी) द्वारा प्रायोजित सर्वाधिक विकेट पुरस्कार दिया गया। डॉ जॉयजीत घोष-उमेश (देवघर) द्वारा प्रायोजित सर्वाधिक छक्के लगाने का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक पुरस्कार प्रायोजित मनोज गिरी- अजय (आरसीपी)को दिया गया। मौके पर कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर अशोक शेरोन, ईईई विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आरसी झा, प्रोफेसर एके सिन्हा ने विजेताओं और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर मुस्तफी, डॉ. एसपी सिंह, डॉ ओपी पांडे, डॉ सुजीत, विद्युत चंदा, डॉ सतीश चंदर और सभी कर्मचारी और संकाय उपस्थित थे।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की प्रथम बैटमिंटन प्रतियोगिता

## वीमेंस सिंगल में रश्मि व मेन्स सिंगल में समीर कच्छप हुए विजयी



**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से प्रथम बैटमिंटन प्रतियोगिता 2024 का सफल आयोजन रांची के खेल गांव स्थित विश्वनाथ भगत इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम में खेला गया। इस प्रतियोगिता में प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन उम्र के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में किया गया। वूमेन सिंगल में रश्मि विनर रही, जबकि मेन्स सिंगल में समीर कच्छप विजयी हुए। 50 वर्ष की उम्र से अधिक की श्रेणी में प्रवीण गगराई और दिलीप तिर्की विजयी हुए। इस प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड प्रशासनिक सेवा के अध्यक्ष श्रीमती रंजीता हेम्ब्रम के नेतृत्व में हुआ। प्रतिभागियों में दिलीप तिर्की, राहुल कुमार, प्रवीण गगराई, रामनारायण, सुषमा नीलम सोरेंग, अजय रजक, ब्रजेश श्रीवास्तव, नीलेश मुर्मू, प्रणव अम्बष्ठ, जितेन्द्र मुंडा, प्रमोद गुप्ता, अमित बेसरा, प्रदीप भगत, सुमंत तिर्की सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

# एक साल से कम समय में हुए 6.85 लाख इंस्टॉलेशन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लांच होने के एक साल के अंदर ही सोलर इंस्टॉलेशन का आंकड़ा पिछले एक दशक के हुए कुल इंस्टॉलेशन के करीब पहुंच गया है। इस वर्ष फरवरी में शुरूआत के बाद से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 6,85,763 इंस्टॉलेशन किए गए हैं, जो पहले ही एक दशक में स्थापित किए गए इंस्टॉलेशन का 86 प्रतिशत है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सबसे ज्यादा मांग 3-5 किलोवॉट सेगमेंट की है, जो कुल इंस्टॉलेशन का 77 प्रतिशत है। वहीं, 14 प्रतिशत मांग 5 किलोवाट से ज्यादा के सेगमेंट की है। गुजरात में सबसे अधिक इंस्टॉलेशन हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और केरल का स्थान है। इस पहल के तहत गुजरात में सबसे अधिक 2,86,545 सोलर इंस्टॉलेशन लगाए गए। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में क्रमशः 1,26,344 और 53,423 सोलर इंस्टॉलेशन हुए हैं।

**झारखंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में बढ़ रही इंस्टॉलेशन की संख्या**



सरकार द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1.45 करोड़ पंजीकरण हुए हैं। इस स्कीम का उद्देश्य मार्च 2027 तक एक करोड़ से ज्यादा घरों को सोलर पावर की आपूर्ति देना है। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वित्त वर्ष 2027 तक 75,021 करोड़ रुपये के आवंटित बजट के साथ आवासीय क्षेत्र में एक करोड़ रूफटॉप सोलर पावर सिस्टम लगाने के उद्देश्य से लांच किया गया था। फिलहाल, जिन राज्यों में इंस्टॉलेशन की संख्या बढ़ रही है, उनमें झारखंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर शामिल हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में रूफटॉप सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। साथ ही, इस योजना से लोगों की आय में वृद्धि, बिजली बिल में कमी और रोजगार सृजन हो रहा है।

## यूएस फेड पॉलिसी, रूस व यूक्रेन युद्ध पर निर्भर करेगी शेयर बाजार की चाल

**भारतीय शेयर बाजार के लिए दिसंबर का तीसरा हफ्ता काफी अहम**

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए दिसंबर का तीसरा हफ्ता काफी अहम होने वाला है। इस दौरान निवेशकों की निगाहें अमेरिकी फेड के ब्याज दरों को लेकर निर्णय, एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) डाटा, यूएस बांड यील्ड, घरेलू और वैश्विक डेटा, रूस और यूक्रेन युद्ध और कच्चे तेल की कीमतों पर रहेंगी। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में शुरूआत में शेयर बाजार में बड़ी गिरावट के बाद एक स्मार्ट टर्नअराउंड देखा गया। टेलीकॉम, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल और आईटी शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के डायेरक्टर, पुनित सिंघानिया ने कहा कि शुक्रवार को बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इस दौरान निफ्टी 24,200 तक फिसलने के बाद करीब 550 से ज्यादा अंक रिकवरी करके 24,768 पर बंद हुआ। इस रिकवरी की वजह मुख्य सेक्टर्स के साथ महंगाई के कारण पिटे हुए शेयरों में खरीदारी आना था। साप्ताहिक आधार पर निफ्टी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 24,768 और सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत बढ़कर 82,133 पर बंद हुआ। यह लगातार चौथा हफ्ता था, जब भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निचले स्तरों से वापसी से पता चलता है कि गिरावट पर खरीदारी की रणनीति काम कर रही है। कोर सेक्टर में धीरे-धीरे सुधार से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही की आय बेहतर रहेगी। ऐसा माना जा रहा है कि अल्पावधि से मध्यम अवधि में विदेशी फंडों की बिकवाली कम हुई है, जिससे सेंटीमेंट में सुधार हुआ है। हमें उम्मीद है कि आने वाले सप्ताह में भी निचले स्तर पर खरीदारी की रणनीति जारी रहेगी। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट प्रवेश गौड़ ने कहा कि निफ्टी ने सभी रुकावटों को पार कर लिया है। गिरावट पर 24,500, 24,300 और 24,125 एक अहम सपोर्ट जोन है।

## भारत से निर्यात में अमेरिकी हिस्सेदारी 18 प्रतिशत रही



**बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में दी गई है जानकारी**

**लगातार बढ़ रहा है भारत का अमेरिका को निर्यात**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 में 18 प्रतिशत रही है और इसमें लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है, यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 24 में इसकी वैल्यू 77.5 अरब डॉलर थी। बीते 30 वर्षों से भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात में 10.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से इजाफा हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2000 तक अमेरिका को होने वाले निर्यात की वृद्धि दर कुल एक्सपोर्ट की विकास दर से अधिक थी, लेकिन 2008 के वित्तीय संकट के बाद वित्त वर्ष 10 तक यह धीमी रही। तब से अमेरिका को होने वाले निर्यात की वृद्धि दर कुल एक्सपोर्ट विकास दर से अधिक रही है, यह दिखाता है कि भारत के लिए अमेरिका एक अहम बाजार है।

### नया मशीन लर्निंग आधारित स्क्रीनिंग पद्धति ज्यादा कारगर

## ब्रेस्ट कैंसर का जल्दी पता लगाने में 98 प्रतिशत प्रभावी: अध्ययन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** ब्रेस्ट कैंसर के शुरूआती लक्षणों का पता लगाने में मशीन लर्निंग आधारित स्क्रीनिंग पद्धति कारगर साबित हो सकती है। एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ है।



एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकताओं द्वारा विकसित की गई यह तेज, गैर-आक्रामक तकनीक लेजर विश्लेषण को मशीन लर्निंग के साथ जोड़ती है। यह ब्रेस्ट कैंसर के शुरूआती चरण में मरीजों की पहचान करने वाली अपनी तरह की पहली तकनीक है। शोधकताओं ने कहा कि यह तकनीक कई प्रकार के कैंसर के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का रास्ता खोल सकती है। यह तकनीक बीमारी के शुरूआती चरण (जिसे चरण 1ए कहा जाता है) के दौरान रक्त प्रवाह में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का पता लगा सकती है, जो मौजूदा परीक्षणों से पता नहीं चल पाते हैं। फिजिकल एग्जामिनेशन, एक्स-रे या अल्ट्रासाउंड स्कैन, या ब्रेस्ट टिश्यू के नमूने का विश्लेषण (जिसे बायोप्सी के रूप में जाना जाता है) ब्रेस्ट कैंसर के लिए वर्तमान में उपलब्ध मानक परीक्षण (स्टैंडर्ड टेस्ट) हैं। ये लोगों की आयु के आधार पर या उनके जोखिम वाले समूहों में होने के आधार पर उनकी जांच करते हैं। जर्नल ऑफ बायो फोटोनिक्स में प्रकाशित मूल अध्ययन में ब्रेस्ट कैंसर मरीजों और 12 स्वस्थ नियंत्रण समूहों के 12 नमूने शामिल थे। अध्ययन में टीम ने रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी नामक लेजर विश्लेषण तकनीक को अनुकूलित किया तथा उसे मशीन लर्निंग के साथ जोड़ा।

# परेशानी : दो पंचायतों को जोड़ने वाली सड़क जर्जर, विधायक से है उम्मीद



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बेलाबर-नावाडीह गांव की मुख्य सड़क मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो गयी है। सड़क में नुकीले पत्थर और जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। जिस कारण ग्रामीणों, राहगीरों और स्कुली बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। यह सड़क मुकुन्दपुर और केतार पंचायत को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क है। उक्त सड़क की एक ओर नावाडीह गांव तो दुसरी ओर बेलाबार गांव की बड़ी आबादी है। उक्त सड़क दोनों गांवों को आपस में जोड़ती है। वावजूद मरम्मतिकरण कार्य पिछले 10 वर्षों से उपेक्षित है। इस कारण सड़क काफी जर्जर हो गयी है। सड़क की लम्बाई लगभग 2.5 किलोमीटर है। ग्रामीणों का कहना है की सड़क जर्जर होने से आवागमन में परेशानी होती है। खासकर बरसात के दिनों में इस सड़क से होकर गुजरने में गिरने कि संभावना बनी रहतीं हैं। दो पहिया वाहन चालकों को गिरकर चोटिल होना नियति बन गई है, ग्रामीणों को पैदल चलना मुश्किल भी हो जाता है। जबकि इस सड़क के दोनों ओर मुख्य बस्ती और कृषि भूमि रहने , मुकुन्दपुर और केतार पंचायत की सीमा होने के कारण ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। इस बदहाल सड़क का मरम्मतिकरण कराने की मांग दोनों गांवों के ग्रामीणों ने निवर्तमान विधायक भानू प्रताप शाही से कई बार किया था लेकिन उक्त सड़क की मरम्मत कार्य नहीं हो सका। इसका खामियाजा बेलाबर - नावाडीह गांव के ग्रामीणों के साथ - साथ मायर और मुकुन्दपुर गांव के ग्रामीणों को भी भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों की अब आखिरी उम्मीद नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव से है। उन्हें उम्मीद है की नये विधायक इस गांव की जर्जर व बदहाल सड़क का निर्माण जरूर करायेंगे।

### राजनितिक उपेक्षा के कारण नहीं बनी सड़क : हकीमुद्दीन अंसारी



बेलाबार गांव निवासी हकीमुद्दीन अंसारी ने कहा की इस सड़क का मरम्मतिकरण पिछले दस वर्षों से नहीं होने के कारण जर्जर हो गयी है। यह सड़क उपेक्षित राजनीतिक के कारण नहीं बना। नवनिर्वाचित विधायक से उम्मीदें है की वो इस सड़क का मरम्मत कार्य करायेंगे।

### सड़क पर नुकीले पत्थर से परेशानी : मुजाहिदीन अंसारी



नावाडीह गांव निवासी मुजाहिदीन अंसारी ने कहा की उक्त सड़क काफी जर्जर हो गई है। सड़क में सिर्फ नुकिले पत्थर और गढ्ढा है। ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी होती है। सड़क का मरम्मत होने से ग्रामीणों को सहुलियत होती।

### सड़क की मरम्मत से आवागमन होता सुलभ : साकिर अंसारी



नावाडीह गांव निवासी साकिर अंसारी ने कहा की सड़क का निर्माण होने से दोनों गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो जाता। फिलहाल सड़क काफी जर्जर है। इसका मरम्मत कार्य जनप्रतिनिधि को अविलंब कराना चाहिए।

### राजनीतिक का शिकार हुई है सड़क : अजीमा खातून



मुकुन्दपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अजिमा खातून ने कहा की यह सड़क राजनीतिक का शिकार हुआ है। पुर्व विधायक ने सड़क बनाने का प्रयास नहीं किया। नवनिर्वाचित विधायक से मिलकर मुख्य पथ से विद्यालय होते हुए पंडा नदी तक सड़क निर्माण कराने का आग्रह करूंगी।

## एक नजर

### ईट भट्टे से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

**लातेहार।** विभागीय एवं श्रम अधीक्षक लातेहार के द्वारा शनिवार को चंदवा प्रखंड के कई ईट भट्टे में बाल श्रमिक अधिनियम 1986 के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिगन साव, चीरो, चंदवा के ईट भट्टा से 3 बालिका बाल श्रमिक विमुक्त कराया गया। उक्त नियोजक के विरूद्ध मुकदमा दायर करने की कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सत्येंद्र कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चंदवा , श्रम कार्यालय के विजय सिंह ,बाल कल्याण समिति लातेहार के सविता देवी, वेदिक सोसायटी के प्रेम प्रकाश एवं चंदवा थाना पुलिस टीम मौजूद थे।

### संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद

**छतरपुर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के देवगन पंचायत अंतर्गत देवताही ग्राम में बीती रात संदेहास्पद में युवक का शव बरामद किया गया। मिली सूचना अनुसार देवताही निवासी प्रमोद यादव उम्र करीब 35 वर्ष पिता मंगल यादव शनिवार की रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। वहीं बगल के कमरे में उनकी पत्नी दो बच्चों के साथ सो गई। रात करीब 1 बजे पत्नी बच्चों को पानी पिलाने उठी तो देखा कि प्रमोद यादव का कमरा बिखरा पड़ा है और प्रमोद यादव बिछावन पर पड़े हैं। जिसे उठाने की कोशिश की लेकिन नहीं उठ पाया। शोर मचाने पर प्रमोद यादव के पिता और परिजन कमरे में आए और देखा कि प्रमोद यादव का शव बिछावन पर पड़ा है। जिसकी जानकारी सुबह छतरपुर थाने को दी गई। छतरपुर थाना द्वारा शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु मेदनीनगर भेज दिया गया।

### पेयजल आपूर्ति की 80 प्रतिशत योजना कागज पर!

# वाटर कंजर्वेशन पर गंभीर है सरकार : राधाकृष्ण किशोर



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** झारखंड का पलामू प्रमंडल गर्मी के मौसम में भीषण पेयजल की संकट से जूझता है। साथ ही प्रत्येक दूसरे वर्ष यह इलाका अकाल या सुखाड़ का सामना करता है। फरवरी के महीने से ही पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर का अधिकांश इलाके में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। करीब एक दशक बाद पलामू को झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिली है। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू के छतरपुर से विधायक हैं। पेयजल समस्या, अकाल और सुखाड़ को लेकर वे कई मौकों पर आवाज उठाते रहे है।

मीडिया से बातचीत में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कई बातें कही हैं। राधाकृष्ण किशोर का कहना है कि पेयजल एवं आपूर्ति विभाग की 80 प्रतिशत योजनाएं फंक्शनल नहीं है। विभाग की योजनाएं हकीकत में कुछ और कागज पर कुछ नजर आती हैं। मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना है कि पलामू के इलाके को 1200 मिलीमीटर बारिश की जरूरत है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होती है। 700 से 800 मिलीमीटर बारिश में भी यह इलाका अकाल और सुखाड़ से जूझने लगता है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान में 400 से 500 मिलीमीटर बारिश होती है। लेकिन राजस्थान में कम बारिश होने के बावजूद वहां की सरकार ने अपने प्रोडक्ट को आगे बढ़ाया है। झारखंड में बारिश का पानी नहीं बच पाता है। 80 प्रतिशत बारिश का पानी बह जाता है। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार वाटर कंजर्वेशन को लेकर गंभीर है। मेदिनीनगर और छतरपुर के इलाके में पेयजल आपूर्ति को लेकर में विभागीय सचिव से बात करेंगे एवं पानी की समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि विधायक मद से पेयजल आपूर्ति योजना को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मेंटेनेंस नहीं करता है। उन्होंने कहा कि मामले को कैबिनेट में उठाया है और कहा है कि विधायक मद या निजी क्षेत्र की कंपनियां के द्वारा पेयजल आपूर्ति योजनाओं को सरकार एडॉप्ट करें, ताकि समय के साथ पेयजल आपूर्ति योजनाओं को मेंटेनेंस किया जा सके।

# खरौंधी प्रखंड के स्कूलों में आज से अर्द्धवार्षिक परीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के सरकारी स्कूलों में झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) के निदेर्शानुसार अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में कक्षा 1 और 2 के छात्रों के लिए मौखिक परीक्षा होगी, जबकि कक्षा 3 से 7 तक के छात्रों के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्न आधारित लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।परीक्षा के प्रश्नपत्र परीक्षा के एक दिन पूर्व जे गुरुजी ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक होगी। पालियों के बीच मध्याह्न भोजन (एमडीएम) का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### रिजल्ट 24 दिसंबर तक घोषित करने के निर्देश

परीक्षा के बाद कॉपियों की जांच 19 से 21 दिसंबर के बीच की जाएगी। इसके उपरांत 24 दिसंबर तक परिणाम विद्यालय स्तर पर घोषित करना अनिवार्य होगा। साथ ही, सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे 30 दिसंबर तक सभी आंकड़े ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड करें।इस प्रक्रिया की जानकारी खरौंधी के बीपीएम नवीन प्रकाश ने दी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की अर्धवार्षिक शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना है।

## हैदरनगर के परता पंचायत में न्याय मित्र रजी ने दिया योगदान



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** जिला विधिक सेवा के तहत हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में न्याय मित्र (पीएलभी) की पदस्थापना की गई है। झालसा के जारी पत्र के अनुसार हैदरनगर प्रखंड के परता में न्याय मित्र रजी अहमद ने रविवार को योगदान भी दे दिया है। मौके पर उपस्थित मुखिया कमल कुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने न्याय मित्र के कार्य व उदेश्यों पर चर्चा के बाद कहा कि न्याय मित्र संबधित पंचायत में लोगों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी देने व जरुरतमंदों तक योजनाओं को लाभ धरातल पर लाने का काम करेंगे। इसके अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे मोटे विवादों के के निपटारा के लिये कानूनी जानकारी भी लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। जबकि इस प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत में रामचंद्र चौधरी, नंदलाल मेहता चौकड़ी, शैलेन्द्र कुमार बभंडी, रविन्द्र कुमार संड़ेया, सुरभि कुमारी बिलासपुर व पवन कुमार को कुकही पंचायत के लिये न्याय मित्र के रुप में नियुक्त किया गया है। वहीं हुसैनाबाद प्रखंड के बेल बिगहा पंचायत में ऋतिक कुमार, निलेश कुमार रजक लोटनिया को कोसी पंचायत में न्याय मित्र के रुप में नियुक्त किया गया है।

## विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन, लोगों को दी गई कानूनी सलाह



नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** चिनिया प्रखंड कार्यालय परिसर में माननीय झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वाधान में विधिक जागरूकता सह शक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला जज अभिनव कुमार त्रिपाठी, वकील देवेंद्र प्रजापति, बीडीओ सुबोध कुमार, अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान जिला जज अभिनव त्रिपाठी ने नालसा क्या है झालसा क्या है डालसा क्या है के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। किसी भी घटना दुर्घटना में एमबी एक्ट के तहत सहायता राशि किस तरह सरकार की व्यवस्था है मिलेगी उसकी जानकारी दी गई। सुलह समझौते के आधार पर वाद विवाद का निपटारा करना इसका मूल्य उद्देश्य है वही आम अवाम के बीच संवैधानिक अधिकारो एवं कर्तव्यों के विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा डायन भूत प्रेत अधिनियम के तहत ग्रामीणों को बताया गया कि यह अंधविश्वास है। वहीं नाबालिक बालक एवं बालिकाओं की शादी करना कानूनी अपराध है इसकी भी जानकारी दी गई तथा लोगों को जागरूक होने की बात कहीं वहीं मौके पर जिला जज ने वृद्ध एवं असहायों के बीच 10 कंबल का वितरण किया। 11 लोगों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया तथा 5 लोगों को अबुआ आवास की स्वीकृति प्रमाण पत्र दी गई तथा एक व्यक्ति का मोटेशन किया गया तथा एक व्यक्ति का आश्रित प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर वकील देवेंद्र प्रजापति, पीएलबी गोपाल चौबे बीडीओ सुबोध कुमार, अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रोशन कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार तथा अंचल एवं प्रखंड के सभी कर्मी व सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

# गढ़वा में धान की खरीदारी शुरू, 52 केंद्रों पर दो लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य






नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार 15 दिसंबर से झारखंड सरकार के द्वारा धान के क्रय की शुरूआत कर दी गयी है। गढ़वा जिला के कुल 52 जगहों पर धान अधिप्राप्ति केंद्र रविवार से चालू हो हो गया है, जहां तैयारी पूरी कर ली गई है। झारखंड सरकार द्वारा इस बार दो लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। जिसके बाद गढ़वा में किसानों के चेहरे पर रविवार से ही मुस्कान दोगुनी होने लगी है। क्योंकि सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने जिले के कुल 52 जगहों पर क्रय केंद्र खोल रही है। जिला आपूर्ति विभाग से लेकर पैक्स और क्रय केंद्र तक हलचल देखी जा रही है। इस दौरान गढ़वा के ग्रामीण इलाके की कल्याणपुर पैक्स पर रविवार से ही धान का खरीदारी किया जाने लगा है। जिसको लेकर खरीदारी केंद्र पर साफ सफाई तेज हो गई है। इस दौरान पैक्स की देखरेख कर रहे किसान फरियाद अंसारी ने बताया कि रविवार से क्रय केंद्र खोला जाना है, इसे लेकर साफ सफाई रंग रोगन किया जा रहा है। जिसके बाद कल्याणपुर पंचायत के किसान यहीं अपना धान बेचेंगे। वहीं धान की खरीदारी को लेकर गढ़वा जिला के डीडीसी ने कहा की 15 दिसंबर से धान खरीदारी किया जाने लगा है। सभी जगहों पर तैयारी पूरी हो चुकी है। जिले के 52 जगहों पर किसानों के धान की खरीदारी किए जा रहे हैं। इस बार जिले में धान की खरीदारी 2300 रुपए प्रति क्विंटल और बोनस 100 रुपए के हिसाब से धान खरीदा जा रहा है। यानी की कुल मिलाकर 2400 रुपय प्रति क्विंटल के दर से धान खरीदा जा रहा है। डीडीसी ने कहा कि इस बार जिले में दो लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है।

### हुसैनाबाद में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ, पहले दिन 70 क्विंटल धान की हुई खरीद



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हुआ। विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया। इसके साथ ही हुसैनाबाद के व्यापार मंडल धन अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों के फसल की खरीद शुरू हो गई है। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि हुसैनाबाद में धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से यहां के किसान लाभांवित होंगे। कहा कि की लक्ष्य में हर संभव वृद्धि कराई जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को विकास कार्य के प्रति सजग रहने की हिदायत दी है। हुसैनाबाद के पदाधिकारी व कर्मचारी अपने काम के प्रति सजग रहें। जनता के कार्य में लापरवाही कभी बर्दास्त नही की जाएगी। जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में दो धान अधिप्राप्ति केंद्र पर 14 हजार क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित है। हम सभी मिलजुल कर क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खीचेंगे। उन्होंने धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब किसानों को औने पौने दामों में धान बेचने की जरूरत नहीं है।

# राज्य सरकार के मंत्रियों से मिले कांग्रेसी नेता

### हुसैनाबाद आने के लिए किया आमंत्रित



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी व पलामू जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद ने झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे से बनाए गए मंत्रियों को रांची स्थित उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें बुके देकर उन्हें बधाई दी। नेताओं ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा इरफान अंसारी, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह व वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से उनके रांची स्थित आवास पर मिले। नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ने महिला चिकित्सक पदस्थापित करने समेत सुविधाएं बेहतर करने की मांग की। उन्होंने पलामू जिला के नवसृजित हैदरनगर मोहम्मदगंज व पिपरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति देने के साथ साथ तीनों प्रखंड में स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से पलामू जिला के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायत की। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना में मुखिया पंचायत सेवक व बीडीओ की मिली भगत से पैसे का खेल चल रहा है। उन्होंने गुप्त रूप से लाभुको से जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं नेताओं ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मिलकर पलामू के विभिन्न विभागों पर नजर रखने व भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने की मांग की। नेताओं ने तीनों मंत्रियों को हुसैनाबाद आने का निमंत्रण भी दिया। नेताओं ने कहा कि हुसैनाबाद कांग्रेस का गढ़ रहा है।कांग्रेस के मंत्री हुसैनाबाद आएंगे तो कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा गठित होने वाली बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति व निगरानी समिति में कांग्रेसी कार्यकताओं को पद देने की भी मांग की। नेताओं ने कहा कि तीनों मंत्रियों ने हर संभव प्रयास करने का आश्वाशन दिया है।

## न्यूज बॉक्स

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के प्रति जागरूकता अभियान



**पलामू।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में दिनांक 18 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँवों, रेलवे स्टेशन, बैंक, बाजार, और साप्ताहिक बाजारों में जाकर लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया जा रहा है। अभियान के दौरान लोगों को कार्यक्रम की तिथि, समय, और स्थान की जानकारी प्रदान की जा रही है, साथ ही उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। थाना प्रभारी मोहम्मदगंज ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लें और अपनी शिकायतों का समाधान प्राप्त करें। इस पहल के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाते हुए एक सकारात्मक वातावरण स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### धान क्रय केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**बालूमाथ।** प्रखंड परिसर स्थित लैंप्स कार्यालय में रविवार को क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम ने धान क्रय केंद्र का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को धान का उचित मूल्य प्राप्त होगा। जिससे किसान समृद्धि हो सकते हैं। इधर लैंपस सचिव अशोक कुमार ने बतलाया कि किसान प्रति किलो 24 की दर से धान बेच विधिवत बैंक के खाते में पैसा प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर विधायक के अलावे उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, डीएओ, बीडीओ सोमा उरांव, लैंपस अध्यक्ष जीतू उरांव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, अर्जुन साव, शैलेश सिंह, विजय यादव, शिव कुमार राम, मनोहर साव, गजेंद्र चौबे, मो अजमल हुसैन, इंद्रदेव ठाकुर सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### मनरेगा की संचालित योजनाओं में कार्य स्थल पर बोर्ड लगाया जाए : सुरेंद्र पासवान



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित लैम्पस भवन में धान क्रय केन्द्र के उद्घाटन के पश्चात स्थानीय कांग्रेसी नेता व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह से वार्ता करते हुए पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप लोगो को रोजगार मिल सके इसके लिए शेड निर्माण कराने की दिशा में पहल करने की बात कही। वही आगे उन्होंने डीडीसी से मनिका प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रो में संचालित मनरेगा की योजनाओ में योजना स्थल पर बोर्ड लगवाने की मांग करते हुए कहा की योजना स्थल पर बोर्ड लगाने से लोगो को योजनाओ के संबंध मे जानकारी मिलेगी वही भ्रष्टाचार पर भी नकेल कसा जा सकता है। डीडीसी ने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष की बातो का समर्थन करते हुए मौजूद बीडीओ संदीप कुमार से सभी संचालित योजनाओ में योजना स्थल पर बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। कहा की जिन योजनाओ में कार्य स्थल पर बोर्ड नही लगाया हो उनपर एक हजार जुर्माना के साथ साथ अन्य कारवाई सुनिश्चित की जायेगी। डीडीसी ने कार्य स्थल पर हर हाल में योजना का बोर्ड लगाने का निर्देश बीडीओ को दिया।

## पेज एक के शेष

### जमीन कारोबारी की...

जैसे ही मधुसूदन सुनसान सड़क से गुजरे, उन्हें गोली मार दी गई। डीएसपी अमर पांडेय ने बताया कि जांच जारी है। हत्या की घटना की हर एंगल से गहन पड़ताल की जा रही है।

### तबला वादक जाकिर...

दुनिया खामोश हो गई है, क्योंकि तबला अपने उस्ताद को खो चुका है। उस्ताद जाकिर हुसैन, एक लयबद्ध प्रतिभा जिसने भारत की आत्मा को वैश्विक मंचों पर पहुंचाया, हमें छोड़कर चले गए। मैं उन्हें एचएमवी के साथ उनके संबंध के माध्यम से जानने और अपने घर पर उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन को देखने का सौभाग्य प्राप्त कर चुका हूं, उनकी धुनें हमेशा गूंजती रहेंगी। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने लिखा, उस्ताद जाकिर हुसैन की तबला वादन की असाधारण महारत ने संगीत की दुनिया में एक कालातीत विरासत बनाई है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, जिनके जीवन को उन्होंने अपनी कला से छुआ। उनकी लय हमेशा हमारे दिलों में गूंजती रहेगी। गुजरात के पर्यटन मंत्री मुलुभाई बेरा ने लिखा, स्वर्ग की लय अभी थोड़ी और जीवंत हो गई है। अलविदा, जाकिर हुसैन। आपका संगीत मानवता के लिए एक आशीर्वाद बना रहेगा।

### ब्रह्मपुत्र मेटेलिक प्लांट...

इस दौरान मृत व्यक्ति के आश्रितों को 15 लाख रुपये की मुआवजा राशि दी गई। साथ ही, परिवार के भरण पोषण के लिए मृत व्यक्ति की पत्नी को नौकरी देने, दोनों छोटे बच्चों की पढ़ाई में मदद करने का आश्वासन प्रबंधन की ओर से दिया गया। सहमति बनने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### जस्टिस शेखर यादव...

संसद में कई दर्जन सांसदों ने जस्टिस यादव के इस कथन के विरुद्ध हस्ताक्षर करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वकील और कैंपेन फॉर ज्युडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के संयोजक प्रशांत भूषण ने विगत मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने सीजेआई से इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के आचरण की इन-हाउस जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि जज ने न्यायिक नैतिकता और निष्पक्षता और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया। इस मामले में सीपीआई (एम) नेता वृंदा करात ने भी सीजेआई को चिट्ठी लिखकर जस्टिस यादव के भाषण को उनकी शपथ का उल्लंघन बताया। उन्होंने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से कार्रवाई की मांग की। बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने हाई कोर्ट के न्यायाधीश के बयान की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज से अपने बयान वापस लेने और माफी मांगने के लिए कहा। इसके साथ ही भारत के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के सहयोगी जजों से इस मुद्दे पर सशक्त तरीके से निपटने की अपील की है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ग्वालियर में किया देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

# डायनासोर का अंडा भी है ज्ञानवर्धक संग्रहालय में

एजेंसी

**ग्वालियर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का उद्घाटन पट्टिका का अनावरण कर एवं म्यूजियम के प्रवेश द्वार पर फीता काटकर किया। उन्होंने ग्वालियर वासियों को इस अनूठी सौगात की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अतिथियों के साथ म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों में दर्शाए गए भू-विज्ञान से संबंधित चित्रों, कलाकृतियों एवं जानकारियों को देखा एवं म्यूजियम की सराहना की। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्याधुनिक एवं अद्भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति व मानव सभ्यता का विकास व ब्रह्मांड से जुड़ीं अनूठी जानकारियां समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अंडा सहित कीमती वस्तुएं पर्यटकों को देखने के लिए उपलब्ध हैं। यह म्यूजियम भू-विज्ञान से संबंधित बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिज्ञासाओं का समाधान उपलब्ध है। साथ ही, वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह संग्रहालय ज्ञानवर्धक है। पृथ्वी विज्ञान से संबंधित दुर्लभ भू-वैज्ञानिक नमूनों को मल्टीमीडिया डिस्प्ले के जरिए म्यूजियम में दिखाया गया है। म्यूजियम के उद्घाटन के बाद उप राष्ट्रपति धनखड़ ने महाराज बाड़ा पर स्थित वास्तु शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में खड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ यादव, केंद्रीय मंत्री सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने उप राष्ट्रपति को महाराज बाड़ा की इमारतों के शिल्प एवं शैलियों से अवगत कराया।

ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्याधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आदि मौजूद थे।



पृथ्वी एवं मानव की उत्पत्ति की अनूठी जानकारियां हैं उपलब्ध

### एक गैलरी में पृथ्वी और दूसरी में मानव सभ्यता के विकास प्रदर्शित हैं

जियो साइंस म्यूजियम में दो गैलरियों के माध्यम से भू-विज्ञान के बारे में लाइट इफेक्ट के साथ आकर्षक ढंग से जानकारी संजोई गई है। एक गैलरी में पृथ्वी के विकास को दर्शाया गया है, जिसमें उल्लेख है कि पृथ्वी अपने मूल स्वरूप में किस प्रकार आई और कौन-कौन सी चीजों से मिलकर पृथ्वी बनी है। वर्तमान में जो पृथ्वी है, असल में वह कैसी दिखती है। जियो साइंस म्यूजियम की दूसरी गैलरी में मानव जाति और मानव सभ्यता के विकास को बड़े बखूबी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें यह भी दर्शाया गया है कि धरती पर डायनासोर की उत्पत्ति व विलुप्ति हुई। साथ ही, मानव की उत्पत्ति कैसे हुई और कैसे उसका जीवनक्रम आगे बढ़ा। मानव सभ्यता की जीवन शैली में आए बदलाव का यह वर्णन भी दर्शनीय है।

### द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा नहीं काटा था : रवि



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्रोणाचार्य और एकलव्य पर दिए बयान के बाद विवादों में आ गए हैं। इस बयान पर भाजपा सांसद रवि किशन ने रविवार को प्रतिक्रिया दी। द्रोणाचार्य और एकलव्य पर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा, पहली बात तो यह कि एकलव्य का अंगूठा द्रोणाचार्य ने नहीं काटा था, उसने स्वेच्छा से गुरु दक्षिणा के तौर पर दिया था। दूसरी बात, राहुल गांधी 6-8 साल के बच्चे को युवा बता रहे हैं। और फिर वह दावा करते हैं कि तपस्या से शरीर में गर्मी पैदा होती है। राहुल गांधी के बयान पर हम लोग तो बाल पकड़कर नाचने लगे थे।

### मिखाइल कवेलाश्विली होंगे जॉर्जिया के नए प्रेसिडेंट



**त्बिलिसी।** सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी के उम्मीदवार मिखाइल कवेलाश्विली को जॉर्जिया का राष्ट्रपति चुना गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने घोषणा की। आयोग के अनुसार, कवेलाश्विली को निर्वाचक मंडल के 300 सदस्यों में से 224 वोट मिले। निर्वाचित होने के लिए, किसी उम्मीदवार को कम से कम 200 वोट मिलने जरूरी है। जॉर्जिया में शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव हुआ। देश के इतिहास में यह पहली बार है जब राष्ट्रपति का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से नहीं किया जा रहा है।

### फैशन कंपनी मैंगो के संस्थापक इसाक एंडिक की दुर्घटना में मौत

**बार्सिलोना।** स्पेन की दिग्गज फैशन कंपनी मैंगो के संस्थापक इसाक एंडिक की दुर्घटना में मौत हो गई। कंपनी की तरफ शनिवार को इसकी घोषणा की। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैंगो संस्थापक के निधन पर शोक व्यक्त किया। 71 वर्षीय एंडिक, बार्सिलोना के पास कोलबैटो गुफा इलाके में पैदल यात्रा के दौरान फिसल कर गहरी खाई में गिर गए। मैंगो के सीईओ टोनी रुइज ने एक बयान में कहा- एंडिक के निधन से बहुत बड़ा शून्य पैदा हो गया है। उन्होंने अपना जीवन मैंगो को समर्पित कर दिया।

### नेपाल-भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तरीय वार्ता 9-10 जनवरी को काठमांडू में

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल और भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की वार्षिक बैठक काठमांडू में होने जा रही है। नेपाल-भारत व्यापार और परिवहन अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) के नाम से होने वाली यह वार्षिक बैठक 9 और 10 जनवरी को होना तय हुआ है। नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की आईजीसी बैठक पिछली बार दिल्ली में होने के कारण इस बार काठमांडू में होना तय हुआ है। इस समय वाणिज्य मंत्रालय भारत के साथ वार्ता के लिए एजेंडा का मसौदा तैयार कर रहा है। मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, संबंधित सभी पक्षों से चर्चा के बाद मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में दोनों देशों के बीच वार्ता के एजेंडे के शुरुआती मसौदे का आदान-प्रदान किया जाएगा।

### डॉ. हेडगेवार प्रज्ञा सम्मान से सम्मानित हुए डॉ द्विवेदी

**कोलकाता।** भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और साहित्यिक समृद्धि को समर्पित डॉ हेडगेवार प्रज्ञा सम्मान 2024 कार्यक्रम कोलकाता में संपन्न हुआ। इस वर्ष का यह प्रतिष्ठित सम्मान मशहूर वक्ता और फिल्म जगत के प्रसिद्ध व्यक्तित्व डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी को प्रदान किया गया। चाणक्य का किरदार निभाकर दुनियाभर में चर्चित हुए डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने यह सम्मान दिया।

## हिंदी सेवा निधि के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए लोस अध्यक्ष

# हिंदी भाषा भारत की आत्मा और पहचान : ओम बिरला



एजेंसी

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में हिंदी सेवा निधि के 32वें वार्षिक अधिवेशन एवं हिंदी सेवा सम्मान समारोह का कार्यक्रम इस्लामिया इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पहुंचे। अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश या दुनिया के अंदर भाषा देश की पहचान होती है और हिंदी भाषा भारत की आत्मा और पहचान है। आज भी दुनिया के अंदर हम जब शासन पद्धतियों को देखते हैं, उस समय भारत की एकता को रखने में भाषा का बड़ा महत्व है।

### कहा, भाषा देश की एकता का अहम कारक

संविधान निर्माण के दौरान भी इसके निर्माताओं ने माना कि भारत में भाषा एकता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा सब को जोड़ने का काम करती है, इसलिए इसे भारत की आत्मा माना जाता है। पहले कोर्ट में सिर्फ अंग्रेजी में काम होता था, लेकिन अब 22 भाषाओं में काम हो रहा है। हमने हिंदी के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को व्यक्त किया है। आजादी की लड़ाई लड़ने में भाषा का और साहित्यकारों का बहुत बड़ा योगदान था। बिरला ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का जमाना है, इससे भाषा का तुरंत आदान-प्रदान होता है। भारत में ऐसे लोग हुए, जिन्होंने हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने का काम किया। ये समारोह इसलिए किए जाते हैं कि आने वाली पीढ़ी अपनी भाषा पर गर्व करे, नहीं तो वह गुलामी की मानसिकता वाली भाषाओं पर गर्व करेगी।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी का प्रयोग करते हैं। भारतीय भाषा की विविधता बहुत बड़ी है। दुनिया में हिंदी भाषा सिखाने की लिए कई संस्थान काम कर रहे हैं। दुनिया के लोग हिंदी भाषा में रुचि रखते हैं। हमारे साहित्यकारों का हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने हिंदी को दुनिया में पहुंचने का काम किया है। आज डिजिटल युग में भी हिंदी का विस्तार हो रहा है।

कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल मौजूद रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत इटावा के सांसद और सदर विधायक ने किया। यह कार्यक्रम न्यायमूर्ति स्वर्गीय प्रेम शंकर गुप्त की याद में आयोजित किया जाता है।

## राजनीतिक दलों को यौन उत्पीड़न से जुड़े कानून के दायरे में लाया जाए

- सामाजिक कार्यकर्ता व कानून विशेषज्ञ कर रहे हैं मांग

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ताओं व कानून विशेषज्ञों ने मांग की है कि राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट (महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न से जुड़ा कानून) के दायरे में लाया जाए। उनका कहना है कि यह कानून लैंगिक समानता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है। उनकी ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब विगत सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका खारिज कर दी, जिसमें राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट के तहत महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग से संपर्क करना चाहिए, जिससे यह कानून राजनीतिक दलों पर लागू किया जा सके।

हेल्पिंग हैंड्स नाम के गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की निदेशक और वकील सोनाल मट्टू ने कहा, राजनीतिक दलों को कानून के तकनीकी पहलू के बजाय उसके भावनात्मक और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा, समस्या यह है कि वे कानून की सख्त परिभाषा को देख रहे हैं, न कि उसके मकसद को। यदि हम कानून के मकसद को समझें, तो हर राजनीतिक दल के पास एक अनुशासन समिति होती है, जो दल के सदस्यों के आचरण को देखती है। मट्टू ने यह भी कहा कि राजनीतिक दल इस तरह की समितियां बना सकते हैं, जो महिलाओं के साथ गलत व्यवहार को रोकने के लिए काम करें। हालांकि, एक प्रमुख वकील शिल्पी जैन ने राजनीतिक दलों की आंतरिक समीतियों की स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, अगर आंतरिक समिति किसी राजनीतिक दल द्वारा वित्त पोषित है, तो उसमें प्रभावी कार्रवाई करने की क्षमता नहीं होगी। ऐसी समितियों को स्वतंत्र होने की जरूरत है, जो दुर्भाग्य से हमारे राजनीतिक माहौल में मुश्किल है। जैन ने यह भी कहा कि इस तरह के मामलों में न्यायालय को ही फैसला लेना चाहिए, क्योंकि आंतरिक समितियों में पक्षपाती रवैया हो सकता है।

वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता और 'अनहद' एनजीओ की संस्थापक शबनम हाशमी ने इसे एक प्रगतिशील कदम बताते हुए कहा, राजनेताओं को उदाहरण पेश करने की जरूरत है। अगर वे लैंगिक समानता की अनदेखी करेंगे, तो समाज में गलत संदेश जाएगा। अगर राजनीतिक दल इस तरह के ढांचों को लागू करेंगे, तो यह धीरे-धीरे महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है, जैसा कि हमने पंचायतों में 33 फीसदी महिला आरक्षण के लागू होने के बाद देखा। 'पीपुल अगेंस्ट रेप इन इंडिया' की संस्थापक योगिता भयाना ने राजनीतिक दलों को इस कानून के दायरे से बाहर रखने पर विडंबना जताई। उन्होंने कहा, अगर किसी संस्थान में पॉश एक्ट लागू करना है, तो राजनीतिक दलों को क्यों बाहर रखा गया है? संसद ने खुद यह कानून बनाया है, लेकिन इसे लागू नहीं कर पा रहे हैं। यह उनकी अनिच्छा को दिखाता है। वे अपने भीतर ही उत्पीड़न के मुद्दे को संबोधित करने से डरते हैं।

## बाइडेन प्रशासन पर उठ रहे सवाल

# अमेरिकी आकाश में 'रहस्यमयी' ड्रोन!

एजेसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में 'रहस्यमयी' ड्रोन का मुद्दा गर्माता जा रहा है। इस मामले में राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन के नजरिए से कई जनप्रतिनिधी न सिर्फ नाखुश हैं, बल्कि गंभीर सवाल भी खड़े कर रहे हैं। वे इस मुद्दे पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के प्रवक्ता ने शनिवार रात को रिपोर्ट की पुष्टि की कि न्यू जर्सी में दो सैन्य प्रतिष्ठानों के ऊपर ड्रोन देखे गए। हालांकि उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि यह गतिविधि क्या है। हमें नहीं जानते... कि यह आपराधिक है या नहीं। लेकिन मैं आपको बता दूं कि यह गैरजिम्मेदाराना है। पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में एक महीने से भी ज्यादा समय से ड्रोन का 'आतंक' मचा हुआ है। आसमान में उड़ते ये ड्रोन न सिर्फ जासूसी कर सकते हैं, बल्कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए भी इसका इस्तेमाल हो सकता है। व्यापक जासूसी क्षमताओं वाली सरकार, जो दूर-दराज के स्थानों पर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच होने वाली बातचीत को भी जानने का दावा करती है, वह अपनी राजधानी से 325 किलोमीटर दूर के क्षेत्र में ड्रोन के रहस्य को नहीं सुलझा पा रही है।नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया, पूरे देश में रहस्यमयी ड्रोन देखे गए। क्या यह वास्तव में हमारी सरकार की जानकारी के बिना हो सकता है। मुझे ऐसा नहीं लगता! जनता को बताइए, और अभी। नहीं तो उन्हें मार गिराइए!!! डेमोक्रेट न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने बाइडेन को लिखा कि उनके राज्य के 'निवासियों को इन मानवरहित विमान प्रणाली के देखे जाने के बारे में अधिक ठोस जानकारी मिलनी चाहिए।



- नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, जनता को बताइए, नहीं तो ड्रोन क मार गिराइए

# महाराष्ट्र में फडणवीस मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

### 39 मंत्रियों ने ली शपथ, भाजपा के 19, शिंदे के 11 और राकांपा के 9 विधायक बने मंत्री



एजेसी

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। रविवार को नागपुर में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 39 विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें 33 कैबिनेट और 6 राज्यमंत्री हैं। इस बार चार महिला विधायकों मंत्री बनने का अवसर मिला है, जबकि 20 नए चेहरे मंत्री समूह में शामिल किए गए हैं। मंत्रियों के विभागों का बंटवारा जल्द किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। महाराष्ट्र सरकार में देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में 20 नए चेहरों को शामिल किया गया है, इनमें भाजपा के नौ, शिंदे समूह के छह और राकांपा अजीत पवार गुट के पांच विधायक शामिल हैं। देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में भाजपा नेता स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे और भतीजे धनंजय मुंडे को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इसी तरह, भाजपा नेता स्वर्गीय पांडुरंग पुंडकर के बेटे आकाश पुंडकर को भी देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में जगह मिली है। फडणवीस के मंत्री समूह में अनुभवी मंत्रियों के रूप में चंद्रकांत पाटिल, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, गणेश नाईक, मंगलप्रताप लोढ़ा शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मालाबार हिल, मुंबई के विधायक मंगलप्रताप लोढ़ा ने संस्कृत भाषा में शपथ ली है।


उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में 5 दिसंबर को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देवेंद्र फडणवीस के साथ ही शिवसेना शिंदे समूह के एकनाथ शिंदे और राकांपा एपी के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ थी। आज भाजपा के 19 विधायकों ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली है। इस प्रकार मंत्रिमंडल में फडणवीस सहित 20 मंत्री पद भाजपा के हिस्से में आए हैं। शिवसेना शिंदे समूह को उपमुख्यमंत्री पद के सहित 12 मंत्री पद मिले हैं, जबकि राकांपा एपी को उपमुख्यमंत्री पद सहित कुल 10 मंत्री पद मिले हैं। पिछली बार मंत्री रहे कई विधायकों का पत्ता कट गया है।

## हिंदुत्व को गाली देने वाले लोगों को यह बात समझनी होगी

# जहां हिंदुत्व खत्म, वहां लोकतंत्र भी खत्म : रंजीत सावरकर

एजेसी

**मुंबई।** स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने रविवार को कहा कि हिंदुत्व को गाली देने वाले लोगों को यह बात समझनी होगी कि जहां कहीं भी हिंदुत्व खत्म हुआ है, वहां लोकतंत्र भी खत्म हो चुका है। हमारे बीच आज बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे अनेकों उदाहरण मौजूद हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस में हिंदुत्व नाम लेना ही पाप हो चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि महाविकास अघाड़ी के नेताओं के बीच भी हिंदुत्व नहीं बचा है। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर विशेष बल देना चाहूंगा कि हिंदुओं को हिंदू बनकर जीने का पूरा हक है। अगर आप किसी हिंदू से उसका हिंदुत्व छीनेंगे, तो उसका क्या परिणाम होता है, वो आप सभी लोग खुद ही देख चुके हैं।




> पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया कहा कि कांग्रेस में हिंदुत्व नाम लेना ही पाप हो चुका है

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग, जो लोकतंत्र का फायदा उठा रहे हैं, वही हिंदू समाज को खत्म करने की बात करते हैं। जो समाज लोकतंत्र में अपनी हिस्सेदारी निभाता है, उसे अपमानित किया जा रहा है और यह आगे चलकर देश के लिए खतरनाक हो सकता है। जब उनसे पूछा गया कि मौजूदा समय में जब सावरकर का नाम कांग्रेस और भाजपा दोनों के द्वारा लिया जाता है और यह कहा जा रहा है कि भारतीय राजनीति में सावरकर का योगदान अहम रहा है, तो आखिर अब तक सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया, तो इस पर रंजीत सावरकर ने कहा कि वे इस चीज में विश्वास नहीं रखते हैं। इस बीच, जब रंजीत सावरकर से पूछा गया कि आखिर राहुल गांधी क्यों बार-बार वीर सावरकर का नाम ले रहे हैं, तो इस पर उन्होंने आईएएनएस से कहा कहा कि वे मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए ऐसा करते हैं। सावरकर हिंदुत्व के प्रणेता हैं। बेशक उनका हिंदुत्व पूजा पद्धति पर आधारित नहीं है। राहुल चाहते हैं कि सावरकर को मनुवादी सिद्ध करें। उन्होंने कहा, गांधीजी ने जातिवाद और वर्ण व्यवस्था का समर्थन किया था, जबकि अंबेडकर ने इसे अमानवीय और अन्यायपूर्ण बताया। गांधी का मानना था कि हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार तो है, लेकिन उसे अपने जाति के अनुसार ही काम करना चाहिए।

रंजीत ने कहा, सावरकर पर आरोप लगाया जाता है कि वे ब्रिटिशों से समझौता करने वाले थे। लेकिन, सावरकर को 27 साल तक जेल में रखा गया था। अगर वे समझौता करने वाले होते, तो ऐसा होता।

### फ्रांसीसी क्षेत्र मायोट में तूफान का कहर, 14 लोगों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के हिंद महासागरीय क्षेत्र मायोट में आए 'चिडो' तूफान से 14 लोगों की मौत हो गई। 220 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के कारण पेटीट-टेरे द्वीप पर सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अधिकारियों ने द्वीप पर रेड अलर्ट जारी किया। फ्रांस ने राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए 140 नागरिक सुरक्षा सैनिकों और अग्निशमन कर्मियों सहित अतिरिक्त बल भेजा है। इनके रविवार को मायोट पहुंचने की उम्मीद है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस मायोट के लोगों के लिए 'वहां मौजूद रहेगा।' फ्रांसीसी अधिकारियों ने कहा कि 250 अग्निशमन कर्मी और सुरक्षाकर्मी द्वीपों पर भेजे जाएंगे, जिनमें से कुछ पहले ही पहुंच चुके हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने फ्रांसीसी मीडिया बीएफएम टीडब्ल्यू के हवाले से बताया कि अंतर-मंत्रालयी संकट बैठक के बाद, फ्रांस के आंतरिक मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने मीडिया को बताया, 'स्थिति खतरनाक और असाधारण है।' हालांकि, उन्होंने फिलहाल किसी निश्चित मानवीय क्षति का खुलासा नहीं किया।